सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-52 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 08 अगस्त 2025
13 सफर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# यूपी कैबिनेट : अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृत्ति योजना को मिली मंजूरी

■ बैठक में 19 प्रस्तावों पर लगी मुहर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर छात्रवृत्ति योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। लोकभवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी-चिवनिंग उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। चिवनिंग ब्रिटिश की एक प्रशासनिक इकाई है, जिसके साथ उत्तर प्रदेश सरकार का करार हुआ है। कैबिनेट की बैठक में कुल 19 प्रस्ताव लाए गए और सभी प्रस्तावों पर मुहर लग गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत मुजफ्फरनगर में वेदान्ता विश्वविद्यालय, की स्थापना के प्रस्ताव के लिये प्रायोजक संस्था को आशय-पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध प्रस्ताव को मंजुरी प्रदान की गई। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत केडी विश्वविद्यालय, मथुरा की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित किया गया जबकि उत्तर प्रदेश में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश की स्थापना के सम्बन्ध में आये प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में शामिल अन्य विभागों के प्रस्ताव प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध अधिनियम (यथा संशोधित), 2004 में संशोधन शामिल है। इसके अलावा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीनीडा) में भूमि अर्जन एवं परिसम्पत्तियों के आवंटन पर प्रतिवेदन उत्तर प्रदेश सरकार वर्ष 2023 का प्रतिवेदन संख्या-4 को विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व मा. राज्यपाल की अनुमति/अनुज्ञा प्राप्त संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

छठा राज्य वित्त आयोग (पंचायती राज और स्थानीय निकाय), उत्तर प्रदेश की अन्तरिम रिपोर्ट (वर्ष 2025-26 व 2026-27 के लिये) व राज्य सरकार की कार्यवाही ज्ञापन (एटीआर) को विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रस्ताव लाया गया। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार, मरम्मत, पुनर्निर्माण, निर्माण एवं अवस्थापना सुविधाओं हेतु सहयोगी अनुदान योजना के सम्बन्ध में गाइड-लाइन्स विषयक शासनादेश दिनांक 12 जून, 2023 में कतिपय संशोधन के सम्बन्ध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। आकाश चिन्ह और विज्ञापन की अनुज्ञा एवं नवीकरण अवधि के संबंध में उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा-305 (1) में संशोधन किये जाने के प्रस्ताव पर मा. मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु राज्य वित्त आयोग की धनराशि से आवश्यक धनराशि की व्यवस्था करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 1.5 क्यूसेक क्षमता के 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) लागत 56120.69 लाख के व्यय प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

### देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती समेत 10 मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय होंगे स्थापित

**लखनऊ।** सरकार ने शेष 10 मण्डलों अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विन्ध्याचल, मुरादाबाद और सहारनपुर में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इस निर्णय से स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थानों की निगरानी एवं समन्वयन की प्रक्रिया को गति मिलेगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने जानकारी दी कि प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में तीन पदों क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक की अस्थायी सृजन की अनुमति प्रदान की गई है।

## टैरिफ वॉर के बीच पीएम मोदी से मिलने आ रहे हैं रूस के राष्ट्रपति पुतिन

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। रूस दौरे पर गए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने ये जानकारी दी। हालांकि उन्होंने पुतिन की भारत यात्रा की तारीख नहीं बताई।

डोभाल ने कहा कि भारत और रूस के बीच दीर्घकालीन और विशेष रिश्ता है। हम इन रिश्तों को काफी महत्व देते हैं। हमारे बीच उच्चस्तरीय संबंध रहे हैं। दरअसल पुतिन का भारत दौरा ऐसे समय होगा, जब टैरिफ वॉर को लेकर अमेरिका और भारत के रिश्तों में तनाव का आलम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एकतरफा तरीके से भारत के ऊपर 50 फीसदी टैरिफ थोप दिए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी का ट्रंप के टैरिफ पर करारा जवाब

■ भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा



**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ऐसा बयान दिया जिसे वैश्विक मंच पर अमेरिका को एक मजबूत और परोक्ष संदेश के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। चाहे इसके लिए व्यक्तिगत रूप से मुझे कोई कीमत क्यों न चुकानी पड़े, मैं इसके लिए तैयार हूं।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है, जिससे भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय एमएस स्वामीनाथन ने अपने जीवन को भारत की खाद्य सुरक्षा और किसानों की उन्नति के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा, स्वामीनाथन जी को कृषि विज्ञान में उनके अग्रणी कार्य के लिए पूरी दुनिया में सम्मान मिला है।

विशेषज्ञों का मानना है कि पीएम मोदी का यह वक्तव्य अमेरिका को यह स्पष्ट संदेश देने के लिए था कि भारत की प्राथमिकता उसके किसान हैं, न कि वैश्विक व्यापारिक दबाव। 7 से 9 अगस्त तक चलने वाले इस सम्मेलन का विषय है सदाबहार क्रांति- जैव-सुख का मार्ग। यह सम्मेलन प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया है, जिनकी पहचान भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में होती है।

# एनडीए ने प्रधानमंत्री मोदी और जेपी नड्डा को दिया अधिकार

■ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए अब तक दो नामों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को गठबंधन का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया यह सर्वसम्मति से लिया गया फैसला है।

इससे पहले संसद परिसर में भाजपा के प्रमुख नेताओं और उनके सहयोगियों की एक बैठक हुई। बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह, जदयू के ललन सिंह, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, तेदेपा के लवू श्रीकृष्ण देवरायलु और लोजपा (रामविलास) के चिराग पासवान भी शामिल हुए। राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।

उपराष्ट्रपति पद के लिए पार्टी में अब तक दो नामों पर प्रारंभिक चर्चा की बात सामने आई है। इनमें पहला नाम गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और दूसरा नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार का है।

## सेवानिवृत्ति के बाद समय पर सरकारी आवास खाली कर दूंगा

■ मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई का बयान



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि समय की कमी के कारण नवंबर में सेवानिवृत्त होने तक उन्हें उपयुक्त आवास नहीं मिल पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों के तहत निर्धारित समय सीमा के भीतर वे अपना सरकारी आवास निश्चित रूप से खाली कर देंगे।

9 अगस्त को सेवानिवृत्त होने वाले निवर्तमान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया को विदाई देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें एक सहृदय व्यक्ति बताया, जिन्होंने अपना पूरा जीवन न्यायपालिका को समर्पित कर दिया। वरिष्ठ वकीलों और उनके परिवार के सदस्यों के अलावा शीर्ष न्यायालय और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायमूर्ति धूलिया अपनी सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे। उन्होंने कहा, हम न्यायपालिका में उनके योगदान को हमेशा याद रखेंगे। सेवानिवृत्ति के बाद वह दिल्ली में रहेंगे।

## यूपीआई की सर्विस अचानक हुई डाउन, अटके फोनपे, पेटीएम के पेमेंट

**नई दिल्ली।** देशभर में गुरुवार को शाम ढलते ही यूपीआई सर्विस अचानक डाउन हो गई। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह इस साल का चौथा मौका है, जब यूपीआई डाउन हुआ। इससे एचडीएफसी, एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और कोटक जैसे बड़े बैंकों के पेमेंट सिस्टम ठप हो गए। और लोगों का लेन-देन बाधित हो गया।

शाम 7:45 बजे से लोग गूगल पे, फोनपे, पेटीएम जैसे ऐप्स पर लोगों को ट्रांजेक्शन करने में काफी परेशानी हुई। लोग पैसे ट्रांसफर नहीं कर पा रहे थे। रात 8 बजे तक डाउनडिटेक्टर नाम की वेबसाइट पर 2,200 से ज्यादा लोगों ने शिकायतें दर्ज कीं। इनमें से करीब 80 फीसदी शिकायतें पेमेंट फेल होने की थीं।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गिनाईं वोटर लिस्ट की गड़बड़ियां

■ दिखाए सबूत, आंकड़ों का हवाला देकर आयोग पर लगाए धांधली के आरोप



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने 'वोट चोरी' शीर्षक से संवाददाताओं के समक्ष कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़ों की प्रस्तुति दी और धांधली का दावा किया।

राहुल गांधी ने ''चुनाव धांधली'' के सबूत एकत्र करने में कुल छह महीने का समय लगा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को 'मशीन के पढ़ने योग्य' (मशीन रीडेबल) डेटा उपलब्ध नहीं करा रहा है ताकि ये सब पकड़ा नहीं जा सके। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी टीम ने बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के डेटा का विश्लेषण किया और फिर गड़बड़ी का पता किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में छह में पिछड़ गई, लेकिन महादेवपुरा में उसे एकतरफा वोट मिला। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 मतों की चोरी की गई। उन्होंने कहा, ''एक पते पर 50-50 मतदाता थे... कई जगहों पर नाम एक थे, फोटो अलग अलग थे।'' राहुल गांधी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में पांच महीनों के भीतर इतने मतदाताओं के नाम जोड़ दिए गए, जो पहले पांच साल की अवधि में नहीं जोड़े गए थे। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान एक करोड़ मतदाता बढ़ गए। हम निर्वाचन आयोग के पास गए... हमने पूरी निश्चितता के साथ यह कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई। उनके अनुसार, निर्वाचन आयोग ने 'मशीन से पढ़ने योग्य' (मशीन रीडबल) मतदाता सूची देने से इनकार कर दिया।




## बिना सूचना अनुपस्थित कर्मियों पर सख्त कार्रवाई, निर्माणाधीन सीडीपीओ ऑफिस की स्थिति देख जताई नाराजगी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक कुंभी गोला में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सीडीओ अभिषेक कुमार ने अचानक ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्था पर अफसर ने सख्त रुख अपनाया और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।सीडीओ जब कार्यालय पहुंचे तो उपस्थिति रजिस्टर की जांच में खुलासा हुआ कि 30 में से 15 कर्मचारी अनुपस्थित हैं। इनमें से 10 संविदा और 5 नियमित कर्मचारी बिना किसी सूचना के गायब पाए गए। इस पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने निर्देश दिए कि नियमित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटा जाए और संविदा कार्मिकों का मानदेय तत्काल प्रभाव से बाधित किया जाए निरीक्षण के दौरान कार्यालय की छत बरसात के कारण जगह-जगह से टपकती मिली, जिससे कर्मचारी भी परेशान दिखे। सीडीओ ने इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीडीओ को छत की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि जनहित से जुड़े कार्यालयों में अनुशासन और उत्तरदायित्व सर्वोपरि है। लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी और निर्माण कार्यों में देरी करने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी सीडीओ अभिषेक कुमार ने निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का भी जायजा लिया। मौके पर कोई काम नहीं चल रहा था, मजदूर नदारद थे और निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी थी। इसपर सीडीओ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल कार्य शुरू कराने और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## जिंदा महिला को मरा घोषित कर न केवल वरासत कराई, बल्कि जमीन गिरवी रखकर बैंक से ले लिया लोन

**लखीमपुर-खीरी।** जिंदा हों और सरकारी कागजों में आपको मरा हुआ बता दिया जाए। इतना ही नहीं, आपकी खरीदी हुई करोड़ों की जमीन भी कोई और हड़प ले...ईसानगर थाना क्षेत्र में सामने आया यह मामला किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है, जहां जिंदा महिला को मरा घोषित कर न केवल वरासत कराई गई, बल्कि जमीन गिरवी रखकर बैंक से लोन तक ले लिया गया राजस्व के अफसरों से लेकर पुलिस के पास तक अपने को जिंदा साबित करने के लिए भटक रही महिला की पुकार सिस्टम ने नहीं सुनी। तब उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर ईसानगर पुलिस ने लेखपाल समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है ईसानगर के गांव हसनपुर कटौली निवासी विशुना देवी उर्फ विंदेश्वरी (60) ने बताया कि उन्होंने ग्राम मुरौवा की गाटा संख्या 476 (5.70 हे.) और 512 (3.30 हे.) की कृषि भूमि पूर्व मालिकों से विधिवत रजिस्ट्री कराकर खरीदी थी, लेकिन गांव के ही कीढ़ी और रामभरोसे ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उन्हें मृत घोषित कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 12 मार्च 2021 में जमीन की वरासत अपने नाम करा ली इतना ही नहीं, आरोपियों ने लेखपाल और अन्य राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से खतौनी में नाम चढ़वा कर उसकी भूमि को बैंक कर्मचारियों से मिलकर आर्यावर्त बैंक में गिरवीं रखकर ऋण भई ले लिया। उसे धोखाधड़ी का पता तब चला जब वह किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकरण कराने गईं। फर्जीवाड़े की जानकारी होने पर उसके तो होश उड़ गए। पीड़ित विशुना देवी तहसील से लेकर डीएम और थाना ईसानगर से लेकर एसपी कार्यालय तक चक्कर काटती रहीं। खुद को जिंदा साबित करने और जमीन वापस दिलाने की मांग करती रहीं दर्जनों शिकायती पत्र देने और खुद अफसरों के सामने पेश होकर खुद को जिंदा बताने वाली विशुना देवी की किसी ने एक नहीं सुनी। सिस्टम से थक हारकर उसने सीजेएम कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट ने मामले की गंभीर को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश पर थाना ईसानगर में आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468 और 471 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## दुर्घटना में जान गंवाने वाले होमगार्ड रहमत अली के परिजनों को मिला 38 लाख का बीमा क्लेम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले होमगार्ड रहमत अली के परिवार को बुधवार को कुल 38 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मृतक की पत्नी शमीम बानो को 30 लाख और पुत्री नज़रीन को 08 लाख रुपये का चेक सौंपा। यह सहायता राशि एक्सिस बैंक में संचालित मानदेय खाते पर मिलने वाली व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत दी गई इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भावुक क्षण देखने को मिले। डीएम ने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा रहेगा।इस अवसर पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम अर्चना ओझा, एलडीएम अशोक गुप्ता, एक्सिस बैंक के कानपुर सर्किल हेड सचिन श्रीवास्तव, क्लस्टर हेड निखिल अग्रवाल, ब्रांच मैनेजर विशाल वैश्य, जिला कमांडेंट होमगार्ड रमाकांत पाठक व प्लाटून कमांडर गिरीश कुमार उपस्थित रहे।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना निघासन पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त पिंटू पुत्र मुरलीधर निवासी ग्राम मझलीपुरवा म0 लालपुर थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0- 90/2016 अं0स0-296/07 धारा 354 (क) भादवि 7/8 पाक्सो एक्ट को गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## युवक की बाइक में टंगा थैला एक उचक्का लेकर भागा थैले में थी दस हजार रुपये की नकदी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मझगई थाना क्षेत्र के बम्हनपुर कस्बा में बुधवार की दोपहर एक हेयर कटिंग की दुकान पर बाल कटवा रहे युवक की बाइक में टंगा थैला एक उचक्का लेकर भाग निकला। थैले में दस हजार रुपये की नकदी थी। दिनदहाड़े हुई वारदात से हड़कंप मच गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। गांव दौलतापुर निवासी राजू पांडेय ने बताया कि उन्होंने बुधवार को पंजाब एंड सिंध बैंक से 10 हजार रुपये निकाले और उसके बाद दौलतपुर मार्ग स्थित अनीस हेयर कटिंग सैलून पहुंचे। उन्होंने अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ी की और रुपये से रखा झोला हैंडल पर टांगकर अंदर चले गए। इसी दौरान एक शातिर चोर मौका पाकर बाइक से झोला लेकर भाग निकला। इससे व्यापारियों में भी हड़कंप मच गया चोर की तस्वीर पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की वारदात से कस्बे के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि कस्बे में इस तरह की घटना पहली बार हुई है। वे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं।

## बारिश व बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी से नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा एक घर नदी में समाया

**लखीमपुर-खीरी । (अवधनामा संवाददाता)** इलाके में हो रही बारिश व बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी से नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे कटान का खतरा बढ़ रहा है। नदी ग्रन्ट नं 12 में कटान कर रही है। मंगलवार एक घर नदी में समा चुका है। जबकि तीन घर कटान के निशाने पर हैं। लोग अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर पंहुचा रहे हैं। मंदिर व गांव को कटान से बचाने के लिए सिंचाई विभाग काम करवा रहा है, लेकिन विभाग की सारी कवायद फेल नजर आ रही है। निघासन तहसील के ग्रंट नं 12 गांव में इस बार फिर नदी कटान कर रही रही है।मंगलवार को एक घर नदी के आगोश में समा चुका है। जबकि गोकरन,सिंह ने व लालता के घर कटान के निशाने पर हैं। यह लोग अपना सामान सुरक्षित करने में जुटे हैं। हालांकि सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य से ग्रामीणों को राहत है। मंदिर के पास कटान रोकने की भी सिंचाई विभाग कोशिश में लगा हुआ है। तेजी से बढ़ रहे जलस्तर को लेकर ग्रामीणों को कटान की चिंता सता रही है। बड़ागांव-बसहा पर पुल से आवागमन बना परेशानी बड़ागांव-बसहा जाने वाले मार्ग पर बने पुल की मिट्टी पानी के तेज बहाव में बह गयी है। इससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। इस पुल से कई गांवो के लोगों का आवागमन रहता है। फूलबेहड़ क्षेत्र में वर्षों पहले तटबंध के पास बना पुल पानी के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल के आसपास की मिट्टी पानी की तेज धार बहा ले गयी है। इस पुल से बड़ागांव,बसहा,खांभी, मेंहदी, बहाली पुरवा,पांडे पुरवा आदि गांव के लोगों का मात्र एक यही रास्ता है। पुल कटने से इन लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है पुल की लंबाई कम होने की वजह से बाढ़ का पूरा पानी नहीं निकल पाता है जिससे हर साल यह पुल क्षतिग्रस्त होता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूला युवक

**सहारनपुर।** थाना मण्डी क्षेत्रान्तर्गत बड़तला यादगार में एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम अशोक कुमार सिसौदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात मण्डी कोतवाली को सूचना मिली थी कि बड़तला यादगार निवासी 40 वर्षीय सन्नी उर्फ मोनू पुत्र राधेश्याम ने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या सन्नी उर्फ मोनू की आत्महत्या का कारण गृह क्लेश पाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रेमनगर पुलिस और बदमासों की हुई मुठभेड़

**बरेली।** प्रेमनगर पुलिस और बदमाशों के बीच गुरुवार सुबह मुठभेड़ हो गई। फायरिंग के दौरान दोनों ओर से गोलियां चलीं, जिसमें 25-25 हजार के इनामी दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। मौके से लूटी हुई सोने की चैन, अवैध तमंचे, कारतूस, 45 हजार रुपये नकद और चोरी की बाइक बरामद हुई है।

घटना सुबह उस वक्त हुई जब प्रेमनगर थाना पुलिस धर्म कांटा से कुद्देशिया पुल की तरफ जा रहे बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने की कोशिश कर रही थी। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। थोड़ी देर में दोनों बदमाश घायल होकर गिर पड़े।

घायल बदमाशों की पहचान सलमान पुत्र जमशेद अहमद निवासी लोको कॉलोनी, नई बस्ती, थाना सिविल लाइंस, अलीगढ़ और इस्लाम कादिर पुत्र आरिफ खान निवासी बानाखाना, थाना प्रेमनगर, बरेली के रूप में हुई है। दोनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

**पुलिस ने मौके से बरामद किया**

दो देशी तमंचे 315 बोर
चार जिंदा और दो खोखा कारतूस
एक पीली धातु की चैन
चोरी की स्प्लेंडर बाइक
45 हजार रुपये नकद

पूछताछ में दोनों ने लूट की कई घटनाओं में शामिल होने की बात कबूली है। पुलिस अब इनके आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से बड़ा हादसा टल गया।

## बरेली में एक करोड़ के लगभग 300 मोबाइल फोन ढूंढकर पुलिस ने असली मालिकों को लौटाए

**बरेली।** बरेली पुलिस ने शहर और देहात के लोगों के 296 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर पुलिस ने उन्हें उनके मालिकों तक पहुंचा दिया। इन फोन की कुल कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित रविन्द्रालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने यह मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे। फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

**इन थानों बरामद किए इतने फोन**

एसएसपी के आदेश पर सर्विलांस सेल ने 24, इज्जतनगर 18, बहेड़ी 18, कोतवाली 17, बारादरी 17, भमोरा 16, सीबीगंज 15, नवाबगंज 15, किला 12, सुभाषनगर 12, प्रेमनगर 11, भुता 10, आंवला 10, बिथरी चैनपुर 10, शेरगढ़ 10, मीरगंज 8, फरीदपुर 7, शाही 7, भोजीपुरा 7, कैंट 7, शीशगढ़ 7, फतेहगंज वेस्ट 6, अलीगंज 6, हाफिजगंज 6, सिरौली 5, फतेहगंज ईस्ट 4, विशारतगंज 4 देवरनियां 4 और क्योलड़िया पुलिस ने 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

**पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित**

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर मई महीने में जिले भर से मोबाइल गुमशुदगी की शिकायतों पर काम किया गया। सर्विलांस सेल, सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सहायता के जरिए पुलिस ने एक-एक मोबाइल की तलाश की। पुलिस की इस ईमानदार कोशिश में जिले के थानों पर तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटरों और सर्विलांस टीम ने अहम भूमिका निभाई। फोन ढूंढने के इस अभियान में शानदार काम करने वाले 10 पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

**इन पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान**

फोन बरामदगी अभियान में उत्कृष्ट काम करने पर इन पुलिसकर्मियों को 200 रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कास्टेबल अजय कुमार थाना कैंट, संदीप कुमार थाना सुभाषनगर, सोहेल थाना सीबीगंज, नाजिम हुसैन थाना भमौरा, शिवप्रसाद थाना विशारतगंज,निशांत शुक्ला थाना भुता, मयूर थाना शेरगढ़, प्रीतम सिंह थाना नवाबगंज, कृष्णकांत थाना प्रेमनगर, अंजुम परवीन महिला कांस्टेबल थाना क्योलड़िया को सम्मानित किया गया।

## नियमित टीकाकरण में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी व सहयोग करें धर्मगुरु व शिक्षक: सीडीओ

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने जनपद के धर्म गुरूओं, मदरसा व स्कूल के शिक्षकों से टीडी व एनडीडी प्रोगाम एवं नियमित टीकाकरण में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी एवं सहयोग करने की अपील की।

मुख्य विकास अधिकारी आज यहां विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित जनपद के धर्मगुरुओं, मदरसा एवं स्कूल टीचर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण से अनेक बीमारियों से बचाव हो सकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार ने बताया कि विगत् 1 से 31 अगस्त तक टीडी टीकाकरण अभियान एवं 11 अगस्त से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस किया जाएगा, जिसमें कक्षा 5 एवं कक्षा 10 तक के बच्चों को जिन्हे टीडी का टीका नहीं लगा हैं उन्हें टीडी का टीका लगाया जायेगा। उनके द्वारा सभी धर्मगुरुओं, मदरसा एवं स्कूल टीचर्स से बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सेदारी करने और आमजन को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

यूनिसेफ के जिला समन्वयक अमित शर्मा ने बताया गया कि यदि समय से बच्चे का टीकाकरण कर दिया जाए तो 12 जानलेवा बीमारियों से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित किया जा सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.मुकेश कुमार द्वारा नियमित टीकाकरण के बारे में अहम जानकारी प्रदान की गई एवं वैक्सीन की गुणवत्ता के विषय में बताया। इस अवसर पर एसीएमआरसीएच डॉक्टर कपिल देव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुमन गौतम, मदरसा दारुल उलूम से डॉक्टर मतलब हसन, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक मलिक एवं मदरसा टीचर्स उपस्थिति रहे।

## बाढ पीडितों को की जायेगी हर सम्भव सहायता प्रदान

### तहसील सदर में 05 बाढ चौकी तथा 08 बाढ राहत शिविर किए गए स्थापित

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** शिवालिक की पहाड़ियों व जनपद में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते ढमोला नदी का जल स्तर बढने के कारण पंजाबी बाग व साकेत कॉलोनी में बाढ़ का पानी घुसने की सूचना पर उप जिलाधिकारी सदर ने मौके पर पहुंचकर बाढ़ राहत कार्य शुरू कराया तथा जेवी जैन कालेज में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर को शुरू कराकर आपात स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को वहां शिफ्ट करने के निर्देश दिये।

पंजाबी बाग कालोनी एवं साकेत कालोनी में पानी भरने की सूचना पर उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ही नगर निगम की टीम बुलवाकर तत्काल पानी को निकलवाया गया। उन्होने बताया कि जेवी जैन डिग्री कॉलेज में बाढ राहत शिविर को सक्रिय कर दिया गया है। आपात स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को वहां शिफ्ट किया जाएगा। सुबोध कुमार ने आमजन को आश्वस्त करते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में बाढ कन्ट्रोल रूम नम्बर 8267029340 पर कॉल कर अवगत कराएं। तहसील सदर में 05 बाढ चौकी तथा 08 बाढ राहत शिविर स्थापित किये गये है। सभी चौकियों को तत्काल सक्रिय कर दिया गया है। बाढ पीडितों को शासन स्तर से अनुमन्य हर सम्भव सहायता प्रदान की जाएगी।

## काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर जनमंच में आयोजित होंगे भव्य कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के समापन समारोह के अवसर पर कल (आज) जनमंच सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 09 बजे मण्डलायुक्त कार्यालय से घण्टाघर होते हुए जनमंच तक साईकिल रैली निकाली जाएगी। इसके तहत सभी स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों की साईकिलों पर क्रांतिकारियों द्वारा दिए गये लोकप्रिय नारों की कार्ड बोर्ड की पट्टिकाओं में नारे लिखे होंगे। सभी वॉलिन्टियर्स हर घर तिरंगा कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत तिरंगा के परिधानों में रहेंगे। तिरंगे रंग के 100 गुब्बारे उड़ाकर आयोजन का शुभारम्भ किया जाएगा। पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन किया जाएगा। जनमंच में काकोरी ट्रेन एक्शन प्रदर्शनी को प्रदर्शित किया जाएगा। काकोरी ट्रेन एक्शन पर नाट्य प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी के साथ शहीद परिवारों के परिजनों का सम्मान एवं छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सजीव प्रसारित कार्यक्रम को देखा जाएगा। मनीष बंसल ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन सुनिश्चित कराया जाए।

## अवैध चरस के साथ पुलिस ने किया एक आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना देहात कोतवाली प्रभारी कपिल देव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक सुबोध कुमार शर्मा, महिला उपनिरीक्षक रश्मि के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंशापुर बालपुर राजबाहा तिराहे से एक शातिर नशा तस्कर अब्दुल कादिर पुत्र नादिर शाह निवासी वर्धमान कालोनी थाना कोतवाली देहात को दबोचकर उसके कब्जे से 200 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## तीन अन्तर्राज्यीय तस्कर दबोचे, दस लाख की स्मैक बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय स्मैक तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दस लाख रूपये कीमत की स्मैक बरामद कर ली। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से नगदी, मोबाइल व बाईके बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना चिलकाना प्रभारी चन्द्रसैन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीती रात्रि जंगल ग्राम धौलाहेड़ी से तीन शातिर नशा तस्करों अजीम पुत्र जरीफ निवासी गांव खुर्द थाना जनकपुरी, शाहबाज पुत्र जिकरमा निवासी घोघरेकी थाना कोतवाली व शाहनूर पुत्र बुरहान निवासी ग्राम जलालपुर डाडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से 105 ग्राम अवैध स्मैक, 2570 रूपये, 03 मोबाइल फोन व 02 बाईक बरामद कर ली तथा तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान को जन-जन तक पहुंचायेः मनोज



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पंजाब एंड सिंध बैंक के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास' की भावना को साकार करता है और वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महाप्रबंधक मनोज कुमार आज यहां गागलहेड़ी स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के तत्वावधान में वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान के तहत आयोजित शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में भाग लेकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं तथा भारत को एक वित्तीय रूप से समावेशी राष्ट्र बनाने में सहयोग करें।

शिविर में आंचलिक प्रबंधक लालरेमथांग हमार, अग्रणी जिला प्रबंधक कृष्णु दास, मुख्य प्रबंधक रति शंकर मातृचरनम् ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अभियान के अंतर्गत जिले व ब्लॉक के सभी पात्र व्यक्तियों को जन धन खाता, आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर लिंकिंग, रूपे कार्ड वितरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना) तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी दी गयी और उनको इन योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक राजेश राणा, अमित प्रकाश, संत राम वर्मा, सतीश कल्याण, योगेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र रावत व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम योगी की फटकार के बाद जागे महापौर

**महापौर और नगर आयुक्त ने सफाई की हकीकत देख जताई सख्त नाराजगी**



**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** मंगलवार को शहर की ध्वस्त पड़ी सफाई व्यवस्था और प्लाटों में भरी गंदगी पर सीएम योगी आदित्यनाथ भड़क गए। मेयर प्रशांत सिंघल से पूछा कि शहर का क्या हाल बना दिया है? इतना पैसा दिया जा रहा है, उसका कैसे इस्तेमाल हो रहा है? सफाई तक ढंग से नहीं हो रही। कूड़े ढेर लगे हैं। मेयर को गाजियाबाद से सीख लेने की नसीहत देते हुए बोले, अपनी नाक तो कटवा ही ली, संगठन की भी कटवा दी। नाला निर्माण, जवाहर पार्क में हुए कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।

यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अलीगढ़ मंडल की समीक्षा बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में नगर निगम अलीगढ़ द्वारा -स्वच्छ अलीगढ़, स्वस्थ अलीगढ़- अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस फटकार के बाद गुरुवार को महापौर प्रशांत सिंघल एवं नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा वार्ड 30 (सुरक्षा विहार, जीटी रोड क्षेत्र) एवं वार्ड 14 का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में भारी गंदगी, नालियों का ओवरफ्लो, नाले में फ्लोटिंग कचरा, गोबर एवं सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति देखी गई, जिससे महापौर एवं नगर आयुक्त ने नाराजगी प्रकट की। विशेष रूप से निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक खाली प्लॉट्स में कूड़े का अम्बार मिला। इस पर नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि 5 दिवस के भीतर प्लॉट स्वामी चारदीवारी नहीं कराते हैं, तो नगर निगम ऐसे प्लॉट्स पर -नगर निगम संपत्ति- का बोर्ड लगाकर उन्हें सार्वजनिक पार्क अथवा उपयोगी सामुदायिक स्थल में परिवर्तित करेगा।

महापौर एवं नगर आयुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि पूरे सप्ताह चलने वाले विशेष अभियान में मुख्य मार्गों, नालों, सार्वजनिक स्थानों, और सभी खाली प्लॉट्स की व्यापक सफाई सुनिश्चित की जाए। दोनों वार्डों में सफाई व्यवस्था दोयम दर्जे की मिलने पर नगर आयुक्त ने सुखमा कंपनी के प्रोजेक्ट हेड रितेश कपूर को अंतिम चेतावनी देते हुए सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया साथ ही साथ नगर आयुक्त ने सुखमा कंपनी को सफाई उपकरण बढ़ाने के लिए कहा। महापौर और नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से सेंटर पॉइंट पर सफाईकर्मियों को नई ड्रेस भी वितरित की गई और उन्हें कार्य के प्रति अधिक जिम्मेदारी से जुड़ने का आह्वान किया गया।

**महापौर ने कहा**

जनता की अपेक्षाएं अब मात्र घोषणा नहीं, परिवर्तन की मांग हैं। मुख्यमंत्री जी ने जो चेतावनी दी है, उसे हम अवसर में बदलेंगे। जो सफाई नहीं करेगा, वह ठहरेगा नहीं। हमारा लक्ष्य सिर्फ स्वच्छता नहीं, बल्कि एक आदर्श शहर का निर्माण है।

**नगर आयुक्त ने कहा**

नगर निगम अब सिर्फ सफाई के निर्देश नहीं देगा, सीधे कार्रवाई करेगा। चाहे वह प्लॉट स्वामी हो या सफाई व्यवस्था देखने वाली कंपनी। नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है– गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुखमा कंपनी को 24 घंटे का अल्टीमेटम दे दिया गया है।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम विद्यालयों में देशभक्ति से ओतप्रोत गतिविधियाँ संपन्न

**अलीगढ़।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण (2 से 8 अगस्त) के अंतर्गत अलीगढ़ जनपद के विभिन्न विद्यालयों में देशभक्ति की भावना से सराबोर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।

श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, विजय विद्यालय इंटर कॉलेज एवं गांधी इंटर कॉलेज में तिरंगा राखी निर्माण कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और सृजनात्मकता के साथ भाग लिया। राष्ट्र प्रेम से प्रेरित छात्र-छात्राओं ने तिरंगे रंगों से मनमोहक रंगोलियां बनाईं, भारत के नक्शे, इंडिया गेट की आकृतियां, तिरंगा झूमर, ग्लोबल पोस्टर आदि का अत्यंत आकर्षक निर्माण किया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिला, अपितु उनमें देश के प्रति प्रेम, सम्मान और कर्तव्यबोध की भावना भी सुदृढ़ हुई है।

# व्यापार मंडल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए एकता वन को गोद लिया





**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** कालपी रोड स्थित एकता वन में हाल ही में आयोजित बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में करमेर रोड स्थित वन विभाग कार्यालय में पहुंचकर प्रभागीय वन अधिकारी श्रीमान प्रदीप कुमार जी को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर आभार प्रकट किया।

इस दौरान व्यापार मंडल की ओर से लेटरहेड पर औपचारिक धन्यवाद पत्र भी सौंपा गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को देखते हुए वन विभाग द्वारा एकता वन को व्यापार मंडल को गोद देने का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।

इस पर व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे समय-समय पर वन क्षेत्र में उपस्थित होकर देखरेख, रख-रखाव एवं विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग करेंगे। निकट भविष्य में एकता वन को एक सुंदर और उपयोगी पार्क के रूप में विकसित करने की भी योजना है।

इस अवसर पर प्रमुख पदाधिकारी प्रदेश मंत्री श्री अरुण त्रिपाठी जी, जिला महामंत्री श्री संजीव सिपोलिया जी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्री प्रदीप द्विवेदी जी, डॉ. देवेंद्र सेठ जी, जिला उपाध्यक्ष श्री संजय सुहाने जी, डॉ. प्रज्ञा राजपूत जी, श्री महेंद्र भाटिया, श्री दिनेश पुरवार, श्री धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, श्री बंटू गुर्जर, जिला संयोजक (आई.टी.) श्री सौरभ ठाकुर टिमरो जी, जिला मंत्री श्री उत्तम सिंह राजावत, श्री उदयकरण प्रजापति, नगर अध्यक्ष श्री उमेश शर्मा जी, नगर मंत्री श्री धर्मेंद्र पांचाल जी, कैटरिंग यूनियन अध्यक्ष श्री संजय विजपुरिया जी, नगर कोषाध्यक्ष श्री निलय गुप्ता जी, श्री महेश चौरसिया जी एवं अन्य कई जिला एवं नगर पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# विधान परिषद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सत्यापन को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** विधान परिषद इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित मतदान स्थलों के सत्यापन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश एवं आयुक्त झाँसी मण्डल झाँसी के पत्र के क्रम में आहूत इस बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 33 मतदेय स्थल स्थापित हैं, जिन्हें 37 खण्डों में विभाजित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी मतदाता को मतदान हेतु अधिकतम 16 किलोमीटर की दूरी ही तय करनी पड़े। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की उपलब्धता की तहसीलवार समीक्षा उपजिलाधिकारियों के माध्यम से कराई गई है। इस दौरान माधौगढ़ तहसील के अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला बंगरा भवन को जर्जर घोषित किए जाने पर भवन परिवर्तन का प्रस्ताव उपजिलाधिकारी माधौगढ़ द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि मतदेय स्थलों के सत्यापन की रिपोर्ट/आख्या आगामी 12 अगस्त 2025 तक आयुक्त झाँसी मण्डल/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

## ड्रेन में तैरता मिला पुरुष का नग्न अवस्था में शव

**कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग तकिया टोला के चखनी ड्रेन में नग्न अवस्था में पुरुष का तैरता शव देख कर आसपास के गांवों में सनसनी फ़ैल गई। ग्रामीणों ने शव देखकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। इधर उक्त शव को पहचान कराने में पुलिस जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को सुबह ग्रामीणों ने एक अज्ञात शव 45 वर्षीय पुरुष का तैरता देख शोर-शराबा चालू कर दिए।इसी दौरान किसी ने मोबाइल से तमकुही राज पुलिस को घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस मौके पर पहुंच शव को बाहर निकाला और आसपास के मौजूद ग्रामीणों से पहचान कराने की कोशिश किया लेकिन उक्त शव का पहचान नहीं हो पाया।

# फाइलेरिया उन्मूलन की द्वितीय अंतर विभागीय बैठक का आयोजन



**जया उल्लाह खान संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में फाइलेरिया उन्मूलन की द्वितीय अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सी0एम0ओ0 द्वारा बताया गया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत 10 अगस्त से होगी, मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन टीमों का हर ब्लॉक में गठन हो गया है, ट्रेनिंग भी हो गई है, सभी का माइक्रो प्लान प्राप्त हो गया है, दवा भी पहुँच गई है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान में सबसे पहले स्कूलों को कवर किया जाये,बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सर्वप्रथम अभियान चलाया जाये, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी के साथ मिलकर मदरसों में अभियान चलाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनेंद्र कुमार व चक्र सिंह यादव संवंधित मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** कृषि में सुधार के लिए विभिन्न हितधारकों को आसानी से एक साथ लाने और डेटा- डिजिटल सेवाओं का उपयोग करके किसानों के लिए बेहतर योजनाओं का नियोजन, सेवाओं तक किसानों की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है।

किसानों को उनके खेत में बोई गई वास्तविक फसल के उत्पाद की बिक्री के लिए अपने अभिलेख का सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जायेगी। इससे किसान के फसल के उत्पाद के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादन का खरीद में सरलीकरण हो जायेगा। वही फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को उनके वास्तविक क्षति का मुआवजा प्राप्ति में सरलीकरण हो जाएगा। समय-समय पर किसानों को उनके फसल विशेष के लिए लक्षित फसल सलाह प्रदान की जा सकेगी।

**एग्री स्टेकसर्वे**

बोई गई फसल के वास्तविक उपज के आंकलन के लिए मोबाइल एप के माध्यम से क्राप कटाई एक्सपेरिमेंट (सीसीई) का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सकेगा।

उक्त जानकारी जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पूर्व में ई-खसरा पड़ताल (एग्री स्टैक) सर्वे के अन्तर्गत सर्वेयर के रूप में लेखपाल, तकनीकी सहायक (कृषि), एटीएम/बीटीएम को प्राथमिकाता के आधार पर लगाया जाता था। वर्तमान में शासन स्तर से यह निर्णय लिया है कि ई-खसरा पड़ताल के अन्तर्गत सर्वेयर के रूप में संविदा कर्मियों जैसे- पंचायत विभाग के पंचायत सहायक, मनरेगा के अन्तर्गत रोजगार सेवक एवं कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम के माध्यम से सर्वे कार्य कराया जायेगा। इसके लिए रूपया 5 प्रति सर्वे एक फसली के लिए एवं रूपया 10 प्रति सर्वे दो फसली देय होगा। प्रत्येक सर्वेयर द्वारा 1100 गाटा सर्वे के लिए निर्धारण किया गया है। सर्वेयर द्वारा किए गए सर्वे के शत-प्रतिशत अप्रूवल होने पर सर्वेयर को 150 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रत्येक खरीफ, रबी एवं जायद के सर्वेकाल के समय प्रदान की जाएगी। सर्वे कार्य को सुपरवाइज करने के लिए अधिकतम 20 सर्वेयर्स का एक ग्रुप भी बनाया जाएगा। वेरी फायर का कार्य नायब तहसीलदार के अलावा कृषि विभाग के वरिष्ठ तकनीकी सहायक वर्ग ए और अवर अभियंता से भी कराया जा सकता है। उप निदेशक कृषि अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि सर्वे का कार्य यद्यपि मोबाइल के माध्यम से किया जाएगा, इसके लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी, इसके लिए सर्वेयर एवं सुपरवाइजर को 350 रुपए प्रत्येक फसल सर्वेकाल के दौरान भुगतान किया जाएगा।

## खेत पर दबंगों का अवैध कब्जा, पीड़ित ने लगाई प्रशासन से गुहार

**जीशान खान, फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र रामऔतार ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपने खेत पर हो रहे अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर शिकायत की है।

पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही रामसरन और अमित कुमार बिना किसी वैध अनुमति के उसकी भूमि पर जबरन बाउंड्रीवाल और मेन निर्माण करवा रहे हैं। जब प्रताप सिंह ने इसका विरोध किया तो दोनों व्यक्ति मारपीट पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। प्रताप सिंह ने बताया कि उसका खेत गाटा संख्या 221, रकबा 0.0240 हेक्टेयर खतौनी में दर्ज है, जिस पर वह वर्षों से खेती करता चला आ रहा है। आरोप है कि पड़ोसी रामसरन, जिसकी भूमि गाटा संख्या 210 है, और अमित कुमार उसकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए।

# दो बाइक सवारों में टक्कर, एक युवक की मौत, तीन गंभीर



शव को कब्जे में लेती पुलिस

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के खोटही के निर्भया लाल वीर फिलिंग पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को केरवनिया से नेबुआ नौरंगिया के तरफ जा रहे पल्सर सवार सामने से आ रही दूसरे बाइक सवार में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

लड्डू उर्फ अनित कुमार (30) निवासी सनेरामल छपरा थाना रामकोला जो अपने पल्सर बाइक से नेबुआ नौरंगिया की तरफ जा रहा था उधर से दूसरे बाइक पर सवार एक व्यक्ति अपने पत्नी व बच्चे के साथ कप्तानगंज की तरफ आ रहे थे कि अभी वे खोटहीं के समीप एक पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे ही थे कि दोनों में टक्कर हो गई। इस हादसे में पल्सर सवार लड्डू उर्फ अनित की घटनास्थल पर ही एमएम मौत हो गई जबकि दूसरे बाइक पर सवार मधुबन उम्र 35, उसकी पत्नी अंगिरा 32 वर्ष व दो वर्षीय पुत्र अभिमन्यु निवासीगण सेमरा के है, घायल हो गए। घटना की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस चौकी खोटही में स्थानीय लोगों ने दिया, पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया जबकि अन्य घायलों को सीएचसी भेजवाया। जिसमें प्राथमिक उपचार के बाद मधुबन को गंभीर स्थिति में पडरौना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बीएलओ हरहाल में आज करा दे रजिस्ट्रेशन, बाद में नहीं होगा : एसडीएम

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पुनरीक्षण की प्रक्रिया को तेजी लाने के लिए जो भी बीएलओ क्षेत्र में तैनात है। उनका रजिस्ट्रेशन निर्वाचन आयोग के जिम्मेदार हरहाल शुक्रवार तक करा दे। इसके बाद रजिस्ट्रेशन की कोई तिथि निर्धारित नहीं होगी। उक्त बाते उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन तिवारी ने बीएलओ के समीक्षा बैठ की अध्यक्षता करते हुए कही।

समीक्षा बैठक के दौरान पाली ब्लाक के 8 तथा सहजनवा ब्लाक के 24 बीएलओ का अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। जिस पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदारों को सख्त निर्देश देते हुए आज रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, बीडीओ सत्यकाम तोमर, बीडीओ बृजेश कुमार यादव तीनों ब्लाक के बीईओ सहित अनेक बीएलओ मौजूद थे।

# यमुना का जल स्तर घटा लेकिन दुश्वारियां कम नहीं



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** यमुना नदी का रोद्र रूप अब शांत होने लगा है। घटते जल स्तर से पानी अब ग्रामों से बाहर निकलने लगा है। मगर ग्रामीणों की दुश्वारियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। यमुना में बाढ़ के चलते गांव में जहरीले कीट वा कीचड़ से लोग परेशान हैं।

यमुना नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है नदी का पानी गांव से बाहर निकलने लगा है मगर कीचड़ गांव से छूटने से भयंकर बदबू तथा संक्रमण फैलने से बीमारियों का खतरा फैलने लना है।गांव में जहरीले कीटों के आने से ग्रामीण परेशान हैं। कहीं घरों में जहरीले सांप तो कहीं बिच्छू निकल रहे हैं। इसके अलावा लोमड़ी वा सियार गांव के करीब आ जाने से खतरा पैदा हो गया है।ग्रामों में बाढ का पानी कम होने के बाद लोगों में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सीएससी डॉक्टर प्रदीप राजपूत के नेतृत्व में टीमें लगातार गांव-गांव जाकर दवाइयां बांट रही हैं। साथ ही लोगों को जहरीले कीट से बचाव के उपाय भी सुझा रही हैं। जगम्मनपुर कंजोसा मार्ग खुलने से भिंड के लिए वाहन आने जाने लगे हैं। बीहड़ का इलाका दोबारा से जनपद जालौन से जुड़ गया है। पुलिस की ओर से लगाया गया बैरियर हटाए जाने से लोगों द्वारा आवागमन शुरू कर दिया गया है।

## सनातन धर्म उत्थान संगठन के पदाधिकारियों ने कांग्रेसियों का फूंका पुतला



**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत हाईवे चौराहे पर सनातन धर्म उत्थान संगठन भीटी रावत के बैनर तले हिन्दुओं को आतंकवादी कहने वाले कांग्रेसी नेताओं का पुतला फूंक कर विरोध जताया। बुधवार को सनातन धर्म उत्थान संगठन के पदाधिकारी सहित तमाम हिन्दू प्रेमियों ने शाम 5 बजे हाईवे चौराहे पर हिन्दू एकता जिंदाबाद का नारा लगाया। और कहा कि सनातनी देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने करने के लिए हमेशा तैयार है। हिंदू समाज देश की अस्मिता,गरिमा तथा आत्मसम्मान के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा है।लेकिन हाल ही में कुछ छद्म हिंदू नेता राष्ट्र विरोधी शक्तियों के साथ मिलकर द्वारा हिन्दू समाज को आतंकी कहने में ही अपना गौरव समझते है।जो दुर्भाग्य पूर्ण है। इस तरह के आचरण से संपूर्ण सनातनी अपमानित महसूस करते है। राष्ट्र विरोधी मानसिकता वाले तथा समय समय पर हिंदुत्व पर उल्टा बोलने वाले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी,दिग्विजय सिंह , पी चिदंबरम तथा सुशील कुमार शिंदे का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। मौके पर विनोद अग्रहरि, शिव सागरमिश्र,राम सागर मिश्र, भगत पाण्डेय, योगी यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## टेलर चालक के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस



**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के चकिया एक ढाबे के पास अजीत कुमार 48 वर्ष निवासी लालनपुर मधुबन जिला मऊ अपने मित्र के साथ अंकित तिवारी के साथ अपाची बाइक में हवा डलवा थे। उसी दौरान अनियंत्रित टेलर ने दोनो को रौंदते हुए गड्ढे में फंस गया। जेसीबी और क्रेन की मदद से लाश को निकाला गया। मृतक के बेटे अर्पित कुमार मल्ल के तहरीर पर पुलिस ने टेलर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बच के रहना साहब खतरे से खाली नहीं दुर्घटना को दे रहे दावत

**गोरखपुर ।** सहजनवा से जीरो प्वाइंट कालेसर तक कट बंद होने से आए दिन बाइक से लेकर भारी वाहन चालक डिवाइडर को विपरीत दिशा में कूदाने से परहेज नहीं करते है। ऐसा होते आप चाहे दिन हो या रात सहजनवा से लेकर बोकटा, तथा कालेसर जीरो प्वाइंट तक देखा जा सकता है। ऐसा नहीं कि पुलिस नियम का उल्लंघन कर रहे इन शरारती तत्वों को देखती नहीं है। बताते चले कि एन एच 27 के बीचोबीच डिवाइडर बना है। पूर्व में कुछ स्थानों पर राहगीरों और भारी वाहनों के आने जाने के लिए कट खोला गया था। लेकिन लगातार हो रहे दुर्घटना को देखते हुए अधिकारियों ने सहजनवां से लेकर जीरो प्वाइंट कालेसर तक कट बंद कर दिया है। लेकिन वर्तमान समय में देखा जाय तो कई स्थानों पर बाइक और भारी वाहन सवार चालक विपरीत दिशा में डिवाइडर को कूदा दे रहे है। उस समय एन एच 27 के दोनों पटरियों पर वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यदि प्रशासन ने समय रहते नियम का उल्लंघन कर रहे इन शरारती तत्वों पर कारवाई नहीं किया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संदर्भ में एसडीएम केशरी नन्द तिवारी ने कहा कि गीडा और सहजनवा पुलिस को ऐसे लोगों के खिलाफ कारवाई करने के लिए निर्देश दिया जायेगा।

# शमशाबाद के तराई क्षेत्र में पानी प्राथमिक विद्यालयों में भरा ग्रामीणो का सड़कों से निकलना हुआ मुश्किल

**महेश वर्मा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा के तटवर्ती के साथ-साथ निचले इलाकों में चारों ओर खेतों में पानी ही अपनी नजर आने लगा है। यहां पर एक दर्जन गांवों के संपर्क मार्ग भी पानी से कट गए हैं द्ध इस बीच ग्रामीण पानी में ही निकलने को मजबूर हो रहे हैं। यदि गंगा का पानी ज्यादा दिन तक फसलों में रुक तो किसान बर्बाद हो जाएंगे।

गंगा की इस बाढ़ से दो प्राथमिक विद्यालय चारों ओर से पानी में घिर गए हैं। ऐसे में इन स्कूलों के बच्चे भी स्कूल में पहुंच नहीं पा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों विद्यालयों को दूसरी जगह सबद्ध कर दिया गया है। जब तक बाढ़ का पानी यहां पर रहेगा तब तक बच्चे दूसरे गांव के विद्यालय से पढ़ेंगेद्य इस संबंध में शिक्षकों को भी निर्देशित कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखकर विद्युत विभाग ने भी यहां के करीब एक दर्जन गांव की बिजली काट दी जिससे कि वहां पर अनहोनी घटना ना हो जाए।

शमशाबाद क्षेत्र के भगवानपुर जैतपुर नगला ब सो ला फुल हा मुंशी नगला चौराहा र गढ़िया दक्षिणी पैलानी बांसखेड़ा नगरिया स मेची पुर चीता र आदि गांव में गंगा की बाढ़ का पानी गांव में घुसने लगा है लोगों को अब खाने पीने की भी दिक्कत होने लगी है। लोग अपना खाना चारपाई एवं तखत पर चूल्हा आदि रखकर बनवा रहे हैं वही ग्रामीण लोग तखत एवं चारपाई पर बैठकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं लोगों को आवा गमन में काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीण लोग बाढ़ के पानी में पैदल चलकर आवा गमन कर रहे हैं तथा इस समय इस क्षेत्र के करीब एक दर्जन संपर्क मार्ग जलमग्न हो गए हैं। इस गंगा की बाढ़ में शमशाबाद ब्लॉक के जटपुरा कलियाही और कटरी तौफीक के परिषदीय विद्यालय चारों ओर पानी से गिर गए हैं। इस कारण इन स्कूलों में स्कूली बच्चे और शिक्षक नहीं पहुंच पा रहे हैं जिसके कारण वहां पर पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है।

खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पटेल ने बताया की इन विद्यालयों को दूसरी जगह संबद्ध कर दिया गया है । जब तक यहां पर बाढ़ का पानी रहेगा तब तक इन स्कूलों के बच्चे दूसरे गांव के विद्यालय में पढ़ेंगे। इसको लेकर विद्यालयों को भी निर्देशित कर दिया गया है। वही गंगा के बढ़ते जल स्तर को देखकर विद्युत विभाग ने भी इस क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों की बिजली काट दी है।

## वेतन न मिलने पर सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** वेतन न मिलने से नाराज नेतृत्व विहीन सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन किया।चतुर्थ नलकूप खंड सिंचाई विभाग, जलालपुर में तैनात कर्मचारियों ने वेतन भुगतान न होने से नाराज होकर बृहस्पतिवार को कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

खंड कार्यालय के प्रमुख सहायक अभियंता नागेंद्र कुमार की गैरमौजूदगी में कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर विरोध जताया। शीत प्रवेक्षक भियांव, राधेश्याम दुबे के नेतृत्व में जुटे कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे पर्वों से पहले भी वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में उन्हें परिवार के खर्च, बच्चों की पढ़ाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बीते कई वर्षों से प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन ट्रांसफर हो जाता था, लेकिन इस बार शासन की उदासीनता के कारण अभी तक वेतन जारी नहीं हुआ है।

# डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर बैठक संपन्न



**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**


**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना व जनपद के समस्त विभागों की बैंक से संवंधित योजनाओं की प्रगति की सम्वन्ध में व समस्त क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं जिला समन्वयकों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति सुधारे तथा जनपद को शीर्ष पर लाये, लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, सभी बैंक विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों के ऋण प्राथमिकता पर स्वीकृत करे, अनावश्यक रूप से ऋण आवेदन अस्वीकृत न करे,समीक्षा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की बैंक ऑफ इंडिया में 85 आवेदन व स्टेट बैंक में 47 आवेदन लंबित पाये गये,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ग्रामीण बैंक में 15 व बैंक ऑफ इंडिया में 11 आवेदन लंबित पाये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डी0डी0ओ0, एल0डी0एम0, जी0एम0 डी0आई0सी0 व जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

अवधनामा



# रामनगरी की गरिमा को मिलेगा नया द्वार, अयोध्या में बन रहा है भव्य तिलक प्रवेश द्वार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को और सशक्त करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक पहल की जा रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर एक भव्य तिलक प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह द्वार अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थल हनुमान गुफा के समीप बन रहा है और इसका निर्माण कार्य अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। कुल 1.89 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस प्रवेश द्वार का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को मिलेगा नया आयाम तिलक प्रवेश द्वार न केवल एक स्थापत्य संरचना है, बल्कि यह अयोध्या की समृद्ध धार्मिक परंपरा, आध्यात्मिक पहचान और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक भी बनेगा। पंचकोसी परिक्रमा, जो कि अयोध्या की एक महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है, उसमें सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह द्वार प्रवेश का आध्यात्मिक अनुभव और भव्यता दोनों ही प्रदान करेगा। इस द्वार को इस प्रकार डिज़ाइन किया जा रहा है कि यह शास्त्रीय स्थापत्य कला, मंदिर शैली और आधुनिक तकनीकों का सुंदर संगम प्रस्तुत करे। निर्माण में धार्मिक प्रतीकों, रामायण युगीन प्रेरणाओं और पारंपरिक शिल्प को प्रमुखता दी जा रही है। सौंदर्यीकरण और आकर्षण का केंद्र बनेगा द्वार तिलक प्रवेश द्वार न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि पर्यटन और सौंदर्यीकरण की दृष्टि से भी अयोध्या को एक नई पहचान देगा। इस द्वार के चारों ओर भव्य फसाड, लाइटिंग, शिल्पकला से सजे खंभे, पत्थरों की नक्काशी व आसपास हरियाली व सजावट का कार्य भी किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यह प्रयास किया जा रहा है कि यह द्वार अयोध्या का एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बने। इस परियोजना को लेकर अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विन पाण्डेय ने कहा ÷तिलक प्रवेश द्वार न केवल अयोध्या की धार्मिक गरिमा को नई ऊंचाई देगा, बल्कि यह एक ऐतिहासिक और स्थापत्य दृष्टिकोण से भी अद्वितीय होगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के स्वागत का यह द्वार एक यादगार अनुभव बन सके, इसके लिए उच्च गुणवत्ता के साथ सौंदर्यीकरण और भव्यता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर आगामी धार्मिक आयोजनों तक इसे जनता को समर्पित किया जा सके। मुख्यमंत्री की दृष्टि अयोध्या को बनाना है वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र का पुनर्विकास, आस्था पथ, भक्ति पथ, जनसुविधा केंद्र, डिजिटल संकेतक, रिवर फ्रंट विकास, घाटों का पुनरुद्धार और प्रमुख मंदिरों तक बेहतर पहुंच जैसे कार्य शामिल हैं। इस क्रम में तिलक प्रवेश द्वार% का निर्माण भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह द्वार आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या में प्रवेश करते समय ही एक आध्यात्मिक भावभूमि और भव्यता का अनुभव देगा।

## बेसिक शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए: डॉ. संजय सिंह

**अयोध्या ।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को क्ब्स्व् ड्यूटी व अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कराने की मांग को लेकर मंगलवार को प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह के नेतृत्व में यह ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध सिंह को सौंपा गया।डॉ. संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पूर्णतः समर्पित हैं। ऐसे में उन्हें गैर-शैक्षणिक कार्यों, विशेषकर क्ब्स्व् ड्यूटी में लगाए जाना शिक्षा व्यवस्था के साथ न्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ विद्यालयी कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करता है, बल्कि माननीय उच्च न्यायालय एवं त्ज्म् अधिनियम 2009 की धारा 27 का स्पष्ट उल्लंघन भी है।उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकारों ने भी समय-समय पर यह निर्देश दिए हैं कि शिक्षकों को केवल शैक्षणिक कार्यों में ही लगाया जाए, बावजूद इसके अयोध्या जनपद के विभिन्न विकास खंडों में शिक्षकों को BLO ड्यूटी में लगाया जा रहा है।

# कृष्ण जन्माष्टमी के पहले होगी पूजा स्थलों की मरम्मत व सफाई

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** आगामी 16 अगस्त से प्रारंभ होने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा से पहले प्रस्तावित 23 स्थलों की सफाई एवं आवश्यकतानुसार मार्गों एवं नालियों की मरम्मत कराई जाएगी। इसके साथ ही मार्ग प्रकाश व्यवस्था का भी प्रबंध होगा। यह निर्देश महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने अपने कक्ष में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समितियों के पदाधिकारी संग बैठक में दी। इस मौके पर नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार भी मौजूद थे। केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के संयोजन में आयोजित बैठक में महापौर ने कहा कि नगर निगम जल्द ही कृष्ण जन्माष्टमी गणेश उत्सव दुर्गा पूजा एवं रामलीला जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मद्देनजर कंट्रोल रूम स्थापित करेगा, जिसमें समितियां आवश्यकता अनुसार अपने सुझाव दर्ज कर सकेंगी और उसका समय से समाधान कराया जाएगा। उन्होंने समितियों के सुझाव खास तौर से मार्गों की मरम्मत, नालियों पर पटिया रखवाने तथा पूजा स्थलों की निरंतर सफाई कराने का भरोसा दिया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि विसर्जन स्थल पर टेंट लगवाने, पूजा स्थलों पर पेयजल के लिए वॉटर टैंकर उपलब्ध कराने, चूने का छिड़काव, फागिंग तथा एंटी लार्वा का छिड़काव नियमित कराने तथा डस्टबिन रखवाने का निर्देश महापौर ने दिया। महापौर ने मार्ग प्रकाश व्यवस्था को समय से व्यवस्थित करने का निर्देश प्रकाश विभाग को दिया। समितियों ने कश्मीरी मोहल्ला में बिजली का तार नीचे होने, लालबाग रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज के नीचे अंधेरा होने, बहेलिया टोला में पेयजल समस्या, अश्विनीपुरम में मलवा जमा होने तथा कांतिनगर में जल भराव होने की शिकायत दर्ज कराई। समितियों ने आगामी 23 अगस्त को विसर्जन यात्रा के समय शराब और मांस की दुकान बंद रखने की मांग की।

## अब सरकारी पेड़ो पर चलने लगे आरा कुल्हाड़ी, वन विभाग और पुलिस मौन



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जब रक्षक ही भक्षक बन जाये तो सरकारी कोसिसे हांफने लगती है...जी हां हम बात कर रहे है दो जिम्मेदार विभागों की लेकिन वन रेंज रामनगर और मसौली थाना पुलिस अपनी जिम्मेदारी को लकडकट्टो को दुलार प्यार सम्मान देकर खूब निभा रहे है। बेखौफ दिन दहाड़े दरख्तों का आरा कुल्हाड़ी से सीना चीरा जा रहा है। खास बात यह है कि त्रिलोकपुर पुलिस चौकी के पीछे रामचबूतरा मंदिर के पास वन विभाग की लगी बेशकीमती सीशम को लकड़ी चोरो ने काट डाला इस सरकारी संपत्ति को हड़पने वालो पर दो दिन बीत गए कार्यवाही नही हो पाई। मेहरबानी का आलम यह है कि न पुलिस बोल रही न वन विभाग दोनो की खामोसी चर्चा में है। सूत्रों की माने तो चौकी त्रिलोकपुर में तैनात एक सपाई सिपाही इस तरह के कार्यो में महारत हासिल कर रखी है। दूसरा मामला ग्राम प्रीतमपुर में आम का पेड़ काट डाला इस मामले में रेंजर अल्पना पांडे कहती है कि ठेकेदारों के आरा कुल्हाड़ी जमा कर लिए लेकिन अभी कार्यवाही नही की सरकारी सीशम के मामले में बताया कि जांच चल रही है। सवाल उठता है कि सरकारी पेड़ो को काटने वालो चोरो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जगह विभाग कई दिन जांच में बिता दे रहा है। इसी तरह ग्राम अमलोरा में आम का पेड़ काटा गया। बिना परमिट धड़लले से अवैध कटान खूब फल फूल रही है। वह रेंज कार्यालय रानीबाजार में लकड़ी ठेकेदारों के जमावड़ा से साफ हो जाता है कि इनको कौन संरक्षण दे रहा है। यही हाल त्रिलोकपुर पुलिस चौकी का यंहा अनीश ठेकेदार का कब्जा है। ग्रामीणों का कहना है एक कुर्सी अनीश ठेकेदार की फिक्स है।

## बुनकरों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

जैदपुर बाराबंकी।**(अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय हथ करघा दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन कस्बा जैदपुर के शाह कटरा स्थित हमजा मैरिज हाल मे किया गया जिसमे नाबार्ड के माध्यम से बुनकरों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की योजनाओं के बारे मे विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कार्यक्रम के आयोजक अंसार हैंडलूम के मालिक जफर अंसारी ने उमैर अंसारी को सम्मानित किया।

# सिद्धिविनायक कंपनी नर लोन के नाम पर की ठगी, पीड़ितों ने किया हंगामा

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** बरैय्या में सिद्धिविनायक फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लोन के नाम पर की गई ठगी को लेकर लोगों ने जमकर काटा हंगामा। जानकारी के मुताबिक जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरैय्या में सिद्धिविनायक फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित एक संस्था द्वारा लोगों से लोन दिलाने के नाम पर करीब 10 लाख से अधिक रुपए को ठगने का मामला सामने आया है। मामला तब उजागर हुआ जब गुरुवार करीब 2ः00 बजे क्षेत्र से भारी संख्या में लोग उक्त स्थान पर अपने लोन को लेने के लिए पहुंचे। लेकिन संस्था में ताला देखकर सभी के होश उड़ गए और इसके बाद लोगों का ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ितों ने कोतवाली जैदपुर पहुंचकर उक्त मामले को लेकर थाने में शिकायत किया है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा ने की बैठक

जैदपुर बाराबंकी।(अवधनामा संवाददाता) नगर पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया बैठक, पूर्व सांसद रहे मौजूद। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर के सभागार में गुरुवार करीब 3:30 बजे भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने सभी नवागत पदाधिकारियो को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया तथा हर घर तिरंगा अभियान के कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु प्रेरित किया गया है।

## एसपी ने नवनिर्मित मीटिंग हॉल का किया उद्घाटन

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना परिसर में नवनिर्मित मीटिंग हॉल का पुलिस अधीक्षक द्वारा विधि विधान पूजा पाठ के उपरांत फीता काटकर की उद्घाटन किया गया। बताते चलें कि जैदपुर कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा नवनिर्मित मीटिंग हाल का पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा गुरुवार करीब 3 बजे वेद विधान से पूजा पाठ व नारियल फोड़ कर तथा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

## बिजली विभाग की लापरवाही से दो भैंसों की करंट से मौत

## सुबेहा थाना क्षेत्र के बम्हरौली आइमा गांव का मामला



*अवधनामा संवाददाता (राम धीरज यादव)*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** ब्लाक की ग्राम पंचायत कोलवा के बम्हरौली आइमा गांव में बृहस्पतिवार को अपराह्न दो बजे के बाद बिजली विभाग की हाईटेंशन लाइन में खम्भे में लगे ट्रांसफार्मर से नंगा तार झूल रहा था जिसकी चपेट में आने से दो भैंसों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटनाक्रम की सूचना मौके के प्रधान प्रतिनिधि कमल बहादुर तथा ग्रामीणो द्वारा डायल 112को दी गई मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और बिजली विभाग को दूरभाष पर जानकारी दी इस घटना को लेकर लापरवाह बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणो में आक्रोश दिखाई पड़ा। गांव के सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से लाखों रुपए की दो भैंस मौत के मुंह में समा गई पशुपालक पप्पू सिंह ने बताया कि उनकी भैंस पंचायत भवन के पास हरी भरी घास चर रही थी 11 हजार बोल्ट की लाइन से एक ट्रांसफार्मर में नंगा तार झूल रहा था जिसकी चपेट में दोनों भैंस आ गई और मौके पर मौत हो गई। भैंसो की मौत से पप्पू के परिवार में कोहराम मच गया उनकी पत्नी और बच्चे सभी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि इन्हीं भैंसों के सहारे परिवार की जीविका चल रही थी दूध ही परिवार में आय का जरिया बना था। खबर लिखे जाने तक बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच सका। वही सुबेहा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों मृतक भैंसों को गड्ढा खोदवाकर दफ़न करवा दिया बताया जाता है कि भैंसों का कोई बीमा नहीं था।

# नरेंद्र को सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर हुआ जोरदार स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा को समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस दौरान नरेंद्र वर्मा का सपा के पूर्व मंत्री अरविंद सिंह उर्फ गोप व सदर विधानसभा के वर्तमान विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने जोरदार स्वागत किया। श्री गोप ने कहा कि नरेन्द्र वर्मा कि पार्टी के लिए किये गए परिश्रम को दृस्टिगत रखते हुए इन्हे बड़ी जिम्मेदारी दी गई है आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि नरेंद्र भाई समाजवादी पार्टी में अपने पद पर रहकर समाजवादी विचारधारा को पुरे देश में जनता को समझाने में पूरा योगदान करेंगे। सदर विधायक सुरेश यादव ने कहा नरेंद्र वर्मा को सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने से पार्टी को और मजबूती मिली है आने वाले विधानसभा चुनाव में इससे पार्टी को बड़ा फायदा होगा।

श्री यादव ने आगे कहा कि अब समय आ गया है भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेकना और हमारी नेता सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाना है। स्वागत के दौरान नरेंद्र वर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस विश्वास के साथ हमें यह जिमेदारी दिया है उस पर खून पसीना बहाकर समाजवादी पार्टी की विचारधारा को अधिवक्ता समाज के साथ साथ जन जन तक पहुँचाने का काम करूँगा। इस मौके पर जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक सरवर अली, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राममंगन रावत, नगर पालिका परिषद नवाबगंज चेयरमेन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, सपा जिला अध्यक्ष अहमद अयाज, सहित सभी विधानसभा अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सपा के प्रदेश सचिव हुमायु नईम खान, जितेंद्र वर्मा, सुरेश चंद्र गौतम, सभासद ताजबाबा राइन, उपाध्यक्ष नसीम कीर्ति, व जिला स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा समाजवादी पार्टी महिला अध्यक्ष पूनम यादव अपनी पूरी टीम सहित मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीतम वर्मा ने किया तथा कार्यालय पर व्यवस्ता राजकुमार वर्मा ने किया।

## नगर पंचायत जैदपुर के कई वार्डो में पानी (वाटर सप्लाई) का संकट



**(अवधनामा संवाददाता) जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड रईस कटरा. शाह कटरा .मुख्खिन व छेदा कटरा में वाटर सप्लाई की मेन लाईन में पानी आना बंद हुआ ! जल निगम के अधिकारी से जब सभासद ताहिर अंसारी ने बात की तो जूनियर इंजीनियर सौरभ त्रिपाठी ने बताया की इस वाटर सप्लाई की लाईन को मुतफरिक आबादी व सरकारी अस्पताल की तरफ जोड़ दिया गया है।इस लिए ऐसी समस्या उत्पन्न हुई है। लेकिन किसके आदेश से किया ।इसका जवाब अधिकारी नही दे सके। यहां बताते चलें हर घर जल की सुविधा के लिए सरकार जैदपुर के वार्ड अलीअबर कटरा, मोरवी कटरा, व मुतफरिक आबादी के लिए अली अकबर कटरा में नयी पानी की टंकी का निर्माण हो चुका है। ऐसे में जल निगम की तानाशाही यह कुछ वार्डो में जान बूझ कर पानी को रोका जाना ठीक नहीं। यह किसी के कहने से कुछ वार्डो को चिन्हित कर के परेशान करने जैसा है ! सभासद ताहिर अंसारी के अनुसार अगर शुक्रवार तक इन वार्डो में पानी आना सुनिश्चित नहीं किया गया तो शनिवार को वार्डों की जनता द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा। सभासद ताहिर अंसारी ने अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी व चैयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम से शिक़ायत की है।

## मिठौरा चौकमार्ग पर राशन से भरा ट्रकपलटा, बड़ा हादसा टला



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** मिठौरा चौक मार्ग पर मधुबनी और पिपरा सोनाड़ी गांव के बीच गुरुवार दोपहर लगभग 1:10 बजे एक राशन से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दक्षिण हिस्से में पलट गया। ट्रक मधुबनी की ओर से आ रहा था और पिपरा सोनाड़ी गांव से करीब 200 मीटर पूर्व यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के समय ट्रक में सवार अजय गुप्ता, सोमई, अरविंद, अमित जायसवाल और शुभम मौजूद थे, जिन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं आई। ट्रक चालक जगदीश ने बताया कि अचानक संतुलन बिगडने के कारण वाहन पलट गया, लेकिन किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही चौक थाने से हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव और विश्वनाथ पासवान मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बावजूद कोई हानि नहीं हुई।

## 5.88 लाख रुपये नकद व अर्टिगा कार के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नेपाल सीमा पर तस्करी पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नौतनवा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बीती रात गश्त और चेकिंग के दौरान पुलिस ने बनैलिया माता मंदिर ओवरब्रिज के पास से एक संदिग्ध अर्टिगा वाहन को रोका, जिसमें सवार तीन लोगों के पास से ?5 लाख 88 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस गिरफ्तारी को तस्करी के खिलाफ अभियान की एक बड़ी उपलब्धि बताया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचा दीपक चौबे (37), निवासी शेखुई, थाना फरेंदा, जनपद महराजगंज, मनोज कुमार गुप्ता (51), निवासी दिलेजाकपुर, थाना कोतवाली, जनपद गोरखपुर, विजय प्रताप यादव (38), निवासी करजहां, थाना चिलुआताल, जनपद गोरखपुर हुई। इनके पास से ?5,88,000 नकद (भारतीय मुद्रा) एक अर्टिगा कार बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, जब इनसे पूछताछ की गई तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला और नकदी की वैधता को लेकर संदेह हुआ।

# भारत-नेपाल सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## थाईलैंड की महिला समेत तीन गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीमा सुरक्षा बल और सोनौली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक थाईलैंड की महिला समेत तीन लोगों को नेपाल से अवैध रूप से भारत में घुसते हुए गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर ग्राम महुअवा के पास तड़के सुबह की गई। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में चल रहे विशेष सीमा सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार सुबह लगभग 5ः10 बजे एसएसबी को गुप्त सूचना मिली कि एक विदेशी महिला अवैध रूप से नेपाल से भारत में प्रवेश कर एक वाहन से गोरखपुर की ओर जा रही है। सूचना के आधार पर एसएसबी



की 66वीं वाहिनी की एफ कम्पनी के निरीक्षक कुमार पवन के नेतृत्व में टीम ने सक्रियता दिखाई और सुबह 5:38 बजे महुअवा के पास वाहन संख्या UP 53 ES 2289 को रोक लिया। तलाशी में एक महिला समेत तीन लोग वाहन में सवार मिले। महिला ने अपना पासपोर्ट दिखाया, जिसमें उसका नाम सुपारपोन आयु 43 वर्ष, मूल निवासी थाईलैंड, दर्ज था। वीजा संख्या 9030706BO और पासपोर्ट संख्या ऐसी 4759836 पाई गई। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह नेपाल से बिना वैध इमिग्रेशन प्रक्रिया के भारत में प्रवेश कर रही थी। महिला ने बताया कि कैलाश यादव, निवासी पुरुषोत्तमपुर, थाना परसामलिक ने उसे बुलाया था और वाहन की व्यवस्था इदू उर्फ वसीम अहमद, निवासी खरहरवा, थाना कोल्हुई ने की थी। जांच के दौरान महिला के बैग से 16,770 नकद, थाईलैंड की मुद्रा, यूएई दिरहम, एक पुराना 1000 का नोट, और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। तीनों आरोपितों को मौके पर ही गिरफ्तार कर सोनौली थाने को सौंप दिया गया। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में स्स्क्र एफ कंपनी 66वीं वाहिनी की टीम–निरीक्षक कुमार पवन, आरक्षी हरिओम, आरक्षी सूरज प्रताप सिंह, महिला आरक्षी रंजीत कौर और महिला आरक्षी खुशबू कुमारी शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों, तस्करी और घुसपैठ को रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा। इस तरह की कार्रवाई से न केवल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि आम जनता में भी विश्वास बढ़ेगा।

## 1032 मैट्रिक टन यूरिया से किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

## कुल 57 समितियों को भेजी जा रही नई खेप

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कृषि कार्यों में तेजी के इस मौसम में जनपद के किसानों को बड़ी राहत मिली है। बुधवार को जनपद को कुल 1032 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है। सहकारिता विभाग को नकहा जंगल रैक पॉइंट पर चंबल की यूरिया की रैक से 383 मै.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र को 315 मै.टन यूरिया की आपूर्ति की गई है, वहीं कोरोमंडल कंपनी की रैक से 649 मै.टन यूरिया और प्राप्त हो रही है, जिसका वितरण संबंधित समितियों को किया जा रहा है। एआर कोऑपरेटिव ने जानकारी दी कि यह यूरिया जनपद की उन समितियों को भेजा जा रहा है जहां स्टॉक की कमी थी। चंबल से प्राप्त 383 मै.टन यूरिया का आवंटन 19 समितियों को किया गया है, जिनमें आनंदनगर, परसौना, धरैची, दरहटा, मणिक तालाब, पुरंदरपुर, महुअवा अड्डा, मंगलपुर पटखौली, बेलभरिया सहित अन्य समितियाँ शामिल हैं। निजी दुकानों को भी 315 मै.टन यूरिया आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त कल उत्तम कंपनी की 1700 बोरी यूरिया भी निजी दुकानों को भेजी गई थी। उल्लेखनीय है कि 4 दिन पूर्व ही जनपद को इफको की एक रैक से 1338 मै.टन यूरिया प्राप्त हुआ था, जिसे सभी समितियों को भेजा गया था। जनपद में कुल 92 साधन सहकारी समितियाँ कार्यरत हैं। इनके अतिरिक्त इफको के 3 और पीसीएफ का 1 किसान सेवा केंद्र भी खाद वितरण में लगे हुए हैं। निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से भी बिक्री की जा रही है। सहकारिता विभाग के अनुसार अब तक लगभग 12,000 मै.टन यूरिया का वितरण हो चुका है। आज प्राप्त यूरिया की खेप 57 समितियों को भेजी जा रही है, जबकि शेष केंद्रों पर पहले से ही पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि यूरिया एवं अन्य उर्वरकों का वितरण शत-प्रतिशत पॉस मशीन के माध्यम से किया जाए।

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 08 अगस्त 2025



# डीएम की अध्यक्षता में हुई ऑन एग्रीकल्चर (आत्मा) योजना के गवर्निंग बोर्ड की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर (आत्मा) योजना के गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) घटक, मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के सभी घटक, सीड मनी रिवाल्विंग फन्ड, मोबलाइजेशन किसान ग्रुप, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल एवं वर्ष 2025-26 मे आत्मा योजना अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्यो को समिति द्वारा चर्चा के उपरान्त अनुमोदन दिया गया। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से 5 कृषक कुल 70 कृषको का प्रशिक्षण नवीनतम कृषि तकनीकी की जानकारी देने के लिए प्रदेश के बाहर भेजकर प्रशिक्षण कराया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में मसूर की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करे। किसान पाठशाला के माध्यम से जनपद में खरीफ फसलों का उत्पाइन हेतु चिन्हित किये गये है। जिलाधिकारी ने उपकृषि निदेशक को निर्देश दिया कि फार्मर स्कूल के माध्यम से जो गांव खेती के लिए चिन्हित किया गया है वहां पर मानक अनुरूप खेती हो। कृषि विभाग द्वारा प्रर्दशन हेतु जो बीज किसानों को दिया जाता है उस बीज से किसान खेती भी करे इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारी अपने स्तर से प्रयास कर सुनिश्चित कराये। इसके साथ ही बकरी पालन हेतु प्रशिक्षण के लिए मथुरा भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावा मत्स्य पालन करने वालो कृषको को छत्तीसगढ़ भेजने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तथा किसान व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे

## प्राशिसं की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार, बने आठ नए पदाधिकारी

**सिद्धार्थनगर।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी की गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में बैठक हुई, जिसमें तीन पदाधिकारियों को पदोन्नति दी गई और छह नए पदाधिकारी घोषित किए गए। जिला कार्यकारिणी में पहले से सम्मिलित इंद्रसेन सिंह, अशोक कुमार व सुधाकर मिश्रा को पदोन्नति देते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

इसके अलावा जोगिया में कार्यरत शिक्षक मनीष दूबे व खुनियान्व में कार्यरत शिक्षक उमेश चंद को संगठन मंत्री, शोहरतगढ़ के मुस्तन शेरुल्लह, इटवा के अब्दुल खालिक, बर्डपुर की आरती सिंह व नौगढ़ के अरुण त्रिपाठ व मधुरानी शाही को प्रचार मंत्री बनाया गया है। आलोक आनंद को नौगढ़ तहसील के प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। मिठवल ब्लॉक में सुनील त्रिपाठी को संयोजक, शिवप्रसाद, संजय जायसवाल व सुग्रीव वर्मा को सहसंयोजक बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने शपथ दिलाई।

# बीडीओ बढ़नी ने एडीओ पंचायत की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर उच्चाधिकारियों को लिखा पत्र

**एक माह का वेतन अवरुद्ध करते हुए, शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने पर मांगा स्पष्टीकरण**

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी अंतर्गत गांव पंचायतों में विकास योजनाओं पर खर्च करने के लिए जो धनराशि शासन द्वारा मुहैया कराया जाता है। उसका समय से सदुपयोग नही होने व जिम्मेदारों द्वारा विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने का मामला प्रकाश में आया है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार विकास खंड बढ़नी में तैनात एडीओ पंचायत राम विलास राय के द्वारा शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने पर खंड विकास अधिकारी ने एक माह का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है ।

एक पत्र 16 जुलाई व दूसरा पत्र 30 जुलाई को जारी किया गया है। जिसमें लिखा गया है कि 15वां वित्त आयोग / पंचम राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रशित व्यय करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार फैमिली आई0डी0 की प्रगति, आवास प्लस सर्वे व पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं में अपेक्षाकृत प्रगति लाने के निर्देश दिये गये है। परन्तु आप द्वारा उक्त कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है। पंचम राज्य वित्त आयोग में 0.185 करोड़ रूपये व 15वें वित्त आयोग में 0.179 करोड़ रूपये अभी भी अवशेष है। प्रधान मंत्री आवास सर्वे में आपसे सम्बन्धित कई ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य पूर्ण नहीं किया गया है जबकि दिनांक 31.07.2025 तक ही साइड खुला है। फैमिली आई0डी0 की प्रगति विकास खण्ड में अत्यधिक खराब है। उक्त से स्पष्ट है कि आप द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वाह्व सही ढंग से नहीं किया जा रहा है, जो कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत है। जबकि उक्त के सम्बन्ध में प्रत्येक साप्ताहिक बैठकों में व प्रतिदिन ह्वाटस्अप के माध्यम से प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। आप द्वारा कार्यो में रूचि न लेने, उच्चधिकारियों के आदेशों की अवहेलना व प्रधानमंत्री आवास का सर्वे पूर्ण न करने के कारण क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनिक की संस्तुति उच्चाधिकारियों को की जाय।

उक्त क्रम में आपको अन्तिम रूप से चेतावनी सहित निर्देशित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग / पंचम राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत व्यय कराते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें तथा प्रधान मंत्री आवास का सर्वे कार्य दिनांक 31.07.2025 तक शत-प्रतिशत पूर्ण करते हुए अन्य योजनाओं में अपेक्षाकृत प्रगति लाते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ अभी तक प्रधान मंत्री आवास का सर्वे कार्य पूर्ण न करने व 15वां वित्त आयोग / पंचम राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त धनराशि का शत-प्रतिशत व्यय न कराने के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण भी अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। अन्यथा कि स्थिति में आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति उच्चाधिकारियों को कर दी जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

# विश्व स्तनपान दिवस पर मेडिकल कालेज में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज अम्बेडकरनगर में बाल रोग विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विश्व स्तनपान सप्ताह पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा मुकेश यादव, उप प्रधानाचार्य डा उमेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा अमित पटेल, चिकित्सा अधीक्षक डा मुकुल सक्सेना के साथ विभागाध्यक्ष बाल रोग डा अमित गुप्ता, प्रोफेसर डा विजय यादव बाल रोग, विभागाध्यक्ष स्त्री एवम् प्रसूति रोग डा हिना सईदा, सह आचार्य डा प्रिया सिंह स्त्री एवम् प्रसूति रोग, विभागाध्यक्ष मेडिसिन डा बृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे ।

इस वर्ष इसका थीम ÷ स्तनपान को प्राथमिकता दें ÷ स्थायी सहायता प्रणालियाँ बनाएँ ÷ जिसका उद्देश्य घर पर, कार्य स्थल पर एवं सार्वजनिक स्थल पर स्थाई व्यवस्था का निर्माण किया जाए जिससे माताओं को स्तनपान कराने में सहायता मिल सके, कामकाजी माताओं को कार्य स्थल पर स्तनपान करवाने के लिए समय दिया जाए ।

समाज में व्याप्त स्तनपान से सम्बन्धित भ्रांतियों को कम करना ।स्तनपान नवजात को जन्म एक घंटे के अंदर शुरू किया जाना चाहिए ।स्तनपान शिशुओं को गंभीर बीमारियों जैसे कि डायरिया, न्यूमोनिया होने के रिस्क को कम करता है जिससे नवजात मृत्यु दर में भी कमी होगी। स्तनपान कराने से माताओं में भी गंभीर बीमारियों का रिस्क बहुत ही कम होता है जैसे कि स्तन कैंसर, गर्भाशय का कैंसर आदि।

# परावैधिक स्वयं सेवकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर हेतु चयनित किये गये पराविधिक स्वयं सेवको का दूसरे दिन का प्रशिक्षण गुरुवार को जनपद न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर भवन में सकुशल संपन्न हुआ।

दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षक के रूप में शिवेन्द्र शर्मा अपर सिविल जज जू0डि0,श्रेय कुमार वर्मा सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0-प्रथम, सचिन वर्मा अधीक्षक जिला कारागार, अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल,फराज अहमद डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, देवेन्द्र मणि त्रिपाठी तहसीलदार/सचिव तहसील विधिक सेवा समिति एवं अमरेश यादव ट्रैफिक इन्स्पेक्टर द्वारा उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकों को उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

संचालन शैलेन्द्र नाथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। प्रशिक्षणोपरांत अनुभव कटियार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं शैलेन्द्र नाथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी चयनित पराविधिक स्वयं सेवकगण को पहचान पत्र व कार्य संयोजन पत्र वितरित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत भारत भारी में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**छात्राओं को स्तनपान के महत्व के प्रति किया गया जागरूक**

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत नगर पंचायत भारत भारी के बढ़नी कोल्ड स्टोरेज स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज के परिसर में गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्तनपान के प्रति समाज, विशेष रूप से छात्राओं में जागरूकता फैलाना रहा।

इस कार्यक्रम का संचालन यूनिसेफ से जुड़े बीएमसी शोएब अख्तर ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्तनपान नवजात शिशु के लिए पहला टीका है। इससे शिशु को जीवन की एक मजबूत शुरुआत मिलती है। स्तनपान न केवल शारीरिक विकास में सहायक होता है, बल्कि इससे शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने यह भी बताया कि स्तनपान से मां और बच्चे दोनों को लाभ होता है और इससे मातृ मृत्यु दर में भी कमी आती है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को भविष्य में एक जिम्मेदार मां बनने की दिशा में सही जानकारी मिलती है। उप प्रधानाचार्य शहजाद आलम ने कहा कि समाज में स्वस्थ शिशुओं की नींव स्तनपान से ही रखी जाती है, इसलिए सभी को इस विषय में गंभीरता से जानकारी लेनी चाहिए।

इस अवसर पर शिक्षक फरियाद अहमद, शिवांगी वरुण, सादिया खातून, सोनी जायसवाल सहित विद्यालय की अन्य शिक्षिकाएं और छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने भी स्तनपान से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया।

## तिरंगा एक ध्वज नहीं, हमारे शौर्य और बलिदान का प्रतीक : लवकुश



**इटवा सिद्धार्थनगर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भनवापुर मंडल के भनवापुर ब्लॉक सभागार में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आहूत की गई। जिसमें शीर्ष नेतृत्व के द्वारा बताए गए तिथि वार कार्यक्रमों की योजना बनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भनवापुर मंडल अध्यक्ष विनय पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक में बतौर मुख्य लवकुश ओझा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा 12 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाया जाना है तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, हमारे गर्व, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आइए, हर घर तिरंगा अभियान को एक जन-आंदोलन बनाएं और देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएं।

# खाद पहुंचने पर उस समिति के किसानों को दिया जायेगा वरियता कापरेटिव



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के खखरा खुर्द मे बृहस्पतिवार को साधन सहकारी समिति पर किसानों को निर्धारित मूल्य पर यूरिया खाद आधार कार्ड व खतौनी लेकर पोस मशीन के द्वारा फिंगर लगाकर वितरण किया गया इस के पहले मंगलवार को मुडिला अदाई व बुधवार को बनियाडीह साधन सहकारी समिति वितरण पर किया गया है वहां पर भी काफी भीड़ थी इसी वजह से मौके पर पहले उसी न्याय पंचायत के लोगों को ही खाद दिया गया।

किसानों ने बताया कि इस समय खाद की आवश्यकता थी हम लोगों ने पता किया तो सचिव उमेश यादव ने बताया की युरिया खाद उपलब्ध है ।आधार व खसरा खतौनी साथ लाकर ले सकते है काफी भीड़ होने की वजह से खाद कम पड़ गया। भीड़ होने के कारण सहकारिता विभाग से एडीओ कोपरेटिव अम्ब्रीष यादव ने मौखिक रूप से सचिवों को निर्देश दिया है कि कही भी सहकारी समिति पर खाद पहुंचेगा तो उसी न्याय पंचायत के लोगों को पहले खाद दिया जायेगा। बचने पर अन्य लोगों को भी खाद दिया जायेगा। अगर कोई जबरदस्ती करता है तो सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय थाने से फोर्स बुलाकर सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वितरण कराया जाय।

## पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**गोंडा।** थाना तरबगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त करन कनौजिया पुत्र रोहन कनौजिया निवासी चाईं टोला थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया गया।

दिनांक 25.05.2025 को अवर अभियन्ता श्री सुरेश कुमार 33/11 के0वी0 सब स्टेशन तरबगंज द्वारा थाना तरबगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि बीती रात्रि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इण्डियन बैंक के पास से 3झ95 तार (150 मीटर) तथा ब्रह्माकुमारी आश्रम के पास निर्माणाधीन डबल पोल से 25 के0वी0ए0 प्रवर्तक चोरी कर लिया गया। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना तरबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 07.08.2025 को थाना तरबगंज पुलिस द्वारा घटना मं संलिप्त आरोपी अभियुक्त करन कनौजिया पुत्र रोहन कनौजिया निवासी चांई टोला थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया।

# महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज के छात्रों ने लहराया परचम



**अवधनामा संवादाता**

**अम्बेडकरनगर।** जिले के एकमात्र मेडिकल कॉलेज के छात्र विद्यार्थियों ने पहली बार एम्स गोरखपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पैथोलॉजी क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लिया, जो कि 6 अगस्त को आयोजित हुई थी । इस प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान प्राप्त किया। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे आदरणीय प्राचार्य डॉ मुकेश सर एवं विभागाध्यक्ष डॉ राजेश गौतम के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संभव हो पाया।

प्रतियोगिता में डॉ शैलजा और डॉ आमोद के नेतृत्व में प्रियांशु, साहू अजय, विकास, अभय, तरुण और गुरदीप ने उत्कृष्ट आत्मविश्वास, ज्ञान और उत्साह के साथ संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

इस उपलब्धि पर ष्द्रह्य डॉ अमित, उप प्रधानाचार्य डॉ उमेश, विभागाध्यक्ष डॉ मनोज के साथ साथ डॉ पूनम, डॉ संदीप, डॉ संजय, डॉ राजेश्वरी एवं डॉ अनिल ,डॉ सुनील और डॉ विवेक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी, और भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरणा दी।

## ग्रामसभा अरसावा में जुलूस ए अमारी व 18 बनी हाशिम का ताबूत आज

**टांडा अम्बेडकरनगर।** विकास खण्ड टांडा के ग्राम पंचायत अरसावा में विगत वर्षों की भांति इस बार भी 18 बनी हाशिम का मातम व जुलूस ए अमारी का अंजुमन फैज़ ए हुसैनी के तत्वाधान में शुक्रवार 8 अगस्त को आयोजन किया जाएगा जिस कार्यक्रम के बारे में अधिकृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सैयद अली कम्बर हाजी मुससे ने बताया उक्त होने वाले जुलूस का आगाज़ मौलाना जफर मेहदी की मजलिस के संबोधन से होगा जिस जुलूस के दौरान मौलाना जहीर अब्बास मौलाना जीशान मौलाना मीसम साहब रामपुरी मौलाना गुलाम मुर्तजा ज़ैदी साहब तकरीर को खेताब करेंगे जुलूस ए अमारी में प्रदेश की प्रसिद्ध अंजुमनों में अंजुमन आरफी बघरा मुजफ्फरनगर अंजुमन रौनक ए अज़ा जलालपुर अंबेडकरनगर अंजुमन शमशिरे हैदरी पकड़ी टांडा अंजुमन हैदरी साधनी दिल्ली जुल्फीकारिया खासपुर टांडा अंजुमन फैज़ ए हुसैनी अरसावा टांडा अम्बेडकरनगर जुलूस की निजामत मीसम रामपुरी करेंगे जुलूस ए अमारी को सफल बनाने के लिए लगातार अंजुमन फैज़ ए हुसैनी के सदस्य लगे हुए हैं।

## पांच साल से रास्ते का विवाद को पैमाइश के बाद तहसीलदार ने कराया खत्म



**बांसी सिद्धार्थनगर।** उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय के निर्देशानुसार व नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व मे ग्राम पंचायत कपिया शुक्ल के राजस्व गांव काजी रुधौली के रास्ते का विवाद पिछले पांच साल से चले आ रहा था। जिस पर नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव अपने राजस्व टीम तथा पुलिस बल के सहयोग से चले आ रहे रास्ते का पैमाईस करवाकर विवाद खत्म कराया गया। यह रास्ता एन एच 28 से कपिया शुक्ल जाने वाले पक्की सडक से हरिजन आबादी काजी रुधौली गांव जाने वाले मार्ग के विवाद का निस्तारण ग्राम प्रधान परसुराम सहित तमाम ग्राम वासियो के उपस्थित मे कराया गया। इस दौरान राजस्व टीम मे क्षेत्रीय लेखपाल सुधा यादव, अजय यादव, सर्वेश चौधरी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर, एस आई परमहंस पाल,संजय सिंह, राम कुमार, पुलिस बल मौजूद रहे।

## खखरा खुर्द सहकारी समिति पर वितरण किया गया यूरिया

**अवधनामा संवाददाता, लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के खखरा खुर्द मे बृहस्पतिवार को साधन सहकारी समिति पर किसानों को निर्धारित मूल्य पर यूरिया खाद आधार कार्ड व खतौनी लेकर पोस मशीन के द्वारा फिंगर लगाकर वितरण किया गया इस के पहले मंगलवार को मुडिला अदाई व बुधवार को बनियाडीह साधन सहकारी समिति वितरण पर किया गया है वहां पर भी काफी भीड़ थी इसी वजह से न्याय पंचायत के लोगों को ही दिया जायेगा। किसानों ने बताया कि इस समय खाद की आवश्यकता थी हम लोगों ने पता किया तो सचिव उमेश यादव ने बताया की युरिया खाद उपलब्ध है। आधार व खसरा खतौनी साथ लाकर ले सकते है काफी भीड़ होने की वजह से खाद कम पड़ गया। भीड़ होने के कारण सहकारिता विभाग से एडीओ कोपरेटिव अम्ब्रीष यादव ने बताया कि कही भी सहकारी समिति पर खाद पहुंचेग तो उसी न्याय पंचायत के लोगों को खाद दिया जायेगा।लोटन थाने से सुरक्षा के दृष्टि से फोर्स बुलाकर सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वितरण कराया गया।

# आर0टी0सी0 गोण्डा के प्रशिक्षुओं को कराया गया जिला कारागार का शैक्षणिक भ्रमण



**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आर0टी0सी0 गोण्डा के प्रशिक्षु आरक्षियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्रदान करने हेतु आज जिला कारागार गोण्डा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

इस भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को न केवल कारागार की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं की समझ भी देना था। भ्रमण का नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दावाच्या एवं क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री शिल्पा वर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं ने अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी स्मारक जहां उन्हें लाहिड़ी जी के बलिदान, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान एवं गोण्डा जेल से उनके ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी दी गई साथ ही कारागार की विभिन्न इकाइयाँ-बैरक, पीसीओ, मेस (भोजनालय), चिकित्सालय, पुस्तकालय, जिम (व्यायामशाला), पाठशाला आदि का भ्रमण कराया गया। इन स्थानों पर उन्हें बंदियों की दैनिक जीवनशैली, उनके पुनर्वास से संबंधित गतिविधियाँ तथा प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। सुरक्षा प्रबंधन के विषय में जेल की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, गश्त व्यवस्था एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

पुनर्वास और सुधारात्मक कार्यक्रम के तहत जेल में बंदियों को दी जा रही शिक्षात्मक, सांस्कृतिक एवं मानसिक रूप से सुधारात्मक गतिविधियों के विषय में भी जानकारी दी गई, जिससे प्रशिक्षु यह समझ सकें कि एक पुलिस अधिकारी की भूमिका केवल बंदी बनाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज में उनके पुनर्वास हेतु प्रयास भी जरूरी हैं।

इस शैक्षिक भ्रमण से प्रशिक्षु आरक्षियों को न केवल व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें पुलिस सेवा के मानवीय पहलू को समझने में भी सहायता मिली। यह अनुभव भविष्य में उनकी ड्यूटी के दौरान निर्णय लेने, व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने एवं कारागार प्रशासन से समन्वय स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।

# अध्यक्ष व ईओ ने डहरताल में किया स्टीमर का ट्रायल



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे के पटेलनगर वार्ड में स्थित डहरताल में जल्द ही लोग नौकविहार का आनंद लोग ले सकेंगे। बृहस्पतिवार को नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी व अधिशाषी अधिकारी अजय सिंह ने स्टीमर का ट्रायल किया है।

डहर ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग ने घाट के निर्माण के साथ यहां बच्चों के छोटे झूला लगाया था। इसके बाद जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर के निर्देश पर नगर पालिका बांसी ने यहां दो माह पूर्व फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और नौका विहार के लिए मोटर बोट व स्टीमर के संचालन का टेंडर किया था। ठेकेदार ने डहार ताल में स्टीमर डाल दिया है। जिसका ट्रायल आज नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी, अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार सिंह सहित नगर पालिका के जिम्मेदारों ने किया है। मौके पर मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही इसका उद्घाटन विधायक जय प्रताप सिंह और जिलाधिकारी की मौजूदगी में किया जाएगा।

## पाकिस्तान की परेशानी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मानीटरिंग रिपोर्ट में यह तमाम के आतंकी हमले में आतंकी संगठन टीआरएफ(दरिस्टिन्स फ्रन्ट) की भूमिका जिक्र होने के बाद पाकिस्तान के पास बचने का कोई रास्ता नहीं रह गया है। दुनियां के सामने यह बात जाहिर हो चुकी है कि पाक झूठ बोल रहा है कि भारत में हुये आतंकी हमले में उसका हाथ नहीं है। यह भारत के कूटनीति का नतीजा है। मानीटरिंग टीम ने रिपोर्ट में लिखा है कि टीआरएफ ने दो बार हमले की जिम्मेदारी ली है और यह हमला बिना पाक के जमीन से संचालित आतंकवादी संगठन लश्करे तैय्यबा के समर्थन के बिना यह हमला सम्भव नहीं था। टेरर फन्डिग पर नजर रखने वाली संस्था अन्तरराष्ट्रीय संस्था एफएटीएफ ने कुछ दिन पहले कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बिना आर्थिक मदद नहीं हो सकता था। पाकिस्तान के लिये दो दो ग्लोबल एजेन्सियों के स्टेटमेन्ट को नकारना सम्भव नहीं है। भारत ने इसके पीछे मेहनत की थी। यूएन एससी को लगातार टीआरएफको इस बारे में जानकारी मुहैया करायी गयी। लश्कर के साथ जुडाव होने के सबूत सौपे गये। मई में विदेश मंत्री की अगुवाई में एक डेलीकेशन न्यूयार्क गया था। वहां यूएन अधिकारियों से मुलाकात कर जरूरी दस्तावेज सौपा था। पाकिस्तान ने सौपे सबूतों को झुठलाने के लिये कोशिशे की। पाक को चीन से सहयोग पाने की उम्मीद थी चीन ने सहयोग देकर इसे झुठलाने में मदद की। पर इसबार चीन पाक को नही बचा सका पिछले दिनों पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने दावा किया था कि उन्होंने यूएएसी के प्रेस रिपोर्ट में टीआरएफ का नाम हटवा दिया है। पर इसबार चीन और पाकिस्तान का गठजोड़ नाकाम रहा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बडबोले है।

पाक की यह हार उसके प्राक्सी की हार है। लश्करे तैय्यबा घोषित आतंकवादी संगठन है। इस पर कार्यवाई का दबाव पड़ने के बाद पाकिस्तान ने 2019 में टीआरएफको खड़ा किया था। एलईटी के लड़कों और हथियारों का इस्तेमाल कर टीआरएफआतंक फैलाने में लगा हुआ था। इसबार दुनियां ने पाकिस्तान के प्राक्सी टैक्टिस को पहचान लिया। मानीटरिंग रिपोर्ट को सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य आम सहमति से अपनाते है इससे पाकिस्तान अपनी जवाब देही से बच नही सकता। पाकिस्तान पिछले कुछ दिनों से अपने कूटनीतिक मोर्चे पर छिरता जा रहा है। पहले क्वैड के संयुक्त बयान में यह लगाम आतंकी हमले का जिक्र आया है फिर अमेरिका ने टीआरएफ में वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया। भारत के लिये यह बिल्कुल अनुकूल और सही समय है जब वह पाकिस्तान पर कड़ा शिकंजा कस सकता है। झूठ हमेशा के लिये नहीं चल पता है उसकी कलई बीच में खुल ही जाती है। दुनियां भारत को लोकतंत्र की प्रशंसा करती है और उससे सीखती है। पर पाकिस्तान पक्का घड़ा है भारत से सिखना अपनी तौहीनी समझवा है। वह पक्का घड़ा है। उस पर सीख का पानी फिसल जाता है।

**1948 में धराली से कुछ किलोमीटर नीचे कनोडिया गाड़ ने भी अपना विकराल रूप दिखाया था। उस समय डबराणी में गंगा का प्रभाव तक रुक गया था जिससे फिर भारी तबाही हुई। इसी तरह 1978 में धराली से नीचे उत्तरकाशी की तरफ़ आते हुए 35 किलोमीटर दूर डबराणी में एक बाँध टूट गया था जिससे भागीरथी में बाढ़ आ गई थी और कई गाँव बह गए। 1835 में भी खीर गंगा में सबसे भीषण बाढ़ आई थी। तब नदी ने सारे धराली क़स्बे को पाट दिया था। बाढ़ से यहाँ भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया था।**

# धराली आपदा : विकास के नाम पर प्रकृति से खिलवाड़ का नतीजा


हर्षवर्धन पान्डे

धराली उत्तरकाशी ज़िले का एक बेहद खूबसूरत क़स्बा है जो गंगोत्री की ओर बढ़ते हुए चारधामों में से एक हर्षिल घाटी का अहम हिस्सा भी है।यहाँ से गंगोत्री तकरीबन 20 किलोमीटर दूर है। हिमालयी क्षेत्रों में बसे छोटे-छोटे धराली जैसे गाँव कभी अपनी नैसर्गिक प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए जाने जाते थे लेकिन हाल के वर्षों में सरकारों की अनियंत्रित विकास की अंधी दौड़ ने इन सरीखे कई क्षेत्रों को आपदा के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। देवभूमि उत्तराखंड के कई गाँवों में आज प्रकृति के साथ गंभीर छेड़छाड़ के परिणामस्वरूप यहाँ पर आपदाएँ बार-बार दस्तक दे रही हैं। प्राकृतिक आपदा का सीधा सम्बन्ध प्रकृति की छेड़छाड़ से जुड़ा है और प्रकृति के साथ खिलवाड़ जिस पैमाने पर होता रहेगा उसका ताण्डव हिमालय पर उसी स्तर पर दिखेगा। धराली में खीर गंगा में यह पहली बार नहीं हुआ कि उसका जलस्तर बढ़ने के कारण आसपास के क्षेत्र को नुकसान हुआ है। इससे पूर्व की आपदाओं में वहां पर जानमाल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन उसके बाद भी वहां पर ना ही स्थानीय लोग चेते और ना ही शासन प्रशासन की ओर से वहां पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम किए गए। 1948 में धराली से कुछ किलोमीटर नीचे कनोडिया गाड़ ने भी अपना विकराल रूप दिखाया था। उस समय डबराणी में गंगा का प्रभाव तक रुक गया था जिससे फिर भारी तबाही हुई। इसी तरह 1978 में धराली से नीचे उत्तरकाशी की तरफ़ आते हुए 35 किलोमीटर दूर डबराणी में एक बाँध टूट गया था जिससे भागीरथी में बाढ़ आ गई थी और कई गाँव बह गए। 1835 में भी खीर गंगा में सबसे भीषण बाढ़ आई थी। तब नदी ने सारे धराली क़स्बे को पाट दिया था। बाढ़ से यहाँ भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया था। बीते कई बरस में भी खीर गंगा में पानी का तेज़ बहाव आने, बादल फटने, भूस्खलन की घटनाएँ हुई की अनेक घटनाएँ हुई हैं लेकिन इसमें कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। 2017-18 में खीर गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण वहां पर होटल दुकानों और कई घरों में मलबा घुस गया था। उस समय कुछ नुकसान नहीं हुआ हालाँकि 2023 में खीर गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण वहां पर कई दिनों तक गंगोत्री हाईवे भी बंद रहा था साथ ही दुकानों और होटल को भी नुकसान हुआ था।



एक दौर था जब हिमालय के ऊँचाई वाले इन इलाक़ों में काफी बर्फ़ गिरती थी। तब यहाँ के ग्लेशियर में पानी का जमाव होता था लेकिन अब बर्फ़ कम गिरती है और बारिश भी कम होती है और ग्लेशियर लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं। इसकी वजह है जलवायु परिवर्तन और इसका असर पूरे पहाड़ी इलाके के हर जिले में महसूस किया जा सकता है। ग्लोबल वार्मिंग के साइड इफेक्ट अब हिमालय से लगे इलाकों में भी महसूस किये जा सकते हैं। ग्लेशियर लगातार पिघल रहे हैं। अनियोजित विकास के कारण आज पर्वतीय इलाकों में संकट के बादल मंडरा रहे है। इन संवेदनशील इलाकों में प्राकृतिक घटनाओं की आशंका पहले भी जताई जा चुकी है पर इसे लेकर चौकन्ना न रहने की गलती जब तक होती रहेगी हादसे होते रहेंगे। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए बेहतर प्रबंधन को बढ़ाने के साथ-साथ प्रकृति के इशारों को समझना भी बहुत जरूरी है। वह चेतावनियां सच साबित हो रही हैं जो कई दशकों से पर्यावरण वैज्ञानिक देते आ रहे थे कि धरती का लगातार बढ़ रहा तापमान शांत पड़े ग्लेशियरों को परेशान कर रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना या टूटना मानवता व पूरे वातावरण के लिए खतरनाक है। दुर्भाग्य है कि प्राकृतिक संसाधनों की बड़ी लूट के कारण आज उत्तराखंड कंक्रीट के जंगल में तब्दील होता जा रहा है। अगर अभी भी इस हादसे से हमने सबक नहीं लिया तो किसी दिन तबाही बड़े पैमाने पर होगी।

धराली में हाल ही में आई आपदा ने स्थानीय समुदाय और पर्यावरण को गहरा नुकसान पहुँचाया है। गंगा और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे इस क्षेत्र में अनियंत्रित मानवीय हस्तक्षेप ने प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। भारी मशीनरी के उपयोग, जंगलों की कटाई और अनियोजित सड़क निर्माण ने भूस्खलन और मिट्टी के कटाव को बढ़ावा दिया है जिसके परिणामस्वरूप यह आपदा सामने आई। धराली और आसपास के क्षेत्रों में सड़क निर्माण, बाँध परियोजनाएँ और होम स्टे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल निर्माण जैसे कार्य बिना पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन के किए गए जिसका परिणाम अब जमीन पर दिखाई देने लगे हैं । पहाड़ों की संवेदनशील भूगर्भीय संरचना को नजरअंदाज करते हुए यहाँ पर भारी मशीनरी का उपयोग किया गया जिससे भूस्खलन का खतरा हाल के कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। विकास की बड़ी परियोजनाओं के नाम पर पूरे उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर जंगलों को काटा जा रहा है जिससे मिट्टी की स्थिरता कम हुई है और आपदा की घटनाएँ भी तेजी से बढ़ी हैं। धराली जैसे क्षेत्र आज जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक असुरक्षित हो गए हैं। धराली की इस बार की आपदा में और आसपास के क्षेत्रों में कई लोगों ने अपनी जान गँवाई है और कई परिवार बेघर हो गए हैं । स्थानीय लोगों की आजीविका जो मुख्य रूप से कृषि और पर्यटन पर निर्भर थी इस बार की आपदा ने बुरी तरह प्रभावित कर डाली है। धराली का बाजार जो पर्यटन की अर्थव्यवस्था का प्रमुख हिस्सा था, बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पहाड़ी इलाकों में नदियों और नालों के किनारे फ्लड प्लेन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी तरह के अतिक्रमण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगना चाहिए, क्योंकि ऐसे क्षेत्र भूस्खलन जैसी घटनाओं के लिए अत्यंत असुरक्षित होते हैं। धराली आपदा हमें यह सिखाती है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना कितना आवश्यक है। यह वही उत्तराखण्ड है जिसने 80 के दशक में ज्ञानसू का भूकम्प, भीषण अतिवृष्टि, बाढ़ का कहर देखा तो वहीं 90 के दशक में उत्तरकाशी और चमोली के भूकम्प के झटके भी महसूस किये है। कैलाश

## नाराज़ प्रकृति की नाराज़गी से भयंकर सैलाब


किशन भावनानी

महाराष्ट्र - प्रकृति और मानव का संबंध सदियों पुराना है। जहां एक ओर प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन-जल, वायु,मृदा,खनिज, वन, जीव-जंतु आदि- प्रदान किए हैं, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया, महाराष्ट्र यह मानता हूं कि मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया। आज जब पृथ्वी जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों के पिघलने, असमय बाढ़, सूखा, तूफान, भूकंप, भूस्खलन जैसी तमाम प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रही है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह केवल प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है? हम इसी प्रश्न की पड़ताल करेंगे और तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध करेंगे कि धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही- क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता?

साथियों बात अगर हम,भारत के हिमालयी क्षेत्र,विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं, की करें तो बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारीनुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया-क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा?भारत के हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं। बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारी नुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया-क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा?इस लेख में हम धराली और किन्नौर की घटनाओं का विस्तारपूर्वक विश्लेषण करेंगे, और यह समझने की कोशिश करेंगे कि कैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, असंवेदनशील विकास, और पर्यावरणीय चेतावनियों की अनदेखी ने इन शांत पर्वतीय क्षेत्रों को विनाश के मुहाने पर ला खड़ा किया। (1) बिना पर्यावरणीय मूल्यांकन के सड़कों और सुरंगों का निर्माण हो रहा है। (2) पहाड़ों को डायनामाइट से उड़ाकर हाईवे बनाए जा रहे हैं। (3) जलविद्युत परियोजनाएं नदियों के प्रवाह को रोककर क्षेत्रीय इकोसिस्टम को ध्वस्त कर रही हैं। (4) पेड़ कट रहे हैं, और कंक्रीट के जंगल उगाए जा रहे हैं। इनका परिणाम :- (1) ज़मीन की पकड़ कमजोर हो जाती है। (2) पानी का स्तर गिरता है।(3) पारिस्थितिक असंतुलन बढ़ता है। (4) बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं आम हो जाती हैं। चार धाम सड़क परियोजना- उत्तराखंड में चार धाम सड़क परियोजना के नाम पर हज़ारों पेड़ों की कटाई की गई। पर्यावरणविदों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि यह इलाका भूस्खलन-प्रवण है। फिर भी सड़कों को चौड़ा करने के लिए बड़े-बड़े हिस्सों को नष्ट कर दिया गया।पर्यटन का असंवेदनशील विस्तार-किन्नौर और धराली जैसे क्षेत्र अब ÷टूरिज्म हॉटस्पॉट÷ बन गए हैं। इसके चलते-(1) अवैज्ञानिक होटल निर्माण हुआ। (2) जैविक अपशिष्ट नदियों में फेंका गया। (3) वॉटर रीसोर्सेज़ पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।(4) स्थायी जनसंख्या से अधिक वाहनों का प्रवेश हुआ। - अवैध खनन और निर्माण कार्य(1) किन्नौर के पहाड़ों में अवैध खनन बहुत वर्षों से चल रहा है। (2) स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी रही। (3) यह गतिविधियाँ भूगर्भीय अस्थिरता को और बढ़ावा देती हैं, जिसे रेखांकित करना होगा।

साथियों बातें कर हम धराली उत्तराखंड के बाद किन्नौर हिमाचल प्रदेश में 6 अगस्त 2025 को बादल फटने की करें तोधराली के बाद हिमाचल प्रदेश में भी हालात खराब दिखाई दे रहे हैं,उत्तरकाशी में नदी के बढ़े जलस्तर व आस-पास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। धराली उत्तरकाशी में सभी सरकारी एजेंसियां, विभाग और सेना आपसी समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बीती रात 130 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। बंद रास्तों को खोला जा रहा है और प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तराखंड के सीएम का कहना है,पूरा धराली आपदा की चपेट में आ गया है, और कल की घटना के बाद वहां कई चरणों में मलबा आया है।

# संसद संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा कब तक?

**गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।**


ललित गर्ग

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरुआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र।

विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, ÷संसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है।÷चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए।

संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बर्बादी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था-संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है।' लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए, तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मर्यादा मिले। संसद की गरिमा केवल आसनों से नहीं, आचरण से बनती है।

# एक हथिनी 'माधुरी' के बहाने धर्म का पुनर्पाठ

**जैन धर्म का मूल आधार है पर्यावरण के साथ सह-अस्तित्व और जीवों के प्रति अहिंसक व्यवहार। यह दर्शन मात्र प्रवचनों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनचर्या का अंग है। माधुरी उसी जीवनचर्या की प्रतिछाया थी। उसकी देखभाल, सेवा, पूजा-इन सबके माध्यम से नांदणी मठ ने पीढ़ियों को यह सिखाया कि एक जीव के साथ कैसा प्रेममय आत्मीय रिश्ता हो सकता है। जब उसे वनतारा ले जाया गया, तो यह केवल एक हथिनी का मठ छोड़ना नहीं था।**


स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी

नांदणी जैन मठ की गजलक्ष्मी हथिनी माधुरी, जो 35 वर्षों से मठ की सेवा में थी, को पेटा की याचिका पर जामनगर भेजा गया था, जिससे जैन समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंची थी। न केवल महाराष्ट्र में बल्कि समूचे जैन समाज में आक्रोश को देखते हुए महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने इसमें दखल दिया और उसकी पहल पर याचिका दायर करने और आपराधिक मामलों को वापस लेने की घोषणा के साथ माधुरी की घर वापसी संभव हो गई है। निश्चित ही यह फडणवीस सरकार का एक संवेदनशील एवं सूझबूझभरा निर्णय है, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। क्योंकि माधुरी, नांदणी जैन मठ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी और जैन समुदाय की भक्ति और समर्पण का प्रतीक थी। मैं कोई साधारण प्राणी नहीं। मैं उन हजारों श्रद्धालुओं की भावनाओं का मूर्तरूप हूं, जिन्होंने मुझे केवल देखा नहीं, बल्कि पूजा है। मेरा नाम 'माधुरी' है, पर मैं नाम से कहीं अधिक हूं। मैं उस मठ की चुप्पी में गूंजती प्रार्थना हूं, जहां मैंने 35 वर्षों तक सेवा, संयम और संस्कृति की छाया में सांस ली। यदि 'माधुरी' बोल सकती, तो शायद यही कहती, क्योंकि उसका मौन, उसका निर्विकार भाव, उसके नेत्रों में बसी करुणा, इन सबने वर्षों तक नांदणी जैन मठ को जीवंत रखा। वह एक जीव नहीं, धर्म की आत्मा बनकर असंख्य श्रद्धालुओं की संवेदनाओं, आस्था एवं भक्ति से जुड़ी थी नांदणी जैन मठ की यह गजलक्ष्मी हथिनी केवल एक वन्य प्राणी नहीं थी, वह जैन धर्म में जीव मात्र के प्रति करुणा के अमूल्य सिद्धांत का सजीव प्रतीक थी। उसका मठ में रहना, उसका पूजन, उसकी सेवा, यह सब किसी हिंसक बंधन का परिणाम नहीं था, बल्कि धार्मिक समर्पण की अभिव्यक्ति थी। पेटा जैसी संस्थाएं केवल जीव के शरीर को देखती हैं, उसकी आत्मा, उसके सांस्कृतिक स्थान और परंपरा में निहित गरिमा को नहीं। यही कारण था कि उसकी जबरन वनतारा में रवानगी केवल एक स्थानांतरण नहीं, बल्कि धर्म के हृदय पर आघात था।

माधुरी प्रकरण ने एक जटिल प्रश्न को जन्म दिया, क्या धर्म अब भी स्वतंत्र है, या वह राजनीतिक और कानूनी भूलभुलैया में उलझ चुका है? क्या जीवों की सेवा और उनके साथ प्रेम का संबंध, कानून की अंधी परिभाषाओं से परे नहीं देखा जा सकता? राजनीतिक हस्तक्षेप ने बार-बार धर्म की गरिमा को चुनौती दी है। परंतु इस बार महाराष्ट्र सरकार, विशेषतः मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने जो निर्णय लिया, वह सराहनीय, साहसी और धर्म-समभाव से प्रेरित प्रतीत होता है। सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका, दर्ज प्रकरणों की वापसी की घोषणा, ये निर्णय केवल न्यायिक नहीं, आध्यात्मिक चेतना से प्रेरित प्रतीत होते हैं।



जैन धर्म का मूल आधार है पर्यावरण के साथ सह-अस्तित्व और जीवों के प्रति अहिंसक व्यवहार। यह दर्शन मात्र प्रवचनों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनचर्या का अंग है। माधुरी उसी जीवनचर्या की प्रतिछाया थी। उसकी देखभाल, सेवा, पूजा-इन सबके माध्यम से नांदणी मठ ने पीढ़ियों को यह सिखाया कि एक जीव के साथ कैसा प्रेममय आत्मीय रिश्ता हो सकता है। जब उसे वनतारा ले जाया गया, तो यह केवल एक हथिनी का मठ छोड़ना नहीं था, बल्कि पर्यावरण-धर्म की एक जीवित पाठशाला का अवसान था।

जिस समाज ने माधुरी को देवीतुल्य सम्मान दिया, वह समाज उसके हरण को केवल कानूनी आदेश नहीं मान सकता था। यह जनआस्था की, सामूहिक करुणा की और धार्मिक सम्मान की सामूहिक पराजय थी। परंतु अब, जब पुनः माधुरी की वापसी की संभावना जीवित हुई है, तो यह धर्म और न्याय की संयुक्त विजय है। माधुरी केवल एक हथिनी नहीं, वह मठ की आत्मा की भौतिक अभिव्यक्ति है, यही इस समूचे विमर्श का सार है। यह केवल माधुरी की वापसी की बात नहीं, बल्कि उस सम्मान की पुनर्स्थापना है जो सेवा, करुणा और जीवदया में निहित है।

वर्तमान युग में सरकारों का धार्मिक मामलों में संवेदनशीलता दिखाना दुर्लभ है। परंतु फडणवीस सरकार का यह निर्णय दर्शाता है कि जब शासन तंत्र, न्याय प्रणाली और धार्मिक समुदाय मिलकर कार्य करें, तो न्याय और श्रद्धा का नया युग संभव है। सरकार द्वारा इस प्रकरण में आयोजित अति संवेदनशील बैठक में जहां विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, मैं भी इस बैठक का हिस्सा बना। निश्चित ही बैठक में राज्य सरकार का यह प्रयास एवं निर्णय की सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका और प्रकरण वापसी की घोषणा, एक संवेदनशील लोकतंत्र की परिपक्व पहचान है। यह दर्शाता है कि सरकार न केवल कानून का पालन करती है, बल्कि समाज की आत्मा की धड़कन भी सुनती है। अब सरकार के प्रयासों से जब माधुरी मठ लौटेगी, तो वह अकेली नहीं होगी। उसके साथ लौटेगा धर्म का सम्मान, श्रद्धा का पुनर्निर्माण, करुणा का पुनराविष्कार और पर्यावरण के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की प्रेरणा। वह लौटेगी तो धर्म केवल ग्रंथों में नहीं, जीवन में दिखाई देगा। वह लौटेगी तो हर जैन मठ, हर मंदिर, हर जीवात्मा को यह भरोसा मिलेगा कि श्रद्धा और न्याय को कुछ समय के लिए विलंबित किया जा सकता है, पर पराजित नहीं। माधुरी की वापसी केवल एक हथिनी की वापसी नहीं, वह समूचे मानवता की संवेदना की विजय है। महाराष्ट्र सरकार अपने इस निर्णय के लिए धन्यवाद की पात्र है। धन्यवाद के पात्र वे भी हैं जिन्होंने माधुरी की करुण पुकार को न्याय में परिवर्तित करने का यत्न किया। माधुरी का सम्मान और धर्म का योगदान केवल किसी एक जीव के प्रति सहानुभूति का विषय नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की संवेदनाओं की कसौटी है। राजनीति को यदि जनभावनाओं की सच्ची प्रतिनिधि बनना है, तो उसे केवल वोट और शक्ति के गणित से नहीं, बल्कि समाज की आत्मा से संवाद करना होगा। माधुरी प्रकरण में महाराष्ट्र सरकार ने जिस तरह धार्मिक अस्मिता और जनसंवेदनाओं का सम्मान करते हुए न्यायोचित हस्तक्षेप किया, वह एक अनुकरणीय दृष्टिकोण है, जिसमें धर्म को न राजनीति का उपकरण बनाया गया और न उपेक्षा की गई, बल्कि उसे संवेदना और संस्कृति की धुरी मानकर संजोया गया। यही वह राह है, जिससे राजनीति जनसेवा और धर्म, जनमानस की आत्मा बन सकते हैं। जैन धर्म का मूल आधार अहिंसा है, पर यह अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से दूर रहने तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव के प्रति करुणा, संवेदना और सेवा भाव की गहन जीवनशैली है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# वीर सैनिकों के परिवारों को लीगल एड क्लिनिक का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत लीगल एड क्लिनिक की स्थापना की गई। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया, जो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य कर रहा है। इस दौरान जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र कुमार झा के मार्गदर्शन तथा सचिव मयंक जायसवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सेना के कर्नल आशीष अहुवालिया उपस्थित रहे। लीगल एड क्लिनिक में पैनल अधिवक्ताओं के रूप में अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान तथा गणेश राम रजक को पैरा लीगल वॉलिंटियर के रूप में नियुक्त किया गया। सचिव मयंक जायसवाल ने कहा कि नालसा द्वारा संचालित वीर परिवार सहायता योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की सेवा में समर्पित सैनिकों एवं उनके परिजनों को कोई भी कानूनी समस्या अकेले न झेलनी पड़े। इस क्लिनिक के माध्यम से उन्हें निःशुल्क विधिक सलाह, दस्तावेज तैयार करने में सहयोग, आरटीआई मार्गदर्शन और केस प्रतिनिधित्व जैसी सेवाएं प्राप्त होंगी। बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस प्रकार के क्लिनिक अन्य स्थानों पर भी स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। कर्नल आशीष अहुवालिया जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कल्याण ललितपुर ने कहा कि सेवा में तैनात सैनिक सीमाओं पर तैनात रहते हुए परिवार की समस्याओं से अक्सर अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसे में यह लीगल एड क्लिनिक हमारे सैनिक परिवारों के लिए एक सशक्त विधिक कवच बनेगा। कहा कि हमें गर्व है कि ललितपुर में इस योजना की शुरुआत होकर हम एक मजबूत सामाजिक-सैन्य सहयोग की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि यह क्लिनिक न केवल विधिक सहायता का माध्यम होगा, बल्कि सैनिक परिवारों के आत्मविश्वास को भी सशक्त करेगा। मेरा प्रयास रहेगा कि हर जरूरतमंद को समयबद्ध और उचित कानूनी मार्गदर्शन मिले। उन्होंने योजना की संरचना, लोक अदालतों की भूमिका, और कानूनी सलाह की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। पीएलवी गणेशराम रजक ने कहा कि इस दायित्व को सेवा के रूप में देखता हूँ और मेरा उद्देश्य रहेगा कि सैनिक परिवारों तक हर जरूरी कानूनी जानकारी सरल भाषा में पहुँचाई जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि हर वर्ग, विशेषकर विधवाएं, वरिष्ठ नागरिक और बच्चे, इस क्लिनिक की सेवा से लाभान्वित होंगे। इस दौरान नायब सूबेदार वीरेंद्र सिंह कल्याण अधिकारी,अमित प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक,श्रीमति संध्या चंदेल कनिष्ठ सहायक,सूबेदार रामगोपाल सिंह, मिल्ट्री कैंप ,तालबेहट से सूबेदार वी.एन. मैनन,नायब सूबेदार एम.सिंह,नायब कांस्टेबल नीतेश के अलावा न्यायालय से रोहित राठौर, नदीम उपस्थित रहे।



■ निःशुल्क विधिक सहायता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

## राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह के आयोजन को उप्र के समन्वयक नामित हुए डॉ नईम

**झांसी।** समाज कार्य व्यवसाय के एकमात्र अखिल भारतीय संगठन 'नेशनल एसोशिएसन ऑफ़ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इण्डिया (नाप्सवी)' द्वारा प्रत्येक वर्ष दिनांक 15-21 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह के आयोजन के क्रम में, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ मुहम्मद नईम को उत्तर प्रदेश के समाज कार्य शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह के आयोजन हेतु उत्तर प्रदेश का समन्वयक नाप्सवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. संजय भट्ट व राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह आयोजन समिति के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. केशव बाल्के द्वारा नामित किया गया है। डॉ मुहम्मद नईम द्वारा बताया गया कि नाप्सवी द्वारा वर्ष 2020 से अनवरत् राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह का आयोजन पूरे देश में किया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह की थीम ''स्वास्थ्य परिवेश में समाज कार्य- देखभाल एवं करुणा के मध्य सेतु'' रखी गई है।

# रक्षाबंधन पर जिलाधिकारी ने छात्राओं से बंधवायी राखी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत कलैक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को एक भावनात्मक और देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं से स्नेहपूर्वक राखी बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं व एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की बेटी अनन्या श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को चंदन तिलक लगाकर राखी बांधी। जिलाधिकारी ने सभी को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किये, जिससे सभागार में एक पारिवारिक और उत्सवपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ। इसके साथ ही छात्राओं ने देश की रक्षा में समर्पित वीर सैनिकों एवं पुलिस कर्मियों के लिए सप्रेम 5794 राखियां और आभार पत्र तैयार किये, जिन्हें डाकपत्र के बॉक्स में रखकर जिलाधिकारी द्वारा डाक विभाग के माध्यम से प्रेषित करने की व्यवस्था की गई, इनमें जीजीआईसी की छात्राओं ने 1000, जीजीआईसी तालबेहट की छात्राओं ने 1000, जीजीआईसी महरौनी की छात्राओं ने 1000, जीआईसी बार से 1000, जीआईसी जखौरा से 1000, जीआईसी दावनी से 44, नपा बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने 500 तथा सुधा सागर कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने 250 राखियां/आभार पत्र शामिल हैं।



■ सैनिकों और पुलिस कर्मियों के लिए भेजे 5794 राखी व आभार पत्र

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे सैनिक और पुलिसकर्मी दिनरात देश की सेवा में लगे रहते हैं, ललितपुर की छात्राओं का यह स्नेह उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा होगा। ये कार्यक्रम न केवल रक्षाबंधन के पर्व को यादगार बनाता है, बल्कि देश के प्रति भावनात्मक जुड़ाव व कर्तव्य की भावना को भी मजबूत करता है। डीआईओएस ने छात्राओं को प्रशासनिक कियाकलापों व प्रशासनिक सिस्टम से अवगत कराया और जिलाधिकारी के कार्यों, उनकी प्रशासनिक शक्ति व कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्राओं का प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए उत्साहवर्धन किया। छात्राओं ने एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम अभिजीत सिंह, डीआईओएस, डीआईओ को भी राखी बांधी गई।

# भाषा विवि में हुई 'तिरंगा थीम' पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'तिरंगा थीम' पर आधारित राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को बड़े उत्साह और सफलतापूर्वक किया गया। यह आयोजन माननीया कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल महोदया की प्रेरणा , माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के नेतृत्व और गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. तत्हीर फात्मा के संरक्षण में संपन्न हुआ। रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व को देशभक्ति की भावना के साथ जोड़ने का यह प्रयास विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर लेकर आया। छात्राओं ने भारतीय तिरंगे के रंगों और प्रतीकों को अपनी कल्पनाशक्ति और भावनाओं के साथ जोड़कर अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण राखियों का निर्माण किया। ये राखियां न केवल सजावटी थीं, बल्कि उनमें एक गहरी भावना-अपने देश और भाईचारे के प्रति प्रेम-झलक रही थी। कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि, इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं छात्रों में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक जुड़ाव और अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करती हैं। यह देखकर गर्व होता है कि हमारी छात्राएं न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी इतनी सजग और सृजनशील हैं।



## ग्राम कुम्हैढ़ी में शिवार्चन, कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन

**महरौनी (ललितपुर)।** तहसील महरौनी के अंतर्गत ग्राम कुम्हैढी में श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में शिवार्चन, कन्या भोज एवं भण्डारे का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ उठाया। शुरुआत भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद कन्याओं को भोजन कराकर कन्या भोज सम्पन्न कराया गया। तत्पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं सहित अन्य ग्रामवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजय रावत, प्रकाश नारायण निरंजन (प्रधान), रामप्रकाश चौधरी, राहुल तिवारी, संतोष सीरौठिया, मुकेश चौधरी, सतीश सोनी, राकेश चौधरी, रामनरेश चौधरी, दीपक निरंजन, सुजान निरंजन, लक्ष्मीनारायण चौधरी, रामशरण दीक्षित, प्रमोद सीरौठिया, आशू चौधरी, राहुल, मोनू, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये आर्थिक सशक्त बनाने पर जोर

अवधनामा संवाददाता

**झांसी।** एक्शन एड कर्नाटका प्रोजेक्ट्स के तत्वावधान में लहर ठकुरपुरा गाँव में स्थित तालाब गढ़ी परिसर में डायरेक्टर कृषि विज्ञान केन्द्र भरारी झाँसी डॉ. निशि राय के मुख्य आतिथ्य व एक्शन एड कर्नाटका प्रोजेक्ट्स दिल्ली से दीपाली शर्मा विशिष्ट अतिथि तथा रीजनल मैनेजर खालिद चौधरी की अध्यक्षता में समृद्धि परियोजना समन्वयक एमडी आरिफ के निर्देशन एवं ज़िला समन्वयक झाँसी मुकेश कुमार लोधी के कुशल नेतृत्व से विशाल महिला उद्यमी सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार के लिये आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि के साथ अन्य वक्ताओं ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार के लिये आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही सरकारी विभागों के अधिकारीगण और निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि हम इन महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने हेतु और भी हर सम्भव के सहयोग करने को तैयार हैं। जिससे बुन्देलखण्ड के साथ पूरे देश में इन महिला उद्यमियों की पहचान बन सके।





■ बुन्देलखण्ड में महिला उद्यमिता को नई उड़ान लहर ठकुरपुरा में विशाल महिला उद्यमी सम्मेलन

समृद्धि परियोजना समन्वयक एमडी आरिफ ने संस्था के कार्यों के साथ बताया कि हम पिछले 5 वर्षो से बुन्देलखण्ड के झाँसी, ललितपुर और महोबा के 55 गाँवों में वर्क फॉर प्रोग्रेस प्लेटफॉर्म के तहत ग्रामीण महिला किसानों का चयन करके उनकी रुचि अनुसार तकनीकी प्रशिक्षण, प्रेरणा, सहयोग व आपसी तालमेल के माध्यम से मचान विधि से सब्जी उत्पादन, पोषण वाटिका, बागवानी, बीज उत्पादन, प्राकृतिक खेती, बकरी व मुर्गी पालन आदि कृषि व गैर कृषि आधारित उद्यम के माध्यम से महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खरौंसा में बाघ एक्सप्रेस टीम से कहासुनी, पुलिस पहुंची

**पीलीभीत (अवधनामा संवाददाता)।** गुरुवार की सुबह गांव खरौंसा में बाघ एक्सप्रेस और उसकी टीम को वहां मौजूद दो नशे में युवकों ने रोक लिया और अभद्रता की। कहासुनी और धक्कामुक्की के बीच विवाद हो गया। नशे में मिले दो युवकों ने टीम के साथ कहासुनी की। साथ ही वाहन को गांव से जाने से रोक दिया। जानकारी पीटीआर कार्यालय में आने के बाद डीएफएओ मनीष सिंह मौके पर पहुंचे। खरौंसा में ग्रामीणों के बीच काफी देर तक वनकर्मियों और नशे में दो युवकों के साथ बातचीत होती रही। बाद में डायल 112 को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों ही नशे में मिले युवकों से जानकारियां ली। बताया गया कि नशे में धुत एक युवक रोजगार सेवक हैं। पूरे मामले में डीएफओ मनीष सिंह ने एएसपी को सूचित किया। नशे में मिले युवक के बारे में पुलिस जानकारी कर रही है। बाघ एक्सप्रेस को खरौंसा से पीटीआर वापस बुला कर पूरी टीम से जानकारियां ली गई।

### हर घर तिरंगा अभियान : प्रतियोगिताओं का आयोजन



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनपद में कार्यक्रमों की श्रृंखला अनवरत जारी है। आज विभिन्न विद्यालयों में तिरंगा थीम पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। हरदोई के सनातन धर्म इंटर कॉलेज में राखी तिरंगा एवं तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं के शासन के निर्देशों के क्रम में आमजन के अंदर देशभक्ति की भावना प्रबल करने के लिए लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इन्हीं निर्देशों के क्रम में परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों में लगातार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालयों के बच्चे बढ़-चढ़कर प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं।

### मंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी ने शाहाबाद विधान सभा क्षेत्र के ककरघटा, मिठ्नापुर, खरगपुर आदि गाँवों के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित लोगों से संवाद किया। माननीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र के सभी ग्रामों में नौका की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी बाढ़ प्रभावितों को नियमानुसार राहत सहायता व राहत किट का वितरण कराया जाए। मेडिकल टीम लगातार क्षेत्र में तैनात रहे। प्रभावित परिवारों के मवेशियों के लिए भी भूसा चारा आदि की व्यवस्था कराई जाए। माननीय मंत्री ने प्रभावित लोगों को राहत किट वितरित की। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ की इस आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार के साथ खड़ी है। इस अवसर पर केन सोसाइटी के चेयरमैन रंजीत सिंह, प्रधान सुमित सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवराज सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य गोविन्द पाठक एवं क्षेत्रीय जनमानस की उपस्थिति रही।

# गुजरात के राज्यपाल को भेंट की चर्चित पुस्तक सफरनामा एवं बांसुरी

अवधनामा संवाददाता

**पीलीभीत।** राज्यपाल गुजरात को हिंदी वन्यजीव पुस्तक सफ़रनामा भेट की गई, साथ ही पीलीभीत की बांसुरी भी उपहार स्वरूप दी गई, बिलाल खान को राज भवन गुजरात अहमदाबाद गांधीनगर आमंत्रित गया था जहां राज्यपाल गुजरात ने उनसे मुलाकात की।

गुजरात में स्थापित भारत के गिर लाइन सफारी भारत सहित उत्तर प्रदेश में फल फूल रहे वनजीवन पर विभिन्न बिंदुओं पर राज्यपाल गुजरात महामहिम आचार्य देवव्रत ने गहनता से चर्चा की, साथ ही गुजरात के वन्यजीवन एवं पर्यावरण संरक्षण पर एक पुस्तक और संकलित करने पर मार्गदर्शन मिला। सफ़रनामा पुस्तक की प्रतियां बिलाल से प्राप्त हुई, वनजीवन के लिए नि स्वार्थ सेवा कर रहे वर्ष 2008 से वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी बिलाल खान द्वारा वनजीवन पर आधारित तीन भाग में पुस्तक संकलित की गई, प्रथम पुस्तक सफ़रनामा पीलीभीत टाइगर रिजर्व परिचय पर आधारित रही, द्वितीय अंक तराई आर्क लैंड स्केप पर व तीसरा भाग भारत के समस्त 54 टाइगर रिजर्व पर आधारित रहा है। हिंदी वन्यजीव पुस्तक सफ़रनामा को भारत वर्ष से 12 प्रदेशों के राज्यपाल का स्नेह प्राप्त है। बिलाल विगत 16 वर्षो से निरन्तर वन्यजीव सेवा और पर्यावरण संरक्षण का कार्य देश हित मे निःस्वार्थ कर रहे हैं, इससे पहले सफरनामा पुस्तक पूर्व राष्ट्रपति भारत महामहिम रामनाथ कोविंद, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनन्दीबेन पटेल, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह,मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केरला के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, राजस्थान राज्य के राज्यपाल कलराज मिश्र, उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारत के सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और अब गुजरात के राज्यपाल महामहिम आचार्य देवव्रत को राजभवन गांधीनगर पहुंचकर पुस्तक एवं पीलीभीत की बांसुरी उपहार स्वरूप उनके समक्ष पेश की उन्होंने गुजरात से संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पर्यटन विभाग की बैठक



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य योजना व जिला योजना के कार्यों में समय व गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये। संडीला के शीतला माता मंदिर में चल रहे कार्य को जल्द पूरा किया जाये। अटल चौक पर श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा के ऊपर छतरी लगवायी जाये। रसखान प्रेक्षागृह व धोबिया आश्रम के पर्यटन विकास पर जल्द कार्रवाई प्रारम्भ की जाये। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी दीपांकर चौधरी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'तिरंगा हम सभी भारतीयों की आन-वान-शान का प्रतीक'



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत गुरूवार को विकास खण्ड जखौरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदनवारा में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पू.मा.वि. नदनवारा की प्रधानाचार्या मनीषा बानो शर्मा ने कहा कि तिरंगा झण्डा हम सभी की शान है। प्रधानाचार्या ने बताया कि जिलाधिकारी अमनदीप डुली के आदेश व बेसिक शिक्षा अधिकारी रनवीर सिंह के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसमें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराये जाने की योजना है। इसके अलावा जिले की सभी सरकारी भवन, शैक्षणिक संस्थाएं और ऐतिहासिक किले तिरंगा रौशनी से सरावोर होंगे। इसी तारतम्य में हर घर तिरंगा अभियान का कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किया गया है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि महिला सशक्तिकरण को लेकर भी गांव में रैली निकालकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करते हुये किसी भी घटना-दुर्घटना के समय उपयोग होने वाले आवश्यक हेल्पलाइन नम्बरों में डायल-112, 1076, 1090 इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी गयी।

## प्रान्तीय चकबंदी कर्ता संघ के अध्यक्ष बने तारिक अली

**ललितपुर।** प्रान्तीय चकबन्दी कर्ता संघ उ.प्र. लखनऊ के निर्देश पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी की अध्यक्षता में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी कार्यलय प्रांगण में चकबन्दी कर्ता संघ जनपद ललितपुर का चुनाव/अधिवेशन संपन्न हुआ। चुनाव संयोजक के रुप में तारिक अली, पुष्पेन्द्र गौतम, जसवन्त सिंह की देखरेख में व निर्वाचन अधिकारी के रुप में मसूद शेरवानी चकबन्दी अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी के रुप में सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश वर्मा की गरिमा मयी उपस्थिति में निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद पर तारिक अली, उपाध्यक्ष बृजेश रस्तोगी, मंत्री मुकेश कुमार, संयुक्त मंत्री दीपेन्द्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र पाल सिंह, संप्रेक्षक/ऑडीटर अयूब अली, प्रचारमंत्री रामप्रताप आदि का चुनाव किया गया। इस दौरान चकबन्दीकर्ता संघ की विभिन्न समस्याओं में उपार्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश, एसीपी जैसी आदि समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

# नगर पालिका की शह पर फैलता अतिक्रमण

## सकरी होती सड़क, बीच सड़क पर हाथ ठेला और टैक्सियों ने मचा रखा है धमाल

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** इन दिनों शहर के लोग मुख्य बाजार जाने में हिचकते हुये नजर आ रहे हैं। कारण, प्रमुख बाजारों में लोगों की भीड़ से अधिक अवैध तरीके से फैला हुआ अतिक्रमण। पुरानी तहसील से लेकर घण्टाघर, सावरकर चौक, आजाद चौक से लेकर नदीपार तक वाहन तो दूर की बात है, पैदल निकलने वालों को भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कारण को नजदीक से देखने पर पता चलता है कि नगर पालिका परिषद की शह पर बेतरबीव तरीके से सड़क के बीचों-बीच खड़े होने वाले फल ठेले, ई-रिक्सा और कुछ दुकानदारों द्वारा जबरन सड़क पर फैलाया अवैध अतिक्रमण है। नगर पालिका परिषद की इस कारतूत का ठीकरा लोग यातायात व पुलिस पर फोड़ते नजर आते हैं।

गौरतलब है कि नजदीक ही रक्षाबंधन का त्यौहार है। इस त्यौहार को लेकर शहर के हृदय स्थल घण्टाघर पर मध्य लाइन किनारे से दर्जनों की संख्या में हाथ ठेलों को खड़ा करवा दिया गया है, जिन पर छोटे दुकानदार राखियां व अन्य सामान बेचते नजर आ रहे हैं। वहीं सड़क की दोनों ओर फुटपाथ पर फल, फास्ट फूड और अन्य चीजों को बेचने वाले लोग अपने ठेले जो कि अस्थाई होने के बावजूद भी प्रतिदिन स्थाई तरीके से जमा लेते हैं। इसके बाद शेष बची सड़क पर फलों को ठेले पर रखकर इधर से उधर तक घूम-घूमकर फल बेचने वाले रहते हैं, जिससे सड़क पर आवागमन अवरूद्ध बना रहता है। हालात यहां तक बिगड़ जाते हैं कि कई मीटर चौड़ी सड़क चंद फुट में सिमटने के कारण जाम लग जाता है, जिससे वाहन चालकों ही नहीं वरन पैदल चलने वालों को भी भारी कठिनाईयां होती हैं। यातायात पुलिस दिन भर हाथ ठेला चालकों को हटवाती है, लेकिन जैसे ही यातायात पुलिस वापस होती है, उसके ठीक बाद हाथ ठेला पर सामान बेच रहे लोग जबरन फिर सड़क पर ठेला लगा लेते हैं। इस व्यवस्था की जानकारी करने पर हाथ ठेला चालक दबी जुबान में बताते हैं कि वह नगर पालिका के कर्मचारियों को प्रतिदिन तहबाजारी देते हैं, जिससे कि वह पूरा दिन सड़क पर ठेला लगाये रहते हैं। इसके अलावा यहां से गुजरने वाले वाहनों को जब निकलने की पर्याप्त जगह नहीं मिलती तो जाम लग जाता है। जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए जब यातायात या चौकी-कोतवाली पुलिस लोगों को समझाती है या फिर सख्ती दिखाती है तो यही लोग व्यवस्था को सुद्रढ़ बनाने के बजाय उल्टा पुलिस की खिलाफत ही करते नजर आते हैं।

त्यौहारी सीजन में शहर के मुख्य बाजार में सड़क के दोनों ओर दुकानदारों और फिर ठेला चालकों द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण से लगने वाले जाम को हटवाने के लिए यातायात पुलिस काफी सक्रिय नजर आती है। सीओ कार्यालय, कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस लगातार भ्रमणशील रहते हैं।



■ त्यौहार की आड़ में लोगों को परेशान कर रहे अस्थाई दुकानदार

# भाजपा मंडल महामंत्री के बिगड़े बोल, पत्रकार को धमकी

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम नगर में भाजपा मंडल महामंत्री टोनू शर्मा के आपत्तिजनक पोस्ट फिर सुर्खियां में आई है। टोनू शर्मा एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के जिला ब्यूरो सैफ अली जाफरी को सोशल मीडिया पर खुलेआम धमकाने का आरोप लगा है। जिससे पत्रकारिता जगत में आक्रोश फैल गया है। टोनू शर्मा ने न केवल पत्रकार को घुसेड़ देने की धमकी दी, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को देख लेने की चुनौती भी दी, जिससे पत्रकार के जानमाल को खतरा पैदा हो गया है।

मामला तब शुरू हुआ, पत्रकार ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई एक अभद्र टिप्पणी को की खबर प्रसारित की। जिसको पुलिस ने संज्ञान में लिया । पुलिस ने अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई कर उसे पाबंद कर दिया इस खबर से नाराज टोनू शर्मा ने पत्रकार पर सोशल मीडिया के जरिए अभद्र आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए धमकियां दीं।

**महामंत्री की दबंगई : संगठन की साख दांव पर** - टोनू शर्मा का यह व्यवहार कोई नया नहीं है। अपने पद की आड़ में पहले भी कई बार विवादों में घिर चुके हैं। पुलिस थाने में जालसाजी की रिपोर्ट भी दर्ज हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोनू शर्मा का बिगड़ैल रवैया और विवादित व्यक्तित्व पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में नाराजगी का कारण बन रहा है। और संगठन में दो धड़ो में बंटने की भी चर्चाएं है।

■ संगठन का प्रोटोकॉल रखा ताक पर, पार्टी की छवि कर रहा धूमिल

### पत्रकारों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

पत्रकार ने इस मामले में पुलिस और प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पत्रकार संगठनों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए टोनू शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर इस तरह का हमला निंदनीय है और यह प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है।

**पार्टी नेतृत्व पर कार्रवाई की मांग?**

इस घटना ने भाजपा के नगर, जिला और प्रदेश नेतृत्व को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कब तक ऐसे बिगड़ैल नेताओं को पार्टी में संरक्षण मिलता रहेगा? क्या मुख्यमंत्री और प्रदेश नेतृत्व टोनू शर्मा की इस हरकत पर चुप्पी साधे रहेंगे? स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि टोनू शर्मा जैसे नेताओं की हरकतों से पार्टी की छवि को गहरा नुकसान हो रहा है।

# पालिका में आईईसी एवं व्यवहार परिवर्तन कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पालिका सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आईईसी एवं व्यवहार परिवर्तन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुये अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार नें बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत केवल सफाई ही नही, बल्कि लोगों की सोंच और दिनचर्या में शामिल करना भी जरूरी है। गुरूवार को आईईसी एवं व्यवहार परिवर्तन विषय के सम्बन्ध में आयोजित कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन की मंडल प्रबन्धक पलक शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक शिवम सिंह, एवं सोशिओविटाल नेटवर्क फाउण्डेशन एनजीओ से आये विवेक सिंह एवं रजत तिवारी द्वारा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य जनभागीदारी से ही प्राप्त किये जा सकते है, नागरिकों के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिये सभी कर्मचारी जनप्रतिनिधियों, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों एवं अन्य एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों की मदद से इस कार्य को आसानी से कर सकते हैं। एक बार नागरिकों के व्यवहार में परिवर्तन होने के बाद कूड़ा कलेक्शन एवं निस्तारण की व्यवस्था को शासन की मंशा के अनुरूप सम्पन्न कर पायेंगे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, सफाई इंचार्ज अशोक कुमार, जोनल सफाई प्रभारी राजन बाबू, सेक्टर सफाई प्रभारी गणेश एवं अनिल के साथ साथ अन्य सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**उन्नाव।** बुधवार को थाना असोहा अन्तर्गत मौरावां-मोहनलालगंज मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने से आ रहे एक अधेड़ को टक्कर मार दी। हादसे मे अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाईक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार 45 पुत्र ईश्वरदीन लोधी निवासी शम्भूखेडा पत्नी के साथ किसी कार्य से जा रहे थे। संड़ौली गांव के सामने मौरावां की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी।हादसे मे उसकी मौके टर मौत हो गई। हादसे की सूचना पर असोहा थाना क्षेत्र की कालूखेड़ा पुलिस चौकी इंचार्ज मृत्युंजय बहादुर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। बाइक चालक जो कि कुड़ौनी थाना बंथरा, जनपद लखनऊ का निवासी है उसे गिरफ्तार कर बाइक कब्जे मे कर ली है।

# कजली मेले से पहले कीरत सागर तट पर बढ़ी चहल पहल

■ मेले में दुकाने लगाने वाले दुकानदारों का महीनों के भरण पोषण का हो जाता है इंतजाम

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** उत्तर भारत के ऐतिहासिक कजली मेले का एक अपना अलग महत्व है। इस मेले को देखने के लिए 800 साल बाद भी लाखों की भीड़ जुटती है। इतना ही नहीं इस ऐतिहासिक कजली मेले को लेकर बुंदेलखंड के लोगों में आज भी विशेष उत्सुकता बनी हुई है। यही वजह है कि ऐतिहासिक ग्रामीण कजली मेले को भले ही तीन दिन शेष रह गए है, लेकिन मेला परिसर में अभी से चहल पहल बढ़ गई है। कारण, रक्षाबंधक के पूर्व यहां बुंदेली बेटियां इस मेले में अपने अपने घर अवश्य आती हैं और मेला स्थल घूमने जाती है, जिससे वहां चहल पहल दिखाई देने लगी है। मालूम हो कि मशहूर कजली मेला बुंदेलखंड में ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, सतना के अलावा कन्नौज, बैरागढ़ सहित अन्य स्थानों पर अपनी छाप बनाए हुए है। यही वजह है कि तमाम जिलों के लोग कजली मेला देखने के लिए आते हैं। यह मेला आल्हा ऊदल की याद में लगाया जाता है। आल्हा ऊदल के शौर्य वीरता और ताकत का कजली मेले में आल्हा गायन के जरिए वर्णन किया जाता है, जिसे सुनने के लिए भी आज भी लोग आते हैं। कजली मेले में बनाए गए आल्ह मंच में एक सप्ताह तक बुंदेली विधाए राई, नृत्य, ढिमरियाई नृत्य, आल्हा गायन आदि को सुनने और देखने का मौका मिलता है। इस साल यह मेला 15 दिन तक चलेगा। गौरतलब है कि 843 साल से अनवरत् लगते आ रहे कजली मेले को आज तक राष्ट्रीय मेले का दर्जा नहीं मिला है, जिसके चलते सैकड़ों साल पुराने मेले को वह स्वरुप नहीं मिल पा रहा है, जिस मेले का यह हकदार है। कजली मेला देखने के लिए लोग महीनों से तैयारियां करते हैं। कजली मेले की तिथि घोषित होते ही तमाम लोग अपने परिवार के साथ महोबा आ जाते हैं। रक्षाबंधन त्योहार में महिलाओं के आने की वर्षो पुरानी परम्परा आज भी कायम है। कजली मेले में दूर दराज से आने वाले बड़े बड़े दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानें लगाई जाती है, जहां पर अच्छी खासी बिक्री होती है। इतना ही नहीं कजली मेले में दुकाने लगाने वाले दुकानदारों के परिवार का महीनों के भरण पोषण का भी बनदोबस्त हो जाता है।

### बसों में पोस्टर चिपका कर किया जाता मेले का प्रचार

ऐतिहासिक ग्रामीण कजली मेले का पालिका प्रशासन द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जाता है। इतना ही नही बसों व अन्या वाहनों में पम्पलेट और पोस्टर चिपका दिए जाते है। जिसमे कजली मेंले में होने वाले कार्यक्रमों और मेले की शुरूआत और समाप्ती तक की तिथियां लिखी रहती है। किस दिन किस स्तर के कलाकर का कार्यक्रम होगा, यह भी पम्पलेट में दर्शाया जाता है। लोग पोस्टर और पम्पलेट देखकर कजली मेले की तैयारी में जुट जाते है।

# प्रभारी यातायात ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाया नियमों का पाठ



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में प्रभारी यातायात आफाक खां द्वारा प्रधानाचार्या कामरान के सहयोग से पुलिस लाइन रोड स्थित कानपुर पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता शिविर लगाया गया।

गुरूवार को आयोजित शिविर में प्रभारी यातायात आफाक खां द्वारा छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों जैसे हमारे देश में सड़क कितने प्रकार की होती हैं? एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे में क्या फर्क होता है? ब्लैक स्पॉट एवं हॉटस्पॉट किसे कहते हैं? शराब पीकर गाड़ी चलाने से दुर्घटनाएं क्यों होती हैं? ओवर स्पीडिंग के कारण खतरनाक एक्सीडेंट क्यों हो जाते हैं? सीट बेल्ट न लगाने के परिणाम क्या होते हैं? हेलमेट धारण करने से क्या फायदा है? अनफिट वाहनों से एक्सीडेंट होने पर क्या होता है? बिना परमिट के स्कूलों में छात्र-छात्राओं को ले जाने वाले अवैध वाहनों पर किस तरह कार्यवाही की जाती है? आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी द्वारा छात्र एवं छात्राओं से यातायात संबंधी कई सवाल पूछे गए। जिनके छात्र-छात्राओं द्वारा सही जवाब देने पर प्रभारी द्वारा उपहार देकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। जिससे छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। यातायात पुलिस के इस कार्य की कानपुर पब्लिक स्कूल के अध्यापकों एवं प्रधानाचार्य द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई।

## जलनिकासी के विवाद में खूनी संघर्ष, महिलाओ समेत कई घायल

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के बेहटी गोपालपुर गांव में मंगलवार को नाली में पाइप डालने को लेकर शुरू हुआ। विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। बेहटी गोपालपुर निवासी धुन सिंह के अनुसार वे अपने घर के पास जल निकासी के लिए नाली में पाइप डाल रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के सुरेश, अमित, महेश, हिमांशु और अन्य लोग वहां पहुंचे और पाइप डालने पर आपत्ति जताई। मामूली कहासुनी के बाद मामलार इतना बढ़ गया कि आरोपी पक्ष ने धुन सिंह के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर मारपीट में कई लोगों को चोटें आई, जिनमें महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। घटना के बाद गांववालों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत किया, लेकिन तब तक घायलों की हालत बिगड़ चुकी थी। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपितों को पीड़ित पक्ष के घर में घुसकर मारपीट करते देखा जा सकता है। वायरल वीडियो की पुष्टि सरिता प्रवाह नही करता।

# मण्डलायुक्त ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो के साथ की समीक्षा बैठक

■ राजस्व कार्यो की परखी हकीकत, विकास कार्यो का किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंची मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएम डैशबोर्ड, विकास एवं राजस्व कार्यो तथा विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति मे मंडलायुक्त को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. कृति राज ने बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।मंडलायुक्त ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में जलजमाव, सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त रखने का आदेश दिया। शिल्ट हटाने और समय-समय पर ड्रेन की सफाई कराने के भी निर्देश दिए गए। बिजली आपूर्ति के लिए अधीक्षण अभियंता को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मानक अनुसार सप्लाई सुनिश्चित करने को कहा, उन्होंने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। बिजली केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित करने का सुझाव दिया गया। अधिक शिकायत वाले क्षेत्रों में कैम्प लगाकर समस्याओं का समाधान करने को निर्देश दिए,आम के निर्यात को बढ़ावा देने और किसानो के क्लस्टर बनाने का सुझाव दिया। एफपीओ के माध्यम से किसानों को संगठित कर बेहतर मार्केटिंग, पैकेजिंग व सप्लाई की जानकारी देने पर बल दिया मंडलायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त आहार देने और पशुपालकों को दुग्ध विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने को कहा। दिव्यांगजनों का सत्यापन कर उन्हें पेंशन व योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि व पीएम कुसुम योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए देने के साथ नकली उत्पादों पर त्वरित कडी कार्यवाही करने को कडे निर्देश दिए। मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने शहर के बड़े चौराहे एवं गांधीनगर तिराहे के री-डिजाइन एवं सौंदर्यकरण के कार्य का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त द्वारा विकास भवन सभागार में विकास कार्य एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा करने के पश्चात कलम और तलवार की धरती के नाम से जाने जाने वाले शहर के बड़े चौराहे एवं गांधीनगर तिराहे के री डिजाइन एवं सौंदर्यकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण मे जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर उपस्थित रहे।

## पुलिस नें युवती को भगा ले जाने बाले आरोपी को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत दिन पूर्व एक युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले लानें बाले युवक को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिया है। नगर निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 16 मार्च 2025 को 08 बजे उसकी बहन को मोहल्ले का ही पंकज पुत्र रामानंद उर्फ बबलू शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज करने के उपरांत दबिश देकर युवक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की गई है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से युवक हुआ घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम डुंडबा बुजुर्ग निवासी जावेद खान पुत्र सफरूद्दीन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 17 जुलाई को 12 बजे नगर के मोहल्ला किदवई नगर स्थित न्यू हबीब मोटर पार्ट्स की दुकान के सामने अनियंत्रित गति से आ रहे ई रिक्शा के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई



**संभल, अवधनामा संवाददाता।** एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तिरंगा शीर्षक पर आयोजित की गई जिसमें प्रथम पुरस्कार मोहम्मद शयन ,द्वितीय पुरस्कार किरण यादव, तृतीय पुरस्कार काशिफा ने प्राप्त किया इस कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य के रूप में डॉक्टर फहीम अहमद एवं डॉक्टर धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। इसी श्रृंखला में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीशान और मोहम्मद शोएब रहमान ने द्वितीय स्थान मुस्कान फात्मा एवं मेहनाज ने तथा तृतीय स्थान अजमी, प्रियंका एवं चांदनी ने प्राप्त किया इस कार्यक्रम में आयोजन समिति के संयोजक के रूप में डॉक्टर प्रीति सिंह एवं डॉक्टर अनुभा गुप्ता ने प्रमुख भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रचार्य प्रोफेसर डॉक्टर योगेंद्र सिंह जी, चीफ प्रॉक्टर श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर नेमपाल सिंह, समाजशास्त्र विभाग से श्री अमृतेश अवस्थी एवं एवं समस्त शिक्षक गणों की उपस्थित रही

## छज्जा गिरने से बालिका की मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत मंगलवार की शाम छज्जा गिरने से चपेट में आकर बालिका की मौत हो गई। गंगाघाट कोतवाली के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अरुण श्रीवास्तव की 6 वर्षीय बेटी नयना कमरे से बाहर पानी पीने निकली तभी मकान का जर्जर छज्जा भरभराकर गिर पड़ा और वह मलबे के नीचे दब गई। परिजनो व पड़ोसियों ने तुरंत उसे बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया तब तक बहुत देर हो चुकी थी चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, लेखपाल अशोक सैनी और पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने परिवार को ढांढस बंधाया और आपदा राहत नियमों के अंतर्गत आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया।

## युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** थाना बेहटा मुजावर अन्तर्गत रहस्यमय हालत में एक युवक का शव उसके घर के छप्पर में फांसी के फंदे पर लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना बेहटा मुजावर के गांव कबीरपुर निवासी मनोज 22 पुत्र इंद्रपाल का शव घर में छप्पर से फासी पर लटका पाया गया। युवक का शव छप्पर में फासी के फंदे पर घुटनों के बल लटकता देख परिजनो व पड़ोसियों ने हत्या कर शव फासी पर लटकायें जाने की आंशका जताई। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या स्पष्ट हो सकेगी।

## कमिश्नर ने निरीक्षण में खामिया पाए जाने पर जताई नाराजगी



**महोबा, अवधनामा संवाददाता।** चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा के आयुक्त अजीत कुमार द्वारा गुरूवार को जिला अस्पताल पुरुषद्ध का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तमाम कमियां पाए जाने पर नाराजगी जताई, साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देश दिए। कमिश्नर ने निरीक्षण दौरान पुरुष वार्ड में तीन एसी एवं महिला वार्ड में एक एसी व एक पंखा खराब पाया गया। वहीं आरओ वाटर सिस्टम क्रियाशील तो पाया, लेकिन आरओ तक पहुंचने का मार्ग गंदा व अत्यंत सकरा पाया गया।जिस पर उन्होने सुविधाजनक स्थान पर आरओ लगाने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों और तीमारदारों को आरओ का लाभ मिल सके। आयुक्त ने सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।मरीजों को समुचित, संवेदनशील व गरिमापूर्ण उपचार उपलब्ध कराए जाने पर जोर दिया। उन्होने मरीजों की समस्त आवश्यक जांच अस्पताल में ही के जाने के निर्देश दिए।

# 11 वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 07 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन कार्यालय सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग इटावा के कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया।इस अवसर पर बुनकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया तथा 6 विशिष्ट बुनकरों को उनके हथकरघा क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मानित किये जाने वालों में जगन प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र सिंह, द्रोपदी देवी, नज़ीर अहमद(लल्ला), मेहँदी अंसारी आदि बुनकर एवं हथकरघा व्यवसायी थे।नवीन अग्रवाल को हथकरघा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तथा बुनकरों को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग सुनील कुमार यादव ने बुनकरों के कल्याणार्थ एवं उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाली संचालित विभागीय योजनाओं के बारे में भी उनको जानकारी दी।उन्होंने विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ के बारे में बुनकरों को जानकारी दी। पॉवरलूम विधुत छूट प्रतिपूर्ति योजना का लाभ बुनकर कैसे प्राप्त करें इसके बारे में भी जबनकारी प्रदान की। विभागीय पोर्टल में योजनान्तर्गत आवेदन की प्रक्रिया भी विस्तार पूर्वक समझाई। इस अवसर पर बुनकर समाज से हरीप्रकाश, श्री कृष्ण(राजा), सनी शंखवार, वसीम (राजा), रेनू शंखवार, अनुराधा शंखवार, अशोक कुमार, प्रेम शंकर यादव एवं कार्यालय के कार्मिक नवनीत भारती (तकनिकी सहायक), वीरेंद्र प्रताप सिंह (औद्योगिक पर्यवेक्षक), आशुतोष शुक्ला (पॉवरलूम निरीक्षक) , सुधीर कुमार, रवीश मिश्रा, सर्वेश कुमार तथा गोविन्द मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

# कई सीओ के कार्यक्षेत्र बदले, दीपक बने क्षेत्राधिकारी नगर

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** जिले की कानून-व्यवस्था को नई धार देने के उद्देश्य से एसपी दीपक भूकर ने पुलिस विभाग के छह क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले जिससे पुलिस व्यवस्था को अधिक चुस्त-दुरुस्त और जवाबदेह बनाने की रणनीति सामने आई है। नवागत आईपीएस अधिकारी दीपक यादव को शहर सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उम्मीद की जा रही है कि उनके नेतृत्व में शहर में न केवल कानून-व्यवस्था बल्कि यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा। लगभग डेढ वर्ष से सिटी सर्किल की क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह को सदर से हटाकर सफीपुर सीओ बनाया गया है, तेज प्रताप सिंह को पुरवा सर्किल की कमान दी गई है। कानपुर से स्थानांतरित होकर आए तेज प्रताप सिंह अब पुरवा सर्किल की कमान संभालेंगे। सफीपुर में तैनात अजय सिंह को अब सीओ ट्रैफिक बनाया गया है। ट्रैफिक की कमान अब उनके हाथों में होगी। पूर्व सीओ ट्रैफिक संजय मिश्रा को अब सीओ कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। सीओ लाइन में कार्यरत प्रदीप कुमार मौर्य को अब क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदर सर्किल का चार्ज संभालते ही क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव द्वारा थाना गंगाघाट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्पडेस्क, थाना परिसर का निरीक्षण किया गया एवं अभिलेखों की प्रविष्टियों को चेक कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

## मुल्जिमानो के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कप्तान से लगाई गुहार

**आजमगढ़।** अर्चना सिंह पत्नी ध्रुव नारायण सिंह निवासी ग्राम इरना गोकुल पुर,थाना - दीदारगंज, तहसील-मार्टिनगंज जनपद - आजमगढ़ के द्वारा उनके पति पर जान से मारने की नियत से राजस्व टीम के सामने दिनांक 07.07.2025 को जानलेवा हमला किया गया था जिनके तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर एक अपराधी अमरनाथ को जेल भेज़ दिया गया हैं,लेकिन मेन मुल्ज़िम शिवा जी पुत्र संतोष तथा मनोज, संतोष पुत्र अमरनाथ एवं जयनाथ पुत्र चंडी अभी फरार हैं और उनके द्वारा पीड़ित परिवार को धमकी दी जा रहीं हैं तथा अपनी लड़कियों से मामले को छेड़खानी दिखाने का प्रयास किया जा रहा हैं जिसमे मुल्ज़िम संतोष की बेटी नंदिनी एवं जयनाथ की बेटी आकांक्षा रोज फेक न्यूज़ और प्रार्थना पत्र दे रहीं हैं उसकी के क्रम में अर्चना सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को प्रार्थना पत्र दिया गया।.

## विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव।** कोतवाली पुरवा के कस्बे में किराये पर रहने वाली विवाहिता का शव फांसी पर लटका पाया गया। आस पड़ोस के लोगों ने शव को फांसी पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मामले की जाच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरवा कोतवाली व कस्बे के मोहल्ला जोतपुर निवासी विजय गुप्ता के यहा किराये पर रहने वाली कोमल देवी पत्नी रजनीश कुशवाहा जो कि मूल निवासी ग्राम कटार थाना मूसानगर का शव आस पडोस के लोगों ने फासी पर लटका देख घटना की सूचना पुलिस को दी। आस पड़ोस के लोगों के अनुसार कोमल का पति रजनीश घर पर नहीं है वह कस्बा पुरवा के जोतपुर निवासी रामबाबू विश्वकर्मा के ट्रक का चालक है। रामबाबू के अनुसार रजनीश ट्रक लेकर गोहाटी के गया है। पड़ोसियों के अनुसार उन्हें शंका है कि रजनीश अपनी जाति पहचान गलत बताता था और दोनों पति-पत्नी अलग-अलग जाति के हैं। कोमल ने करीब एक वर्ष पहले रजनीश के साथ घर से भागकर मंदिर में शादी कर ली थी।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत साई कालेज मे आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता

■ प्रतियोगिता मे छात्र हेमंत प्रजापति ने प्रथम तो रोली व याशिका ने द्वितीय स्थान पाया

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत साई कालेज आफ एजुकेशन महोबा में गुरूवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल द्वारा रगोली की बारीरिको को देखते हुए बीए के छात्र हेमंत प्रजापति को प्रथम स्थान दिया गया। देश की आजादी को धूमधाम के साथ मनाए जाने को लेकर स्वतंत्रा दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसको लेकर जिले के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में गुरूवार को साई कॉलेज आफ एजुकशन में छात्र छात्राओं की रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत संस्था के चेयरमैन संजय कुमार साहू, प्राचार्य डा0 एलसी अनुरागी ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन और दीप प्रज्जवलित कर की। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय पर्व से संबन्धित रंगोलियां बनाई। प्रतियोगिता में बीए के छात्र हेमंत प्रजापति ने पहला पाया, जबकि दूसरे नम्बर पर संयुक्त रूप से रोली कुशवाहा व याशिका राठौर रही वही तीसरा स्थान जैनिश खातून और अंजना पाल ने हासिल किया। प्रतियोगिता के मौके पर संस्था के चेयरमैन द्वारा छात्र छात्राओं को रंगोली के माध्यम से राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रदर्शित करने की खूब प्रशंसा करते हुए बौद्धिक ज्ञान के साथ रचनात्मक कार्यो में कुशलता प्राप्त करने के लिए ज्यादा से ज्याद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डा0 एलसी अनुरागी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, जिस तरह जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उमादत्त शुक्ल, शंकरला जैन, रज्जव अली आजाद, किशोरी देवी, सरस्वती देवी आदि ने देश की आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान दिया। इस मौके पर डा0 रविंद्र कुमार, मैराज खान, प्रवीण वाजपेयी, प्रदीप सिंह, आदर्श सोनकिया, शशिकांत अग्रवाल, आशीष चौरसिया, लोकेश चौरसिया, मारूतिनंदन तिवारी, चंद्रेश साहू, सुरेंद्र कुमार, भावना साहू, पूनम, रोमाना खान, शुभांशी, अंजना,, शहनवाज के अलावा छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# तरगीब बने एआअपीएमए, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

■ राष्ट्रीय नेतृत्व ने दी हार्दिक बधाई एवं अपेक्षाओं का किया उल्लेख

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तरगीब आलम अंसारी को संगठन की बिहार इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ़ तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुहम्मद युनुस ने संयुक्त रूप से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि तरगीब आलम अंसारी अपनी प्रतिबद्धता, कर्मठता और नेतृत्व क्षमता से बिहार इकाई को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेंगे। उनके कार्यकाल में संगठन न केवल और अधिक सशक्त होगा, बल्कि पसमांदा समाज की आवाज़ भी और बुलंद होगी। संगठन ने यह आशा भी व्यक्त की है कि श्री अंसारी, राज्य के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समर्पित पसमांदा सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर समन्वय और सहभागिता की भावना से कार्य करेंगे। संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के साथ-साथ, वह पसमांदा समाज के अधिकारों, प्रतिनिधित्व और न्यायसंगत भागीदारी के लिए प्रभावी भूमिका निभाएंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा यह नियुक्ति संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। तरगीब अंसारी से हम यह अपेक्षा करते हैं कि वह बिहार में संगठन को ज़मीनी स्तर तक मजबूत करें, सभी जिलों में सक्रियता लाएं, और संगठन के सभी साथियों के साथ समन्वय स्थापित कर एकता, संवाद और संघर्ष के मार्ग पर कार्य करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा बिहार की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता में पसमांदा समाज की बड़ी भूमिका है। हमें विश्वास है कि तरगीब अंसारी इस भूमिका को और व्यापक बनाएंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़ेंगे। अंसारी की नियुक्ति पर बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

# प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप

हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे।





## मंडावा

अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।

## बूंदी

राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

## शेखावाटी एरिया

आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।

## रणकपुर

रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

## भरतपुर

राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का टच देना चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

## खिमसर

दरअसल, यह गांवनुमा एक रिज़ॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

## कुंभलगढ़

कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द ज़िले में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

## भैंसरोड़गढ़

कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।



# ज्यादा नमक खाना सेहत के लिए हो सकता है हानिकारक



नमक के बिना हमें किसी भी चीज का स्वाद नहीं मिलता है। इसलिए नमक के बिना खाने की कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन अगर खाने में नमक की मात्रा कम या ज्यादा होने पर खाने का स्वाद बिलकुल खराब हो जाता है। बहुत लोग ऐसे भी होते हैं, जो खाने में नमक ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नमक का ज्यादा सेवन आपके स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। वहीं पैक्ड फूड्स में नमक की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ऐसे में इन फूड्स का सेवन करने से व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप भी ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ज्यादा नमक के सेवन से किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## ब्लोटिंग

अगर आप भी खाने में ज्यादा नमक खाते हैं, तो ऐसा करने से आपको बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा नमक का सेवन करने से आपको ब्लोटिंग की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं कई बार खाना खाने के बाद आप सामान्य से अधिक फूला हुआ महसूस करते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि खाने में नमक की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं। तो आपको नमक का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

## ज्यादा प्यास लगना

आपने भी देखा होगा कि नमक का ज्यादा सेवन करने से मुंह सूखने लगता है। जिसके कारण आपको बार-बार प्यास लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने पर पेट फूलने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आप सोने से पहले ज्यादा मात्रा में सोडियम वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपकी नींद पर इसका असर पड़ सकता है। जब आप रात में ज्यादा नमक वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो इससे आपको बेचैनी महसूस हो सकती है और नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में नमक का सेवन करना चाहिए।

## दिल की बीमारियों का खतरा

नमक के ज्यादा सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसलिए अगर आप भी अपने दिल को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको खाने में नमक की मात्रा सीमित रखना चाहिए। ज्यादातर लोग नमक का ज्यादा सेवन करते हैं। जिसके कारण उनको हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या होती है। WHO के मुताबिक हर व्यक्ति के लिए नमक की मात्रा की जरूरत अलग-अलग हो सकती है। जोकि उनके शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करती हैं। लेकिन एक सामान्य व्यक्ति को 5 ग्राम नमक का सेवन करना चाहिए।

## तमाम कोशिशों के बाद भी सुबह उठने में होती है परेशानी

कहते हैं कि सफल लोगों की पहचान सुबह समय से उठना होती है। सुबह जल्दी उठने से हमारे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन सुबह के समय उठना तो सभी चाहते हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से ऐसा नहीं हो पाता है। तो वहीं कुछ लोग अलार्म लगाकर सोते हैं। लेकिन जब दूसरे दिन अलार्म बजता है, तो आलस के कारण हम नहीं उठ पाते हैं। वहीं अलार्म भी बजते-बजते बंद हो जाता है। बता दें कि सुबह न उठने का सबसे बड़ा कारण आलस होता है। जो हमको सुबह जल्दी उठने से रोक देता है। वहीं सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठना किसी मुश्किल काम से कम नहीं है। हांलाकि सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। हमारे घर के बड़े-बुजुर्ग खुद भी सुबह जल्दी उठते हैं और परिवार के अन्य लोगों को भी सुबह जल्दी उठने की सलाह देते हैं। ऐसे में अगर आप भी सुबह जल्दी उठने की कोशिश करते हैं, लेकिन आलस के कारण नहीं उठ पाते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह जल्दी उठने के कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं। अगर आप भी सुबह जल्दी उठना चाहते हैं, तो रात में देर से खाना खाने से परहेज करें। क्योंकि कुछ लोग डिनर के बाद स्नैक्स आदि खाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपको भी यह आदत लगी है, तो आपको इसे छोड़ना होगा। क्योंकि सोने से कुछ देर पहले स्नैक्स खाने से, यह अच्छे से पचेगा नहीं। साथ ही हो सकता है कि आपके पेट में कुछ हलचल हो, जिससे कि आपको नींद नहीं आएगी। ऐसे में जब आप समय से सो नहीं पाएंगे, तो सुबह जल्दी उठ भी नहीं पाएंगे। अगर आप देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको नींद आने में परेशानी हो सकती है। क्योंकि अगर आप रात में लगातार फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा अर्थ है कि आप अपनी नींद का समय आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए सोने से करीब 2 घंटे पहले से फोन का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। इससे आपको अच्छे और बेहतर नींद आएगी।

साथ ही जब आप समय पर सोएंगे तो सुबह उठने में भी परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही सोने के दौरान फोन का इंटरनेट बंद करके सोना चाहिए। जिससे फोन पर आने वाले मैसेज आदि से आपकी नींद खराब न हो। आपको बता दें कि जब आप एक समय पर सोते हैं और एक ही समय पर जागते हैं, तो इस समय की बायलॉजिकल क्लॉक को आदत हो जाती है।

# लंबे समय तक बैठे रहने से खराब हो सकता बॉडी पॉश्चर



बेहतर बॉडी पॉश्चर हमारी पर्सनैलिटी को इन्हेन्स करने का काम करता है। इसके साथ ही सह शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी, बैलेंस और स्ट्रेंथ को भी बनाए रखने में सहायक होता है। जब हमारा बॉडी पॉश्चर बेहतर होता है, तो मांसपेशियों में दर्द की समस्या काफी हद तक कम होती है। साथ ही हम पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होते हैं। बॉडी पॉश्चर यदि बेहतर होता है, तो यह मांसपेशियों में होने वाले तनाव को कम करता है। इससे आप इंजरी या अन्य तरह की समस्याओं से खुद को बचा सकते हैं।

बता दें कि गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। इससे कमर दर्द, पीठ दर्द या फिर गर्दन में दर्द होने की समस्याएं शुरू हो जाती है। ऐसे में आप एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है। इनमें से कुछ एक्सरसाइज ऐसी भी होती हैं, जिनको आप घर पर बैठे-बैठे भी कर सकते हैं।

## फॉर्वड फोल्ड

इस एक्सरसाइज को करने के लिए पैरों की उंगलियों को छुएं और इस दौरान एड़ियों को थोड़ा अलग रखें। फिर कूल्हे तक अपने हाथों को लाएं और कूल्हों को आगे की ओर मोड़ें। अब हाथों को फर्श पर रखें या फिर उनको ब्लॉक कर रखें। इस दौरान अगर हाथ फर्श पर टच नहीं हो रहे हैं, तो हाथ सिर्फ उतना ही आगे बढ़ाएं जितना आप आसानी से बढ़ा सकते हैं। घुटनों को थोड़ा सा मोड़कर कूल्हों के जोड़ों को नरम करें और रीढ़ को लंबा करें। इसके बाद ठोड़ी को छाती से छूने का प्रयास करें, वहीं सिर को जमीन पर हैंग होने दें। इस पोजिशन में एक मिनट रहने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

## चेस्ट ओपनर

इस एक्सरसाइज को करने के लिए हिप-विड्थ के अलावा अपने पैरों के साथ खड़े हो जाएं। आप चाहें तो इसको चेयर पर बैठकर भी कर सकती हैं। अब छाती के सामने दोनों हाथों को लाते हुए स्ट्रेच करें। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को फैलाएं। इस पोजिशन को 5 ब्रीद तक करते हुए गहरी सांस लें। इस प्रक्रिया को 10 बार करें और फिर कुछ समय में लिए रिलैक्स भी करें।

## डाउनवर्ड-फेसिंग डॉग

इस एक्सरसाइज के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को दबाएं। वहीं पैर की उंगलियों के नीचे टक करते हुए एड़ी को ऊपर उठाएं। इस एक्सरसाइज के दौरान कंधे और हाथ को एक सीध में रखना है। वहीं आपके पैर हिप्स की सीध में रहेंगे। अब अपने हाथों को नीचे जमीन की तरफ दबाएं और गर्दन को लंबा खींचने का प्रयास करें। इस स्थिति में 1 मिनट के लिए होल्ड करें। सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं और एक पैर को घुटने से मोड़ें। अब पैर को ऊपर की तरफ खींचें। फिर दाहिने घुटने को मोड़ते हुए दाहिनी कलाई पीछे रखें, जिससे बाएं पैर से दाहिना पैर आगे निकल जाए। अब बाएं पैर को पीछे ले जाते हुए घुटने को सीधा करें और जांघ को फर्श पर टिकाएं। इस दौरान आपका बायां पैर सीधा पीछे की तरफ फैला हो, इस पोजीशन को 1 मिनट तक होल्ड रहें।

## ग्लूट एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को करने के लिए घुटनों के बल झुकें और कूल्हे-डिस्टेंस के अलावा पैरों को भी अलग रखें। बता दों पैरों को कूल्हों से करीब 1 फुट की दूरी पर रखें। अब हथेलियों को नीचे रखते हुए शरीर के साथ हाथों को भी आराम दें। फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को कूल्हों के पास लाएं। अब 10 सेकेंड के लिए इस स्थिति को होल्ड करें और अपने कूल्हों से दूर ले जाएं। इस एक्सरसाइज को रोजाना कुछ देर के लिए जरूर करना चाहिए।

## सर्दियों में अदरक के हैं जबरदस्त फायदे, जानेंगे तो आप भी करने लगेंगे सेवन



सर्दियों में सर्दी-जुकाम के अलावा भी कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जिसकी चपेट में हम तुरंत आ जाते हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम पौष्टिक आहार का सेवन करते हैं और खुद को सर्दी से बचाने के लिए मोटे कपड़े भी पहनते हैं। इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें करके आप सर्दियों में अपने शरीर को फायदा पहुंचा सकता है। जैसे- एक है अदरक का सेवन। दरअसल, अदरक में सोडियम, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट, पोटैशियम, विटामिन बी, सी, फोलेट, जिंक और मैग्नीशियम, जैसे गुण पाए जाते हैं। ऐसे में सर्दियों में अदरक के सेवन से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ये किस बीमारी में राहत देने का काम करता है।

अगर आप सर्दियों के मौसम में अदरक का सेवन करते हैं, तो आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे होता ये है कि जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तो शरीर कई बीमारियों से लड़कर आपको बीमार पड़ने से बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए अदरक का सेवन इसमें मदद कर सकता है। सर्दियों में अदरक का एक फायदा ये भी है कि इसके सेवन से सर्दी-खांसी में राहत मिल सकती है। इसके लिए आप अदरक वाला काढ़ा पी सकते हैं या अदरक वाली चाय का सेवन कर सकते हैं। अगर आप चाय में अदरक का एक टुकड़ा डालकर चाय बनाते हैं और इसका सेवन खाना खाने के एक घंटे बाद करते हैं, तो इससे आपको फैटी लिवर की समस्या से निजात मिलने में मदद मिल सकती है।

# ब्रेकअप के बाद जिंदगी में छा गई है उदासी बुरे दौर में खुद को दें सहारा



रिश्ता टूटने का दौर बुरा होता है। इस दौरान उदास, दुखी और खुद को खोया हुआ महसूस करना स्वाभाविक है। रिश्ता चाहे अच्छे मोड़ पर खत्म हुआ हो या फिर बुरे पर पल भर में इससे उबरना मुश्किल होता है। रिश्ते में रहने के दौरान आपका पार्टनर आपके डेली रूटीन का हिस्सा बन जाता है। ब्रेकअप के बाद इस रूटीन को बदलने में समय लगता है। इस दौरान आप पार्टनर की कमी महसूस करते हैं और ये खालीपन आपको उदास कर देता है। रिश्ते के टूट जाने को स्वीकार करना जरुरी है तभी आप आगे बढ़ सकते हैं। थेरेपिस्ट जॉर्डन ग्रीन कहते हैं कि ब्रेकअप सिर्फ एक अंत नहीं है, वे एक नई शुरुआत हैं। वे आपको उस सारे प्यार और ऊर्जा को पुनर्निर्देशित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं जो आप दूसरे व्यक्ति में डाल रहे थे, सभी के सबसे महत्वपूर्ण रिश्ते में वापस, वह रिश्ता जो आपके साथ है। अगर आपके लिए भी ब्रेकअप से उबरना मुश्किल हो रहा है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम कुछ ऐसी टिप्स लेकर आए हैं, जो इस बुरे दौर में खुद को सहारा देने के आपके काम आएगी।

## दुख को बाहर निकलने दें

ब्रेकअप के बाद खुद को संभालना मुश्किल होता है। इस दौरान एक साथ कई तरह की भावनाएं आप पर हावी हो जाती है। इन भावनाओं को बाहर निकलने दें। रोने का मन कर रहा है तो खुद को रोकने की कोशिश न करें। खुद को हर तरह के दुख और दर्द को महसूस करने दें ताकि बाद में ये आपको कमजोर न कर सकें।

## परिवार/दोस्तों की मदद लें

ब्रेकअप के बाद खुद को अकेले नहीं संभाल पा रहे हैं तो अपने करीबी लोगों की मदद लेने से पीछे न हटें। परिवार या दोस्त जिससे भी बात कर के आपके दिल को शांति मिलती है, उन सभी से बात करें। दोस्तों और परिवार वालों से बात करना आपके लिए एक थेरेपी की तरह काम करेगा और आपको ब्रेकअप के बुरे दौर से निकलने में आसानी होगी।

## खुद पर ध्यान दें

ब्रेकअप के बाद आपका सारा समय आपका है। इसलिए इस समय को सिर्फ और सिर्फ खुद पर खर्च करें। आपको जो चीजें पसंद है वो करने पर ध्यान दें। बाहर जाएं, मूवी देखें, पार्क में घूमें, जो आपके दिल को खुशी दे वो काम करें। ये सब चीजें ब्रेकअप के दुख को कम करेंगी और आपको आगे बढ़ने का हौसला देगी।

## पार्टनर की ये चार बातें प्यार का रिश्ता कर सकती है खराब



रिश्ता कोई भी हो, उसमें विश्वास की जरूरत होती ही है क्योंकि अगर दोनों लोग एक-दूसरे पर विश्वास नहीं करेंगे, तो फिर रिश्ता टूट भी सकता है। बात अगर प्यार के रिश्ते की करें, तो इसमें एक पार्टनर दूसरे से यही उम्मीद रखता है कि वो उनके बारे में सोचे, उनका ध्यान रखे, उन्हें प्यार करे, उनकी बातें सुने आदि। पर इस बात की कोई गारंटी नहीं कि कौन सा रिश्ता बेहतर चलेगा और कौन सा रिश्ता कुछ पलों में ही टूट जाएगा। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपके प्यार का रिश्ता लंबा चले, तो इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ बातों का ध्यान रखें। वरना पार्टनर की कुछ आदतें आपका रिश्ता खराब कर सकती है।

### मोबाइल चेक करना

अगर आपका पार्टनर आपका मोबाइल चोरी-छुपे चेक करता है, तो सावधान हो जाए क्योंकि ये एक गलत आदत है और हो सकता है उसे आप पर शक है। साथ ही पार्टनर अगर अपना मोबाइल आपको नहीं देखने देता है, तो ये आदत भी रिश्ते के लिए खराब हो सकती है।

### दोस्तों को लेकर गलत सोचना

हर किसी के कोई न कोई दोस्त होते हैं। ऐसे में लोग अपने इन दोस्तों संग समय बिताते हैं, उनके साथ घूमने जाते हैं, पार्टी करते हैं आदि। ऐसे में अगर आपका पार्टनर आपको दोस्तों से मिलने से मना करता है या उन्हें छोड़ने को कहता है, तो ये आदत आपके रिश्ते को खराब कर सकती है।

### पैसे वापस न करना

जाहिर है कि एक पार्टनर दूसरे पार्टनर की पैसों की भी मदद करता ही है, लेकिन अगर आपका पार्टनर आपसे रोजाना पैसे मांगता है और फिर वापस भी नहीं करता है। तो ऐसे में आपको सोचने की जरूरत है, क्योंकि हो सकता है कि आपका पार्टनर आपके साथ सिर्फ पैसों के लिए हो।

### शक करना

कई लोग ऐसे भी होते हैं जिनकी बेवजह शक करने की आदत होती है। इससे आपके रिश्ते में खटास आ जाती है। इसलिए ध्यान रहे कि अगर आपका पार्टनर हर एक छोटी बात को लेकर आप पर शक करता है, तो सावधान हो जाए।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट में तीन लोगों की मौत, 13 घायल



**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार को हुए एक बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और तीन पुलिसकर्मियों सहित 13 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी ताहिर शाह ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले की वाना तहसील में एक टैक्सी स्टैंड के पास एक पुलिस गश्ती वाहन के पास इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट हुआ। कम से कम दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

ताहिर ने बताया कि विस्फोट और उसके बाद हुई गोलीबारी के बाद इलाके में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। घायलों को वाना मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की ओर से नवंबर 2022 में सरकार के साथ संघर्ष विराम खत्म करने के बाद से पाकिस्तान में, खासकर कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

## ट्रंप जैसा जोकर नहीं समझता, कैसे काम करता है वैश्विक व्यापार..,एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने कसा तंज

**व्यापार**

**हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने 'एक्स'पर लिखा, यह कूटनीति नहीं, बदमाशी है। ट्रंप जैसा जोकर यह नहीं समझता कि वैश्विक व्यापार कैसे काम**



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ट्रंप का 50 फीसदी टैरिफ भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, निर्माताओं को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि इससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित होगी, विदेशी निवेश रुकेगा और नौकरियों पर असर पड़ेगा। ओवैसी ने कहा, यह कूटनीति नहीं, बदमाशी है। ट्रंप जैसा जोकर यह नहीं समझता कि वैश्विक व्यापार कैसे काम करता है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला भारत के निर्यातकों, छोटे-मझोले उद्योगों (एमएसएमई), निर्माताओं को भारी नुकसान पहुंचाएगा। इससे आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) बाधित होगी, विदेशी निवेश (एफडीआई) रुकेगा और नौकरियों पर भी असर पड़ेगा। एक दिन पहले ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर जुर्माने के रूप में 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया। ओवैसी ने कहा कि ट्रंप ने सिर्फ इसलिए अब 25 फीसदी टैरिफ और जोड़ दिया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदा, जिससे कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है।

हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने 'एक्स'पर लिखा, यह कूटनीति नहीं, बदमाशी है। ट्रंप जैसा जोकर यह नहीं समझता कि वैश्विक व्यापार कैसे काम करता है। ओवैसी ने कहा कि यह नया टैरिफ भारत के निर्यातकों, एमएसएमई और निर्माताओं को नुकसान पहुंचाएगा। इससे सप्लाई चेन टूटेगी, विदेशी निवेश घटेगा और नौकरियों पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने पूछा, लेकिन नरेंद्र मोदी को क्या फर्क पड़ता है? वे भाजपा के %शक्ति प्रदर्शन% करने वाले नेता अब कहां हैं?

ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा, पिछली बार मैंने पूछा था कि जब ट्रंप ने 56 फीसदी टैरिफ लगाएगा, तब क्या मोदी जी अपनी 56 इंच की छाती दिखाएंगे? ट्रंप अब 50 फीसदी पर रुक गया है। शायद वह हमारे 'नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री' से डर गया है? उन्होंने आगे कहा, क्या हमारी रणनीतिक स्वतंत्रता को बेचकर अपने अरबपति दोस्तों की तिजोरी भरना सही था?

ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसका नाम है- %रूसी सरकार से अमेरिका को होने वाले खतरों से निपटना%। इस आदेश के तहत भारत से आने वाले सामान पर पहले से लगे 25 फीसदी टैरिफ के अलावा अब और 25 फीसदी टैरिफ जोड़ा गया है, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। इस फैसले के बाद कुछ गिने-चुने उत्पादों को छोड़कर भारत से अमेरिका को भेजे जाने वाले अधिकांश सामानों पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस फैसले से खासकर कपड़ा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा जैसे क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ेगा।

## खाई में बस गिरने से घायल हुए सीआरपीएफ जवानों का हालचाल जानने कमांड अस्पताल पहुंचेंगे डीजी जीपी सिंह




**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में हुए एक सड़क हादसे में सीआरपीएफ के दर्जनभर जवान घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल दो जवान शहीद हो गए हैं। सीआरपीएफ जवानों को लेकर जा रही बस, गुरुवार की सुबह गहरी खाई में गिर गई थी। घायल हुए जवानों को सेना की उत्तरी कमांड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह, शुक्रवार को घायलों का हालचाल जानने के लिए उधमपुर पहुंचेंगे। सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन की एक बस में सवार होकर जवान, कदवा से बसंतगढ़ जा रहे थे। ये सभी जवान एक आपरेशन को खत्म करके लौटे थे। रास्ते में बस, हादसे का शिकार हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर की मदद से उधमपुर के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में शहीद होने वाले जवानों में सिपाही आनंद कोच, उम्र 27 वर्ष, निवासी मेघालय, बटालियन 137 और हवलदार अरविंद कुमार, उम्र 39 वर्ष, बटालियन 187, निवासी चंदौली उत्तर प्रदेश शामिल हैं। सीआरपीएफ के आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, डीजी जीपी सिंह ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वे शुक्रवार की सुबह, उधमपुर पहुंचेंगे।

## महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग फिर तेज

**नई दिल्ली।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे लंबे समय से सभी मराठों को ओबीसी श्रेणी के रूप में मान्यता देने और सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे कई बार भूख हड़ताल कर चुके हैं। अब वे नया आंदोलन करने जा रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग फिर तेज होने लगी है। मराठा आरक्षण का मुद्दा उठा रहे कार्यकर्ता मनोज जरांगे 29 अगस्त से नया आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। जरांगे सभी मराठों को ओबीसी श्रेणी के रूप में मान्यता देने और सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर कई बार भूख हड़ताल कर चुके हैं। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि वह मराठा समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ 27 अगस्त को मुंबई से लगभग 400 किलोमीटर दूर जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव से रवाना होंगे। हम पुणे जिले के जुन्नार इलाके में शिवनेरी किले के पास अपना पहला पड़ाव डालेंगे। हम अंतरवाली से शेवगांव, अहिल्यानगर और अलेफाटा होते हुए शिवनेरी जाएंगे और मानसून के कारण मालशेज घाट जाने से बचेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अगले दिन हम चाकन जाएंगे। वहां से आंदोलनकारी तालेगांव, लोनावाला, वाशी और चेंबूर होते हुए दक्षिण मुंबई पहुंचेंगे। आंदोलन 29 अगस्त से मुंबई के आजाद मैदान में शुरू होगा। जरांगे ने मराठा समुदाय के लोगों से मुंबई में आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि मराठा समुदाय के जो नेता आंदोलन में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें चुनाव में हराया जाना चाहिए। पिछले साल फरवरी में महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का एक विधेयक पारित किया था, लेकिन जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। जरांगे के नेतृत्व में मराठा समुदाय मराठों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी करने की मांग कर रहा है, ताकि उन्हें सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के लिए ओबीसी श्रेणी में शामिल किया जा सके। कार्यकर्ता ने दावा किया है कि यह साबित करने के लिए 58 लाख से अधिक दस्तावेज एकत्र किए गए हैं कि कुनबी और मराठा एक ही हैं। उन्होंने इन अभिलेखों के आधार पर कुनबी प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है। राज्य सरकार ने मराठा समुदाय के उन सदस्यों को कुनबी प्रमाण पत्र देने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तय करने के लिए न्यायमूर्ति शिंदे की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय पैनल का गठन किया था, जिन्हें या जिनके पूर्वजों को निजाम-युग के दस्तावेजों में कुनबी कहा गया था। महाराष्ट्र में कुनबी (कृषि से जुड़ा समुदाय) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आते हैं।

## 18 साल बाद राजनेता के बेटे की हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

**ठाणे।** कल्याण अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीआर अष्टुरकर ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित कर दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि शिवसेना पदाधिकारी महेश पाटिल सहित 10 अन्य के खिलाफ आरोप साबित नहीं हुए हैं। इसलिए उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने गुरुवार को 18 साल पहले एक स्थानीय राकांपा (शरद गुट) पदाधिकारी के बेटे की हत्या के मामले में तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने 10 अन्य को बरी कर दिया। कल्याण अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीआर अष्टुरकर ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित कर दिए हैं।

## हमने नहीं दिया कबूतरखानों को बंद करने का आदेश

**मुंबई।** बृहन्मुंबई नगर निगम ने शहर के कबूतरखानों को बंद करने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ शहर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया था कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद कबूतरखाने बंद कर दिए गए हैं। इस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि हमने कबूतरखानों को बंद करने का कोई आदेश पारित नहीं किया।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कबूतरखानों को बंद करने के आदेश को लेकर किए जा रहे दावों पर सख्त टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने मुंबई में कबूतरखानों को बंद करने का कोई आदेश पारित नहीं किया। बल्कि हमने नगर निगम के आदेश पर रोक लगाने से परहेज किया है। कोर्ट ने कहा कि कबूतरखानों को बंद करना है या नहीं, इसके लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाना चाहिए। क्योंकि मानव जीवन सर्वोपरि है। हाल में जब मुंबई मे कबूतरखानों को बंद किया गया तो विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया था कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद कबूतरखाने बंद कर दिए गए हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने गुरुवार को साफ किया कि उसने कोई आदेश पारित नहीं किया है। यह बीएमसी (बृहन्मुंबई नगर निगम) का फैसला था। जिसे हमारे सामने चुनौती दी गई थी। हमने कोई आदेश पारित नहीं किया। हमने कोई अंतरिम राहत नहीं दी। पीठ ने यह भी कहा कि लोगों की सेहत सर्वोपरि महत्व और चिंता का विषय है और हम इस मुद्दे का अध्ययन करने और सरकार को सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्त करने पर विचार करेंगे।

पीठ ने कहा कि हमें केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य की चिंता है। कुछ कबूतरखाने सार्वजनिक स्थान पर हैं, जहां हजारों लोग रहते हैं।

**आदेश**

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने कबूतरखानों को बंद करने के आदेश को लेकर किए जा रहे दावों पर सख्त टिप्पणी की है।**

इसलिए संतुलन होना जरूरी है। कुछ ही लोग हैं जो कबूतरों को खाना खिलाना चाहते हैं। अब सरकार को निर्णय लेना है। इसमें कुछ भी विरोधाभासी नहीं है। सरकार और बीएमसी को इस पर फैसला लेना होगा कि हर नागरिक के सांविधानिक अधिकार सुरक्षित रहें, न कि केवल कुछ इच्छुक व्यक्तियों के। हाईकोर्ट ने कहा कि सभी मेडिकल रिपोर्ट कबूतरों के कारण होने वाले नुकसान की ओर इशारा करती हैं। इसलिए मानव जीवन सर्वोपरि है। कोर्ट ने



कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए विशेषज्ञ नहीं है, इसलिए कोई भी निर्णय लेने से पहले वैज्ञानिक अध्ययन किया जाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित करते हुए हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के महाधिवक्ता को उपस्थित रहने के लिए कहा। ताकि विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश पारित किया जा सके। पीठ ने कहा कि बहुत सारी चिकित्सा सामग्री पर गौर करने की जरूरत है और अदालत इसकी जांच करने के लिए विशेषज्ञ नहीं है। एक विशेषज्ञ समिति यह तय कर सकती है कि बीएमसी का निर्णय सही था या नहीं। राज्य को समिति नियुक्त करने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि वह सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिकों का संरक्षक है। कोर्ट ने कहा कि यदि समिति का मानना है कि बीएमसी का निर्णय सही है तो पक्षियों के लिए उपयुक्त विकल्प पर विचार किया जा सकता है। कबूतरों को दाना डालने वाले लोगों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर करके नगर निगम द्वारा कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबंध लगाने और कबूतरखानों को बंद करने के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने पिछले महीने याचिकाकर्ताओं को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।

## जारी रहेगा संघर्षविराम या शुरू होगी भीषण जंग? शांति वार्ता के बीच सीमा पर फिर बढ़ा तनाव

**सुरक्षित**

**24 जुलाई को हुए संघर्ष के बाद थाईलैंड के उबोन राचथानी प्रांत से करीब 20,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था।**

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद को लेकर मलयेशिया में संघर्ष विराम वार्ता हो रही है। हालांकि, दोनों सेनाएं सीमा पर तैनाती बढ़ा रही हैं, जिससे तनाव बरकरार है। हाल ही में हुए संघर्ष में 20,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हुए थे। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर संघर्ष विराम तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। मलयेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष विराम




को मजबूत करने के लिए वार्ता जारी है। लेकिन दूसरी ओर, दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर तैनाती बढ़ा रही हैं, जिससे आम लोगों में एक बार फिर संघर्ष शुरू होने का डर गहराता जा रहा है। मलयेशिया की मध्यस्थता में यह बातचीत ऐसे समय हो रही है जब हाल ही में दोनों सेनाओं के बीच टकराव में हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। वार्ता सोमवार को शुरू हुई और यह चार दिनों तक चलेगी। इसमें थाईलैंड के उप रक्षा मंत्री नत्ताफोन नकपनित और कंबोडिया के रक्षा मंत्री टीआ सेहा शामिल हैं। मलयेशिया, चीन और अमेरिका के पर्यवेक्षक भी इन वार्ताओं में भाग ले रहे हैं। 28 जुलाई को हुए संघर्ष विराम के बावजूद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। थाईलैंड के सांसद वासावात पूंगपॉर्नसरी ने चेतावनी दी है कि स्थिति कभी भी विस्फोटक हो सकती है। 24 जुलाई को हुए संघर्ष के बाद थाईलैंड के उबोन राचथानी प्रांत से करीब 20,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था। अभी भी कई लोग अपने घरों से दूर शिविरों में रह रहे हैं। थाई अधिकारी स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं ताकि जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें मुआवजा मिल सके। मई में हुए संघर्ष में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। अब एक बार फिर हालात वैसे ही होते दिख रहे हैं। वासावात पूंगपॉर्नसरी के अनुसार, चोंग अनमा बॉर्डर क्रॉसिंग पर थाई और कंबोडियाई सैनिकों के बीच केवल 50 मीटर की दूरी है। यही इलाका पहले भी संघर्ष का केंद्र रहा है। स्थानीय निवासी फियान सोमस्री ने बताया कि कैसे बम उनके खेतों तक गिर रहे थे। वे पिछले दस दिनों से एक बौद्ध मंदिर में शरण लिए हुए हैं। उनका कहना है, तैयार थी, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि ऐसा सच में हो जाएगा।

## डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक के लिए संयुक्त अरब अमीरात एक संभावित जग

**वॉशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ अपनी मुलाकात के बाद क्रेमलिन में यह घोषणा की। एलान व्हाइट हाउस की ओर से मॉस्को को यूक्रेन में तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की दिशा में प्रगति दिखाने के लिए दी गई समय सीमा से ठीक पहले हुई है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाली संभावित बैठक के लिए संयुक्त अरब अमीरात एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इससे पहले क्रेमलिन ने गुरुवार को कहा कि आने वाले दिनों में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच एक बैठक पर सहमति बन गई है। यह खबर ऐसे वक्त सामने आई है, जब एक सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि यूक्रेन के लोग रूस के लड़ाई को समाप्त करने वाले समझौते के लिए उत्सुक हैं।

**बैठक**

**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाली संभावित बैठक के लिए संयुक्त अरब अमीरात एक अच्छा विकल्प हो सकता है।**

रूसी राष्ट्रपति के निवेश एवं आर्थिक सहयोग दूत किरिल ए. दिमित्रिव ने गुरुवार को साफ किया कि अगले सप्ताह पुतिन और ट्रंप के बीच संभावित मुलाकात की तैयारियां चल रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दिमित्रिव ने कहा, रूस पुष्टि करता है कि पुतिन-ट्रंप शिखर सम्मेलन अगले सप्ताह हो सकता है। शिखर



सम्मेलन की तैयारियां जारी हैं। यह एक ऐतिहासिक बैठक हो सकती है। संवाद ही सफल होगा। इससे पहले पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा था कि दोनों पक्ष एक बैठक की योजना बनाने पर काम कर रहे हैं। बैठक के लिए स्थान पर भी सहमति बन गई है। इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। यह पुष्टि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से मॉस्को में पुतिन के साथ वार्ता के एक दिन बाद हुई है। यह बैठक व्हाइट हाउस की ओर से रूस को यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने या आर्थिक दंड का सामना करने की दी गई समय सीमा से कुछ ही दिन पहले हुई थी।

इस साल ट्रंप के सत्ता में लौटने के बाद पुतिन और ट्रंप के बीच यह पहली बैठक होगी। यह तीन साल से भी ज्यादा पुराने जंग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है। हालांकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि इस तरह की बैठक से रूस-यूक्रेन जंग समाप्त हो जाएगी, क्योंकि रूस और यूक्रेन अपनी मांगों को लेकर अभी भी एकमत नहीं हैं।

## बिछड़े रिश्ते, टूटी यादें और अधूरी मुलाकाते



**ग्योदोंग-डो।** कोरियाई युद्ध के 70 साल बाद भी, दक्षिण कोरिया के ग्योदोंग द्वीप पर रह रहे बुजुर्ग युद्ध दिग्गज उत्तर कोरिया लौटने की उम्मीद नहीं छोड़े हैं। 90 वर्षीय किम और उनकी पत्नी मिन जैसे कई विस्थापित, अब स्थायी रूप से वहीं बस गए हैं। विभाजन का दर्द अब भी जिंदा है। इन दिग्गजों की आखिरी ख्वाहिश है कि दोनों कोरियाओं का फिर एकीकरण हो जाए।

किम चेओंग सान और उनकी पत्नी मिन ओक सन दोनों 90 वर्ष के करीब हैं। वो कहते हैं कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि कोरियाई युद्ध में विस्थापित होने के बाद, दक्षिण कोरिया के ग्योदोंग द्वीप पर 70 साल पहले बना उनका अस्थायी टिन की छत वाला आश्रय उनका स्थायी घर बन जाएगा।

ग्योदोंग-डो यानी ग्योदोंग-द्वीप उत्तर और दक्षिण कोरिया की सीमा पर स्थित है। 90 वर्षीय दंपत्ति किम और मिन की तरह, यहां भी 1950 के दशक में कोरियाई युद्ध में शामिल हुए कई विस्थापित उत्तर कोरियाई लोग रहते हैं। ग्योदोंग-डो को गंगवा-डो से जोड़ने वाला एक पुल है, जहां असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) शांति पथ स्थित है। इसे 2014 में बनाया गया था। इससे पर्यटकों को इस क्षेत्र में आने की अनुमति मिलती है। पर्यटक डेयरयोंग गांव और डेयरयोंग बाजार देखने के लिए इस क्षेत्र में आते रहे हैं, जिसका आकर्षण 1970 के दशक की याद दिलाता है।

किम का जन्म 1930 में ह्वांगहे-डो (अब उत्तर कोरिया में) में हुआ था, एक गुरिल्ला इकाई, ह8240 यूल्जी टाइगर ब्रिगेड एसोसिएशन के सदस्य थें। इस इकाई ने 25 जून, 1950 को कोरियाई युद्ध छिड़ने के बाद, अमेरिकी वायु सेना के पायलटों के बचाव कार्यों में अमेरिकी सेना के सैनिकों की मदद की थी, जो उनके परिचित क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र में थे।

मिन का जन्म उनके पति के गांव में ही हुआ था, केवल 17 वर्ष की आयु में ग्योदोंग-डो आई थीं। लेकिन युद्ध के बाद देश विभाजित हो गया और उन्हें कभी वापस जाने का मौका नहीं मिला। 27 जुलाई, 1953 को युद्ध समाप्त होने पर, इस जोड़े सहित कई उत्तर कोरियाई लोग ग्योदोंग द्वीप पर अस्थायी रूप से बस गए थे। किम कहते हैं कि यहां के ग्रामीणों ने टिन की छत वाले आश्रय बनाकर हम शरणार्थियों को बसने में मदद की। अब, वर्षों से, हमारे अस्थायी निवास स्थायी घरों में बदल गए हैं।

## ब्रिटेन में हिरासत में लिए गए छोटी नाव से आ रहे फ्रांसीसी प्रवासी, स्टार्मर-मैक्रों के बीच हुआ था समझौता



**लंदन।** पिछले महीने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच लंदन में हुई बैठक के दौरान समझौता हुआ था। इसके तहत ब्रिटेन में छोटी नावों से आने वाले कुछ प्रवासियों को फ्रांस वापस भेजने पर सहमति बनी थी। समझौता लागू होने के बाद ब्रिटेन में पहली बार प्रवासियों को हिरासत में लिया गया।

फ्रांस और ब्रिटेन हुए समझौते को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ब्रिटेन के सीमा अधिकारियों ने छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार करके यूके में आए फ्रांसीसी प्रवासियों के एक दल को हिरासत में लिया। इनको अब वापस फ्रांस भेजा जाएगा। पिछले महीने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच समझौता हुआ था कि ब्रिटेन में आने वाले प्रवासियों को फ्रांस वापस भेजा जाएगा।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने बताया कि प्रवासियों को बुधवार को समझौता लागू होने के बाद हिरासत में लिया गया। अब उन्हें फ्रांस वापस भेजे जाने तक आव्रजन निष्कासन केंद्रों में रखा जाएगा। गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा कि इससे ऐसे सभी प्रवासियों को तक मेसेज जाएगा जो ब्रिटेन जाने के लिए संगठित अपराध गिरोहों को पैसे देने के बारे में सोच रहे हैं। अब उनको पता लग जाएगा कि अगर वे छोटी नाव में सवार होते हैं तो वे अपनी जान जोखिम में डाल रहे होंगे और अपना पैसा बर्बाद कर रहे होंगे।पिछले महीने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच लंदन में हुई बैठक के दौरान समझौता हुआ था। स्टार्मर का मानना है कि यह कदम उन लोगों को हतोत्साहित करेगा जो खतरनाक तरीके से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन आते हैं।

समझौते के तहत ब्रिटेन और फ्रांस ने एक पायलट योजना पर सहमत हुए। इसके तहत ब्रिटेन में छोटी नावों से आने वाले कुछ प्रवासियों को फ्रांस वापस भेजा जाएगा।

यह योजना हर हफ्ते 50 प्रवासियों पर लागू होगी। इसके बदले ब्रिटेन उतने ही लोगों को स्वीकार करेगा जिनके शरण दावे वैध माने जाएंगे। ब्रिटेन के अधिकारियों का कहना है कि यह समझौता एक बड़ी सफलता है, क्योंकि इससे एक मिसाल कायम होगी कि जो प्रवासी अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंच जाते हैं, उन्हें फ्रांस वापस भेजा जा सकेगा। वहीं ब्रिटिश सरकार को अपने बॉर्डर कंट्रोल को लेकर आलोचना झेलनी पड़ रही है। आलोचकों का कहना है कि यह समझौता प्रवासियों को रोकने में कोई खास मदद नहीं करेगा, क्योंकि फ्रांस लौटने वाले प्रवासियों की संख्या बहुत कम है। समझौते में खामियों के कारण ब्रिटेन में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले कई लोग मानवाधिकारों के लिए दावा करते हुए देश में ही बने रहेंगे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत युवाओं को स्वरोजगार हेतु रू0 5.00 लाख ऋण बिना ब्याज, बिना गारन्टी के बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उक्त योजन के अन्तर्गत जनपद को वर्ष 2025-26 हेतु 2200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी उद्यमियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित सभी जिला समन्वयको को योजना में रूचि लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु प्रोत्साहित किया। तथा जनपद इस योजना मे विगत 05 माह से प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर जिला स्तरीय टीम एवं बैंकर्स के साथ-साथ जनपद के युवाओं की सहभागिता पर बधाई दी, साथ ही युवाओं से आह्वान किया गया कि योजना का लाभ उठायें एवं रोजगार मांगने वाले नही, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले बने एवं मुख्यमंत्री के प्रदेश को 01 ट्रिलियन इकोनामी बनाने के सपने को साकार करने में सहयोग प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यशाला मे उपस्थित सभी प्रतिभागियों को योजना की विशिष्टता बताते हुए उपस्थित सभी बैंक समन्वयको को आवेदन पत्रों को निस्तारित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सी0एम0 युवा मिशन कार्यालय लखनऊ से आयी हुई तकनीकी टीम द्वारा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए तकनीकी पहलुओं जैसे प्रोजेक्ट तैयार करना, कोटेशन प्राप्त करना, मशीनों के सप्लायर के विषय में बिजनेश आन व्हील, क्लाउड किचन फेंचाईजी सेवा इत्यादि। आवेदन करने में आ रही कठिनाइयों का निराकरण करने की जानकारी भी दी गयी। कार्यशाला में आये हुए प्रतिभागियो द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान, समाधान समिति के सदस्यों एवं कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जौनपुर द्वारा किया गया। कार्यशाला में , उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। तथा सभी बैंक समन्वयको को प्रेषित आवेदन-पत्रों को यथाशीघ्र एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आह्वान किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि जनपद को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2200 लक्ष्य के सापेक्ष कुल 1414 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरण की कार्यवाही बैंको द्वारा की गयी है।कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबन्धक उद्योग जय प्रकाश द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 मनीष पाल , प्रतिनिधि अग्रणी जिला प्रबन्धक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, समस्त जिला समन्वयक बैंक जौनपुर, प्रतिनिधि प्राधानाचार्य राजकीय पालिटेक्निक के छात्र/छात्राओं एवं आरसेटी तथा कौशल विकास मिशन के बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया। लखनऊ से आये समाधान समिति के विशेषज्ञ रनवीर सिंह, सौरभ शुक्ला एवं जय तिवारी द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यशाला में सहायक प्रबन्धक उद्योग राम नवल चौहान, सहायक प्रबन्धक उद्योग रणजीत कुमार वर्मा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।



विगत पांच माह से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में शीर्ष पर है जनपद

## हर घर तिरंगा - 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**जौनपुर।** राज भवन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा - 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत रज्जू भइया संस्थान, विश्वविद्यालय परिसर में एक रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रभक्ति की भावना को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में विधि विभाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान फार्मेसी विभाग की टीम ने हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीः प्रियांशी मौर्या, अपर्णा उपाध्याय, प्रतीक्षा शुक्ला, पारुल गुप्ता, प्रिया सोनी, प्राची जैसवाल, खुशी कनौजिया, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीः शिवानी पांडेय, रानी सिंह, पूजा बिन्द, साक्षी यादव, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीः खुशी शर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, सौम्या मौर्या, काजल यादव, जिज्ञासा विमल, सृजन मौर्या रहीं।कार्यक्रम का समुचित संचालन एवं संयोजन डा. वनिता सिंह एवं डॉ. पूजा सक्सेना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिवार के लिए न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव रहा, बल्कि देशभक्ति एवं रचनात्मकता के संगम का प्रतीक भी बना।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रथम चरण में परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर निकाली जन जागरूकता रैली

छात्रों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जैसे नारों से पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया

**जौनपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जनपद में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हर घर तिरंगा 2025 अभियान के प्रथम चरण के तहत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के निर्देशन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में तिरंगा रैली, पेटिंग प्रतियागिता सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ब्लाक संसाधन केन्द्र मडियाहूं और प्राथमिक विद्यालय बासुदेवपट्टी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में तिरंगा रैली निकाली गयी। इस दौरान छात्रों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जैसे नारों से पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 02 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें विद्यालयों के स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता, रक्षाबन्धन, दीवालों पर पेन्टिग और तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जिसके क्रम में आज ब्लाक संसाधन केन्द्र मड़ियाहूं में तिरंगा यात्रा निकाली गयी ताकि बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की जा सके और अमर शहीदों के बलिदान को याद किया जा सके। इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय सबरहद, प्राथमिक विद्यालय सिददीकपुर करंजाकला, कम्पोजिट विद्यालय पंचहटिया, प्राथमिक विद्यालय ककोरगहना सहित जनपद के समस्त परिषदी विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यालयों की दीवारों एवं सूचनापटों को तिरंगा प्रेरित कला से सजाया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। तिरंगा एवं देशभक्ति से संबंधित चित्रकला, रंगोली, कहानी, लेखन और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। तिरंगा थीम पर राखी बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यालयों के बच्चों ने अपनी बनाई हुई राखियां सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों को आभार पत्र सहित डाक द्वारा प्रेषित कीं इसके साथ ही माध्यमिक विद्यालयों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक संगठन के प्रतिनिधिगण, एसआरजी, एआरपी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# ओइना गांव में पारिवारिक कलह ने लिया नया मोड़ : बहू पर गहनों की चोरी का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जनपद के खुटहन थाना क्षेत्र स्थित ओइना गांव में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रही कलह अब आरोप-प्रत्यारोप के गंभीर दौर में पहुँच गई है। गांव निवासी रामनाथ गौतम ने अपनी बहू कंचन पर घर से लाखों रुपये मूल्य के गहने लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने खुटहन थाने में लिखित तहरीर भी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामनाथ गौतम के बेटे संदीप की शादी दुगौली बदलापुर में 11 जून 2022 को कंचन के साथ हुई थी। संदीप वर्तमान में मद्रास की एक निजी कम्पनी में कार्यरत है। घर पर उसकी पत्नी कंचन अपने सास-ससुर के साथ रह रही थी। परिजनों के मुताबिक, शादी के कुछ ही समय बाद से पति-पत्नी के बीच अनबन शुरू हो गई थी। कई बार मामला परिवार की चौखट से निकल कर पंचायत तक भी पहुँचा, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। रामनाथ गौतम ने बताया कि 2 जुलाई को सुबह जब परिवार के सदस्य घर के काम में व्यस्त थे, तभी कंचन अचानक घर से निकल गई। जब तक परिजनों को इसकी भनक लगी, वह जा चुकी थी। बाद में घर की तलाशी लेने पर पता चला कि आलमारी में रखे कीमती जेवरात भी गायब हैं। रामनाथ गौतम के अनुसार, गायब जेवरों में मांग टीका, झूमका, हार, नथिया, करधन, छागल, हाथ मेहंदी, एक चैन, एक अंगूठी, एक लाकेट और कान के झुमके शामिल हैं। उनका कहना है कि इन गहनों को उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए बनवाया था, जो अप्रैल 2026 में तय है। इसके लिए उन्होंने एक स्थानीय स्वर्णकार से गहने बनवाए थे उसका कर्ज शेष है। वहीं कंचन की सास प्रेमा देवी ने भी बहू पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि कंचन अक्सर मोबाइल फोन पर देर रात तक किसी से बात करती थी। घर के सदस्य उसे समझाते थे, लेकिन वह किसी की नहीं सुनती थी। कई बार बात को लेकर झगड़ा भी हुआ। रामनाथ गौतम ने खुटहन थाने में तहरीर देकर मामले की पूरी जानकारी दी है। उनका कहना है कि बहू कंचन न न सिर्फ जेवरात लेकर घर की मर्यादा को तोड़ा, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति को भी संकट में डाल दिया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई कर जेवरात की बरामदगी और बहू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत लाभार्थियों का किया गया चयन

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने विकास भवन के सभागार में कृषि विभाग की संचालित कृषि यंत्र अनुदान योजना के अंतर्गत किए गए ऑनलाइन आवेदनों की ई-लॉटरी के माध्यम से विभिन्न कृषि यंत्रों हेतु निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से आवेदन करने वाले किसानों की उपस्थिति में ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत लाभार्थियों का चयन किया गया, रोटावेटर हेतु विकास खंड सदर से अनुसूचित जाति के 03 आवेदन किए गए, जिसमें से ई-लॉटरी के माध्यम से कुलदीप सिंह का चयन हुआ वहीं सामान्य जाति के 16 आवेदनों में से अविनाश सिंह, प्रवेंद्र कुमार चयनित हुए, विकास खंड जागीर से सामान्य जाति के 04 आवेदन के सापेक्ष राजेश कुमार, मधुबाला, विकास खंड घिरोर में अनुसूचित जाति के 04 आवेदन में दयाराम, समान वर्ग के 11 आवेदन में बलराम, संगीता कुमारी, विकास खंड कुरावली में सामान्य वर्ग के 07 आवेदन के सापेक्ष देवेंद्र सिंह, मिथिलेश कुमारी, विकास खंड किशनी में सामान्य वर्ग के 14 आवेदन के सापेक्ष ओम प्रकाश, आशीष कुमार, अंकित कुमार, विकास खंड बेवर में सामान्य वर्ग के 04 आवेदन के सापेक्ष रोहिनी देवी, श्याम सिंह, विकास खंड सुल्तानगंज में सामान्य वर्ग के 10 आवेदन के सापेक्ष श्यामा देवी, सुरेन्द्र कुमार, अनुसूचित जाति वर्ग में बृजपाल, विकास खंड बरनाहल में सामान्य वर्ग में बिजेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र, अनुसूचित वर्ग में दयाराम तथा विकास खंड करहल में राम नरेश, तिलक सिंह को ई-लॉटरी के माध्यम से रोटावेटर हेतु चयन हुआ। ऑयल मिल हेतु बरनाहल में श्यामवीर सिंह, किशनी में अभिषेक अवस्थी, हैरो लेजर लैण्ड लेवलर में बरनाहल से अनुसूचित जाति में अर्जुन सिंह, करहल में तिलक सिंह, सदर में भगवान देवी, जागीर में राजेश, कुरावली में सत्येन्द्र कुमार, किशनी में अनुसूचित जाति से तिगांवती, सामान्य वर्ग से मिथलेश कुमारी, बेवर में बलराम सिंह योजना का कृषि यंत्र अनुदान हेतु चयन हुआ।



उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सी-टू, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजनान्तर्गत आलू बोने की मशीन में 03, आलू खोदने की मशीन में 03 कम्बाइन हार्वेस्टर में 01, कल्टीवेटर में 04, सुपर सीडर में 17, स्मॉल गोदाम में 03 कृषकों का अनुदान हेतु चयन हुआ इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ग में प्रतीक्षा सूची भी जारी हुयी, चयनित कृषकों द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत कृषि यंत्र क्रय न करने पर व बिल पोर्टल पर समय से अपलोड न करने की स्थिति में प्रतिक्षा सूची के कृषकों को कन्फर्म कर दिया जायेगा। उन्होने चयनित कृषकों से कहा कि यंत्र क्रय कर बिल पोर्टल पर समय से अपलोड करा दें, जिससे की अग्रिम कार्यवाही पूर्ण कर अनुदान का भुगतान किया जा सके।

# रोडवेज कर्मियों में आक्रोश, प्रदर्शन कर पुलिस चौकी में दी तहरीर



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** धमकी देकर प्राइवेट बस संचालकों ने सरकारी बसों से उतार ली सवारी, अधिकारियों की मेहरबानी से रोडवेजकर्मियों में आक्रोश, प्रदर्शन कर पुलिस चौकी में दी तहरीर। बतादे की आजमगढ़ में मंगलवार को रोडवेज कर्मचारी उस वक्त धरने पर बैठ गए जब दिल्ली को जाने वाली बलिया डिपो बस चालक गुड्डू कुमार और बेल्थरा रोड डिपो बस चालक अशोक कुमार से गाली गलौज करते हुए कुछ प्राइवेट गाड़ियों के संचालकों ने धमका कर बस में बैठी सवारी को कम किराए में दिल्ली पहुंचाने की बात कहकर अपनी ए.सी गाड़ी में लेकर चलें गए। इसकी सूचना मिलते ही आक्रोषित रोडवेज कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रवेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारियों ने उक्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर रोडवेज पुलिस चौकी गेट पर धरना दे दिया। अध्यक्ष परवेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरटीओ व एआरटीओ की मेहरबानी से लगातार रोडवेज के आसपास प्राइवेट वाहन स्वामियों और उनके चालकों द्वारा डग्गामारी हो रही है। जिसके चलते परिवहन विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। घंटों तक चले धरने को मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय प्रबंधक और अपर पुलिस अधीक्षक के दूरभाष कार्यवाही के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया।

# शारदा सहायक नहरों में छह महीनों से नहीं छोड़ा गया पानी, नहरें है सूखीः राजनेत यादव

विभिन्न समस्याओं को लेकर जय किसान ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जय किसान आन्दोलन के प्रदेश अध्यक्ष राजनेत यादव के नेतृत्व में जय किसान आन्दोलन के कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी से वार्ता करके जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष राजनेत यादव ने कहा कि आजमगढ़ जिला सहित पूर्वांचल में नहरों का जाल है सभी नहरें शारदा नदी व घाघरा नदी के सहयोग से चलती है, इसलिए इसे शारदा सहायक नहर कहा जाता है कितनी शर्म की बात है कि आज 01 अगस्त तक किसी भी नहरों में हेड से टेल तक पानी नहीं आया है, ज्यादातर नहरों जैसे सोफीपुर नहर, , मन्दुरी एयरपोर्ट वाली नहर आदि में तो 6 महीने से अभी तक पानी छोड़ा ही नहीं गया। नहरें पूरी तरह से अभी तक सूखी है, पांच वर्षो से लगातार नहरों में पानी न देकर दोनो नदियों का पानी घाघरा नदी में छोड़ने से घाघरा नदी में बाढ आ जाती है, जिससे बाढ़ व कटान होने से आजमगढ़ , मऊ बलिया के कई गांव व उपजाऊ जमीनें नदी में विलीन हो गये एक तरफ सूखा दूसरी तरफ बाढ़ इसके लिए पूरी तरह से सिंचाई मंत्री, नहर विभाग के जेई एसडीओ व मुख्य अभियंता पूरी तरह से जिम्मेदार है, अगर पूरी क्षमता से सभी नहरें चलती तो घाघरा नदी में बाढ से लोग बर्बादी से बच जाते, इस बाढ व सूखा के लिए नहर विभाग के जेई,एसडीओ, ठेकेदार व मुख्य अभियंता को जिम्मेदार मानते हुए इनके ऊपर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर के जेल भेजा जाय। श्री यादव ने कहा कि बिजली विभाग के लोग बिल के नाम पर आम जनता का इस भीषण गर्मी में तार काट कर उठा ले जा रहे हैं जबकि बिजली हमारी आवश्यक सेवाओं में आती है हमारे टैक्स के पैसे से संचालित होती है जब हरियाणा , पंजाब , दिल्ली जैसे विकसित राज्यों में में बिजली माफ है तो यहां क्यो नहीं है।



## लाल बाबू के निधन पर कांग्रेस जनों का शोक

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की शोक सभा अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय जवाहर स्क्वायर पर हुई। शोक सभा में शहर कांग्रेस सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष लालबाबू साहू के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।

कहा गया कि साहू पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता होने के साथ जुझारू और संघर्षील व्यक्ति थे। वह जीवन भर पार्टी की गतिविधियों में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की गई।

बैठक में हरिकेश त्रिपाठी, जिया उबैद, अनूप त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, राम मनोरथ सरोज, मानस शुक्ला, सुष्मिता यादव, अरशद अली, प्रतिमा त्रिपाठी, सरताज़ मोहम्मद, सचिन कुशवाहा, राज कुमार शुक्ला, कामेश्वर सोनकर, मोहम्मद हसीन, राजेश मिश्रा और मोहम्मद जावेद आदि थे।

# संक्षिप्त समाचार

## नागरिकों के स्वास्थ्य समाधान हेतु चर्चा का आयोजन



**आजमगढ़।** नागरिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य समाधान हेतु स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन डॉ बी0एन0 गौड ने बताया कि तेल मसाले व्हाट्सएप प्रयास करें कम से कम इस्तेमाल करें और हरी सब्जी व सलाद को अधिक अधिक से इस्तेमाल करें निर्देशन में राहुल सांकृत्यायन जन इंटर कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया गया। स्वास्थ्य समाधान चर्चा में प्रमुख रूप से डॉक्टर आर0बी0 त्रिपाठी , डा0 बी0 एन0 गौड , डा0 अभिमन्यू जी, डा0 अक्सी जी द्वारा गंभीर रोगों से बचाव व निवारण संबंधित अलग-अलग विषयों पर प्रकाश डालें। अंत में संस्था के अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा जी ने सबका आभार प्रकट किया और सभी को धन्यवाद दिए।

## आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के मंडल प्रभारी जिलाध्यक्ष प्रयागराज व्यापारी रमेश केसरवानी के जन्म दिन पर पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने बुके देकर बघाई दिया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से गंगा पार जिला अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, जिला महामंत्री भोलानाथ केसरवानी पप्पू, यमुनापार जिलाध्यक्ष चन्द प्रकाश केशरी, जिला महामंत्री शंकर लाल केशरवानी मधुकर, आदर्श महिला व्यापार मंडल की मंडल प्रभारी रजनी त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष भावना त्रिपाठी, आदर्श युवा व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना, महानगर अध्यक्ष अभिषेक ओझा, मुकेश कनौजिया, अभिषेक केसरवानी, धीरेन्द्र केसरवानी, संगीता तिवारी, उज्वल सचदेवा, नितिन चौरसिया, अभिषेक गुप्ता, मीनू देवी, राज कुमारी जायसवाल, मनोज अग्रहरि, अनूप केसरवानी, सुभाष चन्द्र केसरवानी, विनोद केसरवानी, राम बाबू केसरवानी, संजय गुप्ता, शास्वत अशोक तिवारी, विष्णु केसरवानी, सुरेंद्र केसरवानी के अलावा तमाम पदाधिकारी एवं व्यापारी शामिल रहे।

## प्रयाग व्यापार मंडल एवं महिला इकाइयों द्वारा बाढ़ राहत सामग्री का वितरण

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** आज चीफ रेवेन्यू ऑफिसर कुंवर पंकज निगम, एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा तथा जॉइंट जीएसटी कमिश्नर अच्छे लाल विश्वकर्मा संयुक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार के आवाहन पर, प्रयाग व्यापार मंडल, जिला महिला व्यापार मंडल तथा प्रयाग व्यापार मंडल की समस्त इकाइयों द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राणा चावला, जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन, सरदार प्रीतम सिंह, सरदार जितेंद्र सिंह, अमरीश खुराना, साहिल अरोरा, शुभम केशरवानी, निखिल मलंग, महामंत्री श्रीमती पल्लवी अरोड़ा, उत्तम केसरवानी, सरदार दिलजीत सिंह बंटी, अरुण त्रिपाठी, रत्नेश, मोहम्मद अकरम, पूजा भुटानी, शिवा, प्रियंका पराशर, मधु समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। राहत सामग्री में 1 लीटर की पानी की बोतलों की पेटियां, साबुन, मच्छर अगरबत्ती, चना, बिस्किट, नमकीन, लाई, चना आदि शामिल थे। यह सामग्री स्वयं पीड़ित क्षेत्रों में जाकर वितरित की गई। चीफ रेवेन्यू ऑफिसर कुंवर पंकज निगम ने प्रयाग व्यापार मंडल की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक प्रयासों से ही समाज की सच्ची सेवा संभव है।

## बाढ़ से खाली हो रहे स्थानों में करें व्यापक स्तर पर सफाईः डीएम

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नगर आयुक्त साई तेजा के साथ गुरुवार को चांदपुर सलोरी एवं मऊ सरैया, गंगानगर क्षेत्र में बाढ़ के पश्चात मोहल्ले की साफ सफ़ाई की स्थिति, मोहल्ले के खाली पड़े प्लॉट में जलभराव एवं उसमें से बाढ़ के पानी की निकासी एवं पानी से भरे खाली प्लॉटों में स्प्रे ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव किए जाने एवं स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं की उपलब्धता के दृष्टिगत निरीक्षण करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लोगो से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जिसपर लोगों के द्वारा बताया गया कि मुहल्ले से तेजी से पानी निकल रहा है अब उन्हीं स्थानों पर जल जमाव है जो स्थान निचले स्तर पर है। जैसे-जैसे जलस्तर नीचे जा रहा है, ख़ाली हो रहे स्थानों पर साफ सफाई का काम हो रहा है।

# एनकाउंटर में मारा गया झारखंड का बदमाश छोटू धनबदिया

एके-47 से एसटीएफ पर फायरिंग की, 4 लाख का था इनामी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट ने गुरुवार की भोर में चार लाख रुपये शातिर अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह उर्फ छोटू धनबदिया निवासी जे सी मल्लिक रोड , धनबाद, झारखंड को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। अपराधी के कब्जे से पुलिस को एके 47 समेत भारी मात्रा में कारतूस और खोखे बरामद हुए हैं। घेराबंदी के दौरान अपराधी ने पुलिस पर एके 47 से हमला कर दिया। इसमें एसटीएफ टीम बाल-बाल बच गई। जवाबी कार्रवाई में शातिर बदमाश को मार गिराया गया। इन्काउन्टर के दौरान एसटीएफ यूनिट प्रयागराज के तीन कर्मचारी व अधिकारी जेपी राय, प्रभंजन व रोहित सिंह एके 47 के हमले में बाल-बाल बच गए। जवाबी फायरिंग में एसटीएफ ने बदमाश को गोली मार दी। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारा गया बदमाश कई मामलों में वांछित था और उसके ऊपर पुलिस ने चार लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। उसके कब्जे से पुलिस ने एके-47, नाइन एमएम पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस का खोखा के साथ ही एक बाइक बरामद किया है। शंकरगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को एसटीएफ प्रयागराज यूनिट और एक कुख्यात अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में 4 लाख रुपये का इनामी बदमाश आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह निवासी जे सी मल्लिक रोड , धनबाद, झारखंड मारा गया। बिहार और झारखंड से जुड़ा यह अपराधी कई संगीन मामलों में वांछित था। वह अंतरराज्यीय गैंग से जुड़ा था और पुलिस को लंबे समय से इसकी तलाश थी। एसटीएफ प्रयागराज को इनपुट मिला था कि यह वांछित अपराधी शंकरगढ़ क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम में शामिल अधिकारी जेपी राय, प्रभंजन और रोहित सिंह ने जब उसे पकड़ने की कोशिश की, तो अपराधी ने एके-47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में एसटीएफ के सभी सदस्य बाल-बाल बच गए।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। कुछ ही देर चली मुठभेड़ में अपराधी को गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे तत्कालत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 20 से ज्यादा थे मुकदमे, अमन सिंह सहित पांच हत्याकांड में था शामिल

धनबदिया झारखंड-बिहार के अलावा यूपी में भी एक्टिव था। उस पर 20 से ज्यादा मुकदमे झारखंड और बिहार में दर्ज थे। एसटीएफ को काफी टाइम से इनपुट मिल रहा था कि वह धीरे-धीरे यूपी में एक्टिव हो रहा है। वह धनबाद का कुख्यात अपराधी था। उस पर धनबाद में नीरज तिवारी हत्याकांड और लाला खान हत्याकांड समेत कई गंभीर मामलों में केस दर्ज थे।

झारखंड के धनबाद में अमन सिंह सहित 5 हत्याकांडों में आशीष रंजन की पुलिस को तलाश थी। उस पर कतरास में नीरज तिवारी, झरिया के रंजीत साव की हत्या में मुख्य शूटर होने का आरोप लगा था। इसके पहले वहां एक जमीन कारोबारी समीर मंडल की हत्या का भी उस पर आरोप है। समीर मंडल हत्याकांड में आशीष रंजन जेल भेजा गया था, लेकिन जमानत पर बाहर आ गया। इसके बाद उस पर दो और हत्याकांडों में संलिप्तता के आरोप लगे। आशीष सिंह पहले झारखंड में अमन सिंह गैंग का शूटर था। अमन सिंह के इशारे पर उस पर रंगदारी मांगने से लेकर हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। अमन सिंह ही घटना के बाद आशीष को यूपी में शेल्टर देने का काम करता था। इस बीच, अमन से भी उसकी अनबन हो गई। अमन सिंह की जेल में गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद ही आशीष का एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें आशीष ने अमन सिंह पर अपनी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इस कारण अमन की हत्या कराने की बात स्वीकार की थी।

# टैरिफ चिंताओं के बीच हरे निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 79 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी उछाल

**नई दिल्ली।** टैरिफ संबंधी अनिश्चितता के बावजूद भारतीय शयेर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार के आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के चलते तेजी लौटी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर लगे टैरिफ को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 79.27 अंक या 0.10 प्रतिशत उछलकर 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। अधिकांश समय सूचकांक लाल निशान में रहा और 79,811.29 के निचले स्तर तक गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की गिरावट के साथ 87.69 (अस्थायी) पर

**लाभ**

**सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में लाभ रहा।**

पहुंच गया। अमेरिका की ओर से भारत पर दो चरणों में 50% टैरिफ लगाने के एलान के बाद गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय शेयरों पर दबाव दिखा। लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। हालांकि, आखिरी सत्र में घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी लौटी और दोनों प्रमुख सूचकांक आखिरकार हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति,



टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में लाभ रहा। वहीं अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी पिछड़ गए। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत बढ़कर 67.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,999.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। बुधवार को सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 80,543.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 75.35 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 24,574.20 पर बंद हुआ।

## अमेरिकी टैरिफ से सीफूड कारोबार पर असर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के बीच भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातकों की नजर ब्रिटेन और अन्य बाजारों पर है। अमेरिका ने बुधवार देर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का फैसला किया। इससे भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लग गया है।

भारतीय कम्पाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएलएफएमए) ने कहा कि हाल ही में लगाया गया टैरिफ इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा झटका है। इससे तटीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों की आजीविका को खतरा पैदा हो गया है।

सीएलएफएमए के अध्यक्ष दिव्य कुमार गुलाटी ने कहा कि भारतीय निर्यातक नौकरियों की सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसके लिए वे वैकल्पिक बाजारों की तलाश कर रहे हैं। जैसे कि ब्रिटेन, जहां भारत-ब्रिटेन एफटीए अब मत्सय उत्पादों के लिए शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करता है।

# उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ करने के उपायों पर प्रकाश डाला गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक बाल शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। लखनऊ में एक उच्च स्तरीय राउंडटेबल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की एकीकृत बाल विकास सेवा, सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट और मैरिको लिमिटेड शामिल हुए। इस कार्यक्रम का नाम था - ÷अर्ली फाउंडेशन्स, ब्राइट फ्यूचर्स÷। इसमें सरकार,सीएसआर, शिक्षा जगत और समाजिक संस्थाओं से जुड़े 80 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर राज्य में बच्चों के लिए आनंददायक, समावेशी और व्यापक प्रारंभिक शिक्षा मॉडल पर चर्चा की।

बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क 2022 के विचारों को आगे बढ़ाना था। इसमें खास ध्यान आंगनबाड़ी केंद्रों को खेल, सहयोग और उद्देश्य के माध्यम से बेहतर बनाना रहा।

लीना जौहरी, प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास, उत्तर प्रदेश



ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-स्कूल शिक्षा एक नया विषय है। ऐसे संवाद बहुत जरूरी हैं, ताकि व्यवहारिक व प्रभावी रणनीतियां बन सकें। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर यानि ढांचा जरूरी है, लेकिन असली बदलाव तो तभी आएगा जब हम बच्चों के लिए जिज्ञासा जगाने वाला, माता-पिता को भरोसेमंद लगने वाला और अनुकूल वातावरण तैयार करें।

मैरिको लिमिटेड की प्रमुख शिक्षा पहल निहार शांति पाठशाला फनवाला के माध्यम से 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ÷लर्न, प्ले, ग्रो' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेसमी वर्कशॉप इंडिया के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। अब अपने दूसरे वर्ष में यह कार्यक्रम 60 से बढ़ाकर 100 आंगनवाड़ी केंद्रों में पहुँच चुका है। यह कार्यक्रम बहराइच जिले में 1500 बच्चों और उनके माता-पिता तक पहुँच चुका है। इसमें खेल के माध्यम से सीखने और स्कूल के लिए तैयारी पर जोर दिया जा रहा है। मैरिको के निरंतर सहयोग और सेसमी वर्कशॉप इंडिया के बेहतरीन प्रयास से उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण और उत्साहजनक शैक्षणिक वातावरण बना है।

## रिलायंस ने विकास के चार इंजन बनाए, बड़े तकनीकी बदलाव का खाका तैयार

**नई दिल्ली।** रिलायंस के मुखिया मुकेश अंबानी ने कहा है कि कंपनी का मुख्य नकदी उत्पाद तेल व रासायन (ओ2सी) कारोबार है। लेकिन कंपनी ने खुदरा, डिजिटल सेवाओं, मीडिया और मनोरंजन कारोबार के रूप में विकास के चार इंजन भी तैयार किए हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने खुदरा, डिजिटल सेवाओं, मीडिया और मनोरंजन कारोबार के रूप में चार उच्च-शक्ति वाले विकास के इंजन तैयार किए हैं। कंपनी ने इन इंजनों का इस्तेमाल कर समूह के विस्तार के अगले चरण को गति देने के लिए नई ऊर्जा का निर्माण किया है। समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने यह बात कही।

कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए अपने संदेश में मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस खुद को एक नए युग के डीप-टेक उद्यम के रूप में ढाल रहा है। मुकेश अंबानी ने बताया कि एक कंपनी, जो परंपरागत रूप से तेल और पेट्रोकेमिकल्स को ही विकास का वाहक मानती थी, ने पिछले कुछ वर्षों में खुदरा क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। यह काम ऑनलाइन और भौतिक स्टोर दोनों रूपों में किया गया है। दूरसंचार और डिजिटल सेवाएं, समाचार और मनोरंजन चैनलों के साथ कंपनी ने अपने मीडिया साम्राज्य का भी विस्तार कियार है। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रवेश के लिए गीगा कारखानों की नींव रखी गई है। अंबानी ने कहा, इनमें से सभी प्लेटफॉर्म नवाचार-प्रधान है, और भारतीय उपभोक्ताओं व वैश्विक बाजार को बड़े पैमाने पर मूल्य प्रदान करते हुए उद्योगों में बदलाव लाने की स्थिति में हैं। रिलायंस के मुखिया ने कहा कि कंपनी का मुख्य नकदी उत्पाद तेल व रासायन (ओ2सी) कारोबार है।

# ïएकक्लिकशिक्षाकेलिए: टैगहाइव के क्लास साथी ने उत्तर प्रदेश के 50 सरकारी स्कूलों में एआई-संचालित शिक्षा का विस्तार किया

**बागपत।** भारत के शिक्षा परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, क्लास साथी के निर्माता, टैगहाइव इंक. ने KOICA (कोरिया अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी) के सहयोग से, उत्तर प्रदेश के बागपत और बुलंदशहर जिलों के 50 सरकारी स्कूलों में ïएकक्लिकशिक्षाकेलिए पहल की आधिकारिक शुरुआत की।

इस पहल का उद्घाटन भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने किया। इस शुभारंभ ने वंचित क्षेत्रों के छात्रों तक एआई-संचालित, क्लिकर-आधारित स्मार्ट शिक्षा पहुँचाने के मिशन की शुरुआत की।

क्लास साथी, टैगहाइव का पुरस्कार विजेता एआई-संचालित कक्षा समाधान है जो ब्लूटूथ क्लिकर्स, पाठ्यक्रम-संरेखित क्विज़ बैंक और रीयल-टाइम फ़ीडबैक तंत्र को एकीकृत करता है ताकि डेटा-संचालित, सहभागी और समावेशी




शिक्षण वातावरण को सक्षम बनाया जा सके। 50 स्कूलों (बागपत और बुलंदशहर में 25-25) में इसकी तैनाती के साथ, इस परियोजना का उद्देश्य है-

छात्रों की त्वरित प्रतिक्रियाओं के लिए क्लिकर-आधारित मूल्यांकन सक्षम करना

छात्रों की व्यक्तिगत सहायता के लिए एआई-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान करना

इंटरैक्टिव, पाठ्यक्रम-संरेखित डिजिटल सामग्री प्रदान करना

शिक्षकों को बेहतर कक्षा शिक्षण के लिए डेटा डैशबोर्ड और प्रशिक्षण से लैस करना

यह पहल ज्ञान भागीदार के रूप में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है।

उद्घाटन के बाद, भारत में कोरिया गणराज्य के राजदूत, महामहिम श्री ली सियोंग-हो ने क्लास साथी के कार्यान्वयन को जमीनी स्तर पर देखने के लिए एक परियोजना स्कूल का दौरा किया। KOICA अधिकारियों के साथ उनकी यात्रा ने सभी के लिए समावेशी, तकनीक-सक्षम शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए कोरिया और भारत की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

शिक्षा का लोकतंत्रीकरण करने का मिशन

2017 में स्थापित और सैमसंग द्वारा समर्थित, टैगहाइव इंक. भारत, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम, कंबोडिया और दक्षिण अमेरिका में 10,000 से ज़्यादा कक्षाओं में मौजूद है। 5,00,000 से ज़्यादा छात्रों तक पहुँच, 24 पंजीकृत पेटेंट और 11 लंबित पेटेंट के साथ, टैगहाइव कक्षा की सहभागिता को नए सिरे से परिभाषित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने की नई ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज़ एक था राजा वि द अकुल त्रिपाठी की घोषणा



**झाँसी।** वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी एक नयी इंडियन ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज़ 'एक था राजा विद अकुल त्रिपाठी' लॉन्च करने जा रहा है, जो 7 अगस्त 2025 से रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी+ पर विशेष रूप से प्रसारित होगी। यह शो दिलचस्प कहानी कहने के अंदाज़ को समृद्ध ऐतिहासिक किस्सों के साथ जोड़ता है और भारत के मशहूर और गुमनाम राजाओं-रानियों की बहादुरी और हिम्मत को फिर से ज़िंदा करता है। इसमें गोरिल्ला युद्ध रणनीति बनाने वाले योद्धाओं, नौसेना के जांबाज़ सिपाहियों और साम्राज्य बनाने वालों की कहानियाँ शामिल हैं। यह आठ एपिसोड की सीरीज़ दर्शकों को समय और ज्योग्राफिकल बाउंडरीज़ के पार ले जाती है। गढ़वाल (उत्तराखंड) और मालवा (पश्चिम मध्य प्रदेश) से लेकर राजपुताना (राजस्थान), दक्कन (महाराष्ट्र और तेलंगाना), कर्नाटक और कश्मीर तक हर कहानी एक ऐसे शासक की झलक दिखाती है, जिसकी बहादुरी ने इतिहास की दिशा बदल दी। भारत और साउथ एशियन डायस्पोरा के दर्शकों तक इसे पहुँचाने के लिए यह सीरीज़ सात भाषाओं अंग्रेज़ी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और बांग्ला में उपलब्ध होगी। 'एक था राजा'को होस्ट कर रहे हैं अकुल त्रिपाठी जो एक भावुक कहानीकार, संस्कृति के जानकार और भारत में ऐतिहासिक विषयों पर सबसे सम्मानित आवाज़ों में से एक हैं। उनकी खास शैली इस सीरीज़ को गंभीरता भी देती है और दर्शकों के लिए इसे सहज भी बनाती है। यह शो ऐसे अद्भुत शासकों और लीडर्स को पेश करता है जिनकी विरासत इतिहास के पन्नों में कहीं खोई नहीं है, बल्कि आज भी ज़िंदा है जैसेगोंडवाना की रानी दुर्गावती, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा करते हुए प्राण दे दिए; अब्बक्का चौटा, तटीय कर्नाटक की जुझारू रानी जिन्होंने पुर्तग़ाली आक्रमणकारियों को चुनौती दी; औरकश्मीर के ललितादित्य मुक्तापीड, जो क्षेत्र के सबसे शक्तिशाली साम्राज्यों में से एक के निर्माता माने जाते हैं।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने 2025 के लिए 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का स्वागत कर वैश्विक उपस्थिति मजबूत की

**तिरुचिरापल्ली/दिल्ली एनसीआर।** उच्च शिक्षा के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने के भारत के विज़न के अनुरूप एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमआईएसटी) ने 2025 अकादमिक सत्र के लिए अपने रामापुरम और तिरुचिरापल्ली कैंपस में 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का स्वागत किया है। अपने परिवार के साथ ये विद्यार्थी श्री लंका, म्यांमार, नेपाल, थाईलैंड, सिंगापुर, कुवैत और सऊदी अरब जैसे देशों से यात्रा कर यहां पहुंचे और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा एवं वैश्विक भविष्य के लिए इस संस्थान को अपने स्थल के रूप में चुना। इन विद्यार्थियों को संस्थान में शामिल करने के प्रतीक के रूप में एसआरएमआईएसटी ने भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव लेने में उनकी मदद के लिए एक विशेष हेरिटेज विजिट का आयोजन किया। विद्यार्थियों को स्वागत का एहसास कराने, इस देश की परंपराओं से




उनका परिचय कराने और शुरुआत से ही समुदाय से जुड़ाव महसूस कराने के लिए यह पहल डिजाइन की गई थी। इस पहल के बारे में एसआरएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉक्टर कतिरवन कन्नन ने कहा, हमें हमारे कैंपस में एशिया और पश्चिम एशिया से विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। इन युवा विद्यार्थियों ने अपने भविष्य के लिए एसआरएम इंस्टीट्यूट को आधार सोपान के रूप में चुना। हमारा लक्ष्य ना केवल उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना, बल्कि एक ऐसा सहायक एवं समावेशी वातावरण तैयार करना है जहां विभिन्न संस्कृतियों से आए विद्यार्थी फल फूल सकें। इन अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों जैसे कंप्यूटर साइंस, एआई एवं मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं बायोटेक्नोलॉजी के साथ ही स्नातकोत्तर कार्यक्रमों जैसे बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में नामांकन कराया है। यह संस्थान अंतरक्षेत्रीय पाठ्यक्रमों, अनुभवी शिक्षकों और आधुनिक सुविधाओं की पेशकश करता है जिससे यह दुनियाभर के विद्यार्थियों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बना है।

एसआरएमआईएसटी का समर्पित इंटरनेशनल रिलेशंस ऑफिस, अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के आगमन से पूर्व और आगमन के बाद सहयोग में एक अहम भूमिका निभाता है। वीजा प्रोसेसिंग में मदद से लेकर आवास तक और ओरिएंटेशन प्रोग्राम से लेकर भाषाई सहयोग तक में यह युनिवर्सिटी इस बात को सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक विद्यार्थी सहज रूप से अकादमिक और कैंपस के जीवन में कदम रखे।

एसआरएमआईएसटी को जो चीज़ सबसे अलग करती है, वह है वैश्विक अनुभव एवं सांस्कृतिक एकीकरण पर इसका खास जोर। इस युनिवर्सिटी का मानना है कि विद्यार्थी अपनी कक्षाओं और साझा किए गए अनुभवों से सीखता है और अलग अलग संस्कृति से आने वाले लोगों से दोस्ती और अनुभव उसे नए विचार देते हैं। हेरिटेज विजिट जैसी गतिविधियां अंतर-सांस्कृतिक बातचीत और विद्यार्थियों के बीच परस्पर सम्मान को बढ़ावा देने के एसआरएमआईएसटी के व्यापक प्रयासों का हिस्सा हैं।

## मेकमायट्रिप ने लॉन्च किया बहुभाषी जनरेटिव एआई ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी, मेकमायट्रिप ने ट्रैवल प्लानिंग को सरल, संवाद-आधारित और सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने जनरेटिव एआई-इनेबल्ड ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट लॉन्च किया है, जो यात्रा की खोज से लेकर बुकिंग, यात्रा के दौरान और उसके बाद तक हर चरण में यूजर्स की मदद करेगा। यूजर्स को उनके पूरे सफर में बातचीत के माध्यम से सहायता मिलेगी, जिसमें डेस्टिनेशन की तलाश, खरीदारी, यात्रा के दौरान, और बिक्री के बाद के परिदृश्य शामिल हैं। नया जेनएआई ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट पुराने एआई एजेंट मायरा का बेहतर वर्जन है, जो अब आवाज और टेक्स्ट के ज़रिए यात्रियों से बात कर सकता है। इससे उन लोगों को भी मदद मिलेगी जो अब तक अंग्रेजी भाषा में असहज होने की वजह से ऑनलाइन ट्रैवल बुकिंग से वंचित थे। मायरा का बीटा वर्जन अभी अंग्रेजी और हिंदी में लाइव है। आने वाले समय में इसे कई अन्य भारतीय भाषाओं में भी लॉन्च किया जाएगा। फिलहाल यह वर्जन शुरुआती यूजर्स के फीडबैक के आधार पर बेहतर संवाद अनुभव के



लिए परखा जा रहा है।

इस लॉन्च के मौके पर मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागो ने कहा हमारा हमेशा से मानना रहा है कि तकनीक तब सबसे अच्छी होती है जब यह पर्दे के पीछे जटिल समस्याओं को हल करे। साथ ही ग्राहक इंटरफेस को सहज और आनंददायक बनाए। जेनएआई के साथ, हम इस विजन को और बेहतर कर रहे हैं, ताकि लोग स्वाभाविक, इंसानों जैसी बातचीत के जरिए अपनी ट्रैवल प्लानिंग कर सकें। अभी हमने हिंदी से शुरुआत की है और जल्द ही इसे कई अन्य भारतीय भाषाओं में लेकर आएंगे। इस लॉन्च में भारत के हर व्यक्ति की यात्रा से जुड़ी समस्या को हल करने की क्षमता है, यह दूरदराज के कोने तक पहुंचेगा और उन लोगों को भी ट्रैवेल बुकिंग कराने में मदद करेगा जिन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स द्वारा लंबे समय से उपेक्षित किया गया है। यह हमारे प्लेटफॉर्म की पूरी ताकत यूज़र डेटा, सप्लाई, यूजर जेनरेटेड कंटेंट, पर्सनलाइजेशन और रियल-टाइम इंटेलिजेंस को जोड़ता है। इससे कनेक्टेड यात्राओं का एक नया दौर शुरू होगा जोकि हर यात्री की जरूरतों के मुताबिक उनकी ट्रैवल प्लानिंग को सहज, स्मार्ट और हर यात्री के अनुरूप बनाएगा।

## रक्षाबंधन पर स्विगी की मीठी सौगात लखनऊ की मशहूर मिठाइयाँ अब सिर्फ 10 मिनट में आपके दरवाज़े पर




**लखनऊ।** रक्षाबंधन के त्योहार को और भी खास बनाने के लिए, भारत के प्रमुख ऑन-डिमांड कन्वीनिएंस प्लेटफॉर्म स्विगी (स्विगी लिमिटेड एनएसई÷ स्विगी / बीएसई एस44285) ने लखनऊ में 10 मोबाइल मिठाई स्टोर लॉन्च किए हैं। इस पहल के तहत, लखनऊ की सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय मिठाई दुकानों जैसे छप्पन भोग, मधुरिमा स्वीट्स और नीलकंठ स्वीट्स – की मिठाइयाँ अब उन इलाकों में भी उपलब्ध होंगी जहाँ ये दुकानें मौजूद नहीं हैं, जैसे महानगर, आलमबाग, आशियाना कॉलोनी और वृंदावन कॉलोनी। अब चाहे आप कहीं भी हों, स्विगी यह सुनिश्चित करता है कि आपकी रक्षाबंधन की खुशियाँ बिना रुकावट के जारी रहें।

# पारस हेल्थ कानपुर ने परिचालन का एक साल पूर्ण किया

## पारस हेल्थ कानपुर को बेस्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का सम्मान मिला

**कानपुर।** पारस हेल्थ कानपुर ने अपने परिचालन का एक साल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह हॉस्पिटल बेहतरीन इलाज, लोगों का भरोसा और नई मेडिकल सुविधाओं के साथ अपनी पहली सालगिरह मना रहा है। पिछले 12 महीनों में यह इलाक़े का एक भरोसेमंद हॉस्पिटल बन चुका है।

पारस हेल्थ कानपुर में अब तक 1500 से ज्यादा सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। यह आंकड़ा दिखाता है कि हॉस्पिटल सही इलाज और देखभाल के लिए पूरी तरह समर्पित है। यहां हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, न्यूरो विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ, गुर्दा रोग विशेषज्ञ, मूत्र रोग विशेषज्ञ, इंटरनल मेडिसिन, छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ की बीमारियों जैसे कई विभागों में अनुभवी डॉक्टर मौजूद हैं। पिछले एक साल की यात्रा और



लोगों से बने रिश्ते को लेकर पारस हेल्थ कानपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर वेंकटेश्वरलु मारपाका ने कहा, ÷जब लोग अपने सबसे मुश्किल वक्त में किसी हॉस्पिटल पर भरोसा करते हैं, तभी वह हॉस्पिटल शहर का हिस्सा बनता है। इस एक साल में हमने कई परिवारों के कठिन समय में उनका साथ दिया और उनके ठीक होने की खुशी में भी शामिल हुए। इस साल के समय ने हमारे अंदर भी बदलाव लाया है और यह हमें याद दिलाता है कि हेल्थकेयर सिर्फ दवाओं से नहीं, बल्कि इंसानियत से भी जुड़ा होता है।

हॉस्पिटल ने 1000 से ज्यादा बड़े हेल्थ कैंप लगाए हैं। इन हेल्थ कैंप में ज़रूरतमंद लोगों को मुफ्त चेकअप, टेस्ट और डॉक्टर की कंसल्टेशन दिया गया। ये कैंप पारस कानपुर की रोकथाम वाली हेल्थकेयर और समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। अपनी एक साल की उपलब्धि को खास बनाने के लिए हॉस्पिटल ने एक फ्री ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित किया, जिसमें स्टाफ, मरीजों और आम लोगों को खून दान करने के लिए आमंत्रित किया गया।

पारस हेल्थ कानपुर को छ्ब्ग्प्र और आयुष्मान भारत योजनाओं के तहत मान्यता मिली हुई है। इससे क्षेत्र के केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनधारकों को सस्ता और अच्छा इलाज मिल रहा है। हाल ही में हॉस्पिटल को कानपुर का बेस्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चुना गया, जो दिखाता है कि लोगों ने उस पर भरोसा किया है और हॉस्पिटल ने कम समय में बड़ा असर डाला है।

समुदाय से जुड़ाव बढ़ाने के लिए हॉस्पिटल ने पूरे शहर में एक बाइकथॉन का आयोजन किया, ताकि लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह पहल पारस कानपुर के संपूर्ण स्वास्थ्य दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## फ्लाइट्स' की लॉन्चिंग के साथ सुपर-मनी ने ट्रैवल बुकिंग सेगमेंट में रखा कदम

भारत के सबसे तेजी से बढ़ते यूपीआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म में शुमार सुपर.मनी ने आज 'फ्लाइट्स' लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके माध्यम से विशेषरूप से जेन जेड ट्रैवलर्स को रिवाड्र्स-फर्स्ट फ्लाइट बुकिंग का एक्सपीरियंस मिल सकेगा। क्लियरट्रिप द्वारा पावर्ड इस नए फीचर के माध्यम से यूजर्स यूपीआई का प्रयोग करते हुए आसानी से डोमेस्टिक फ्लाइट बुक कर सकेंगे। साथ ही उन्हें अन्य सभी ऑफर्स के अतिरिक्त 5 प्रतिशत का एक्सक्लूसिव बेनिफिट भी मिलेगा, जो इसे आज की तारीख में फ्लाइट बुक करने का सबसे रिवार्डिंग तरीका बनाता है।

सुपर.मनी के संस्थापक एवं सीईओ प्रकाश सिकारिया ने कहा, ''फ्लाइट्स' के साथ हम यूपीआई पर ट्रैवल बुकिंग के साथ सीधे तौर पर वैल्यू जोड़ रहे हैं। यह कदम हमारे बड़े विज़न को दिखाता है। हम यूपीआई को सिर्फ रोजमर्रा के खर्चों तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि इसे ज़िंदगी के बड़े फैसलों के लिए भी उपयोगी बनाना चाहते हैं।। बात चाहे सोलो ट्रिप बुकिंग की हो या ड्रीम हॉलिडे की, सुपर.मनी पर 'फ्लाइट्स' की मदद से आप अपने डिसीजन को ज्यादा स्मार्ट, फास्ट और रिवार्डिंग बना सकते हैं।'

क्लियरट्रिप की चीफ बिजनेस एवं ग्रोथ ऑफिसर मंजरी सिंघल ने कहा, 'क्लियरट्रिप में हम फ्लाइट बुक करने वालों के बीच पेमेंट के लिए यूपीआई का विकल्प अपनाने के मामले में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। यह ट्रेंड जेन जेड ट्रैवलर्स में और भी ज्यादा दिख रहा है, जो यूपीआई ट्रांजेक्शन को इसलिए अपना रहे हैं, क्योंकि यह आसान, तेज और डेब्ट-फ्री है।

# जिले के 28 मॉडल ग्रामों में हुए कार्यों का डीएम करेंगे निरीक्षण

- पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांवों से एक-एक लाभार्थियों का करें चयन : डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक दौरान चयनित 28 मॉडल ग्राम पंचायतों में 66 बिंदुओं पर कार्य कराए जाने संबंधी हुए कार्यों की जानकारी लेने उपरांत सभी कार्यों से परिपूर्ण किसी एक ग्राम पंचायत का निरीक्षण कराए जाने हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई कमी पाई जाएगी तो तो उसे सही करा कर फिर सभी ग्राम पंचायतों में उसी तर्ज पर कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि इस कार्य में मेहनत कर शीघ्र अवशेष कार्यों को पूर्ण कराएं। उन्होंने उक्त सभी 28 ग्राम पंचायतों को सीएम अवॉर्ड हेतु आवेदन किए जाने का भी निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम

ई रिक्शा चालकों की नियुक्ति के संबंध में विकास खंडवार समीक्षा कर प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में 12783 प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 6525 को प्रथम किस्त दिए जाने की जानकारी डीपीआरओ द्वारा दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गांवों के नालियों की साफ सफाई सहित हाईटेक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि बजट की कमी हो तो अवगत कराने पश्चात धन की व्यवस्था करा दी जाएगी। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य, केयर टेकर का भुगतान की स्थिति ठीक पाई गई। व्यक्तिगत शौचालय कि समीक्षा दौरान आन लाइन आवेदनों की स्थिति, 15 वें वित्त अंतर्गत पेंडिंग कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लिए जाने सहित ऐसे सचिवों को चिन्हित किए जाने का निर्देश दिए गए जिनके कार्यों में प्रगति नहीं है तथा व्यय शून्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे सचिवों को बैठक में बुलाई जाय। खराब प्रगति वाले पंचायत सहायकों को नोटिस दिए जाने एवं कार्यवाही किए जाने का भी निर्देश दिया गया।

### कम व्यय पर पंचायत सहायकों को नोटिस

समीक्षा दौरान पडरौना अंतर्गत 4 ग्राम पंचायतों में कम व्यय होने पर पंचायत सहायकों को नोटिस दिए जाने का निर्देश दिए गए। इसी प्रकार समीक्षा बैठक में बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण, अंत्येष्ठि स्थल निर्माण, ग्राम प्रधानों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं उसका निस्तारण, तथा जिन ग्राम प्रधानों के विरुद्ध झूठी शिकायतें हैं उस शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी सुसंगत धाराएं में कार्रवाई जाने का निर्देश दिए। तथा जो लगातार तीन माह से कार्य नहीं कर रहे हैं उन पंचायत सहायकों को जवाबदेही तय की जाय। बैठक दौरान दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के कार्यों, अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्यों, उद्यान विभाग के कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी बीडीओ को पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम सभा से एक एक लाभार्थी का चयन करने का निर्देश दिय ताकि जनपद का लक्ष्य पूर्ण हो सके।

# एमडीए अभियान की तैयारियों को परखा

- पीएचसी भलुअनी व आयुष्मान आरोग्य मंदिर बढ़या फुलवरिया पहुंची टीम

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** दिल्ली से आई नेशनल टीमे ने बृहस्पतिवार को एमडीए ब्लॉक भलुअनी में एमडीए अभियान की तैयारियों का हाल जाना। टीम ने पीएचसी पर सभी अभिलेखों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बढ़या फुलवारिया पहुंचकर सीएचओ-पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) से एमडीए अभियान के पहले गांव में हो रही जागरूकता गतिविधियों की जानकारी लिया। दवा खाने से मना करने वाले परिवार से मिलकर समझाया। सीएमओ कार्यालय पहुंचकर सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता से मुलाक़ात कर एमडीएम अभियान की तैयारियों का फीडबैक दिया।



नेशनल टीम में रही अखिला शिवदास, डॉ रनपाल, डॉ अंबरेश, राजकुमारी दरयाना सहित पांच सदस्यी टीम सबसे पहले पीएचसी पहुंची। यहां टीम ने अभियान से सम्बंधित आशा, डीए, सुपवाइजर, सीएचओ प्रशिक्षण की जानकारी लिया। टीम को दिए गए बैनर,पोस्टर, फैमिली रजिस्टर, मारकर, दवा की जानकारी लिया। रिफ्यूजल क्षेत्र की जानकारी लिया और उस क्षेत्र में ग्राम प्रधान व प्रभावशाली लोगों के सहयोग से जागरूकता गतिविधि कराकर दवा का सेवन कराने का निर्देश दिया। इसके बाद टीम आयुष्मान आरोग्य मंदिर बढ़या फुलवरिया पहुंची। पीएसपी सदस्य सीएचओ, आशा से समुदाय में हो रही जागरूकता गतिविधियों की जानकारी लिया। सीएचओ द्वारा बताया गया कि पीएसपी सदस्यों के सहयोग से गांव, विद्यालयों, पंचायत बैठक, टीकाकरण सत्र पर जागरूकता गतिविधियां की जा रहीं हैं।

पीएसपी सदस्य आशा ने बताया कि पास में एक परिवार है जो हर वर्ष दवा खाने से मना करता है। टीम ने आशा के साथ जाकर परिवार के सदस्यों को बीमारी की गंभीरता और दवा के महत्व को बताया और परिवार को दवा खाने के लिए राजी कराया। इसके बाद टीम सीएमओ कार्यालय पहुंची। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता से मुलाक़ात कर एमडीए अभियान को सफल बनाने में ब्लॉक द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दिया।

## देवेंद्र बने सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष

**देवरिया।** सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय ने उत्तर प्रदेश में सवर्ण आर्मी को मज़बूत करने के लिए दिन प्रति दिन संगठन को मज़बूत करने के लिए उर्जावान और कार्य करने वाले व्यक्ति को संगठन से जोड़कर उनको जिम्मेदारी सौप रहें हैं।

इसी क्रम में उन्होंने बगहा के निवासी देवेंद्र मिश्र जो पूर्व में ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें देवरिया सवर्ण आर्मी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनको जिलाध्यक्ष नियुक्त होने से कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल, जिला संयोजक संजय राय, महासचिव अभिनव तिवारी, हरेंद्र तिवारी, आलोक मिश्र, पवन मिश्रा, शलेंद श्रीवास्तव , शोर्य सिंग,आशीष शुक्ल, मनीष चतुर्वेदी, जय प्रकाश मिश्र, सहदेव पांडेय, रत्नेशवर पांडेय,अवधेश चौबे, राकेश सिंह, सोनू तिवारी,आदि लोगों ने बधाई दी है

# सज गई राखी की दुकानें, दूर शहरों में रह रहे भाईयों को डाक से राखियां भेज रही महिलाएं

- रंग बिरंगी राखियों से सज गई हैं दुकानें

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक की सभी बाजारों में राखी की दुकानें सज गई है । प्रतिदिन दुकानों पर बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधने के लिए रंग बिरंगी खरीद रही है। बाजारों में महिलाएं अपने भाईयों को राखी भेजने के दुकानों पर उत्साह से खरीदारी कर रही है। डाक विभाग की ओर से राखी भेजने के लिए ?10 का लिफाफा बिक्री किया जा रहा है। वाटरप्रूफ लिफाफे में राखियों को पैक कर महिलाएं भाईयों के पास भेज रही हैं।



गुरुवार को नगर के कई दुकानदार रंग बिरंगी राखियों से अपनी दुकान पर सजाते देखे गए । दस रुपए से साठ रुपए कीमत की राखियों की बिक्री कर रहे हैं। आभूषण की दुकानों पर चांदी और सोने की राखियां भी आ गई है। बहनें अपने भाइयों के लिए रंग बिरंगी राखी के साथ सोने और चांदी की राखी भी खरीद रही है। दुकान पर राखी खरीद रही एक बहन ने बताया कि राखी का त्यौहार भाई बहनों के लिए अटूट बंधन का त्यौहार है। बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर अपनी रक्षा के लिए निवेदन करती हैं। भाई भी बहनों की रक्षा करने का वादा निभाते हुए उन्हें उपहार भेंट करते हैं।

परिवहन विभाग की ओर से शासन के निर्देश पर हर वर्ष महिलाओं के लिए राखी के त्योहार पर यात्रा निशुल्क होती है। इस बार भी 8 अगस्त की सुबह सुबह छः बजे से 10अगस्त तक महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है।

## देवरिया क्लब में आकांक्षा हाट एवं रक्षाबंधन मेले का आयोजन सम्पन्न

**देवरिया।** नीति आयोग के माध्यम से देवरिया क्लब, देवरिया में आकांक्षा हाट एवं रक्षाबंधन मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य 'लोकल फॉर वोकल' कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों का आमजन के मध्य प्रचार-प्रसार एवं विक्रय सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त, उप कृषि निदेशक, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अनेक विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मेले में कुल 23 स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्वयं सहायता समूह, बेसिक शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, ओडीओपी, कृषि, केबीके, स्वास्थ्य, लीड बैंक, आरसेटी, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई।

# 109 किसानों को मिला ई-लाटरी के माध्यम से कृषि यंत्र, खिले चेहरे

- विकास भवन सभागार में ई-लाटरी का आयोजन किया गय

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, इन-सीटू क्रॉप रेजीड्यू योजना, नेशनल फूड सिक्योरिटी एण्ड न्यूट्रिशियन मिशन एवं नेशनल मिशन ऑन ए (ओएस) योजनान्तर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों के चयन हेतु आज विकास भवन सभागार में ई-लाटरी का आयोजन किया गया।




इस दौरान जनपद के सभी विकास खण्डों से आनलाइन आय कृषकों ने प्रतिभाग किया। उक्त योजनाओं के अन्तर्गत ई-लाटरी के माध्यम से नन्दलाल तिवारी हैरो, ऑयल मिल, छोटेलाल मिनी राइस मिल, ध्रुव लेजर एण्ड लेवलर, राम चन्दर रोटावेटर आदि में विभिन्न यंत्रों में कृषकों का चयन हुआ।

इस अवसर पर पीयूष सिंह परियोजना निदेशक, उप कृषि निदेशक अतीन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कृष्ण कुमार जिला उद्यान अधिकारी, अखिलेश्वर सिंह प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी, डॉ मेनका जिला कृषि अधिकारी, शमशेर सिंह विज्ञान केन्द्र सरगटिया, संतोष कुमार अग्रणी जिला प्रबन्धक, मनीष कुमार जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सुदीप वर्मा भूमि संरक्षण अधिकारी, प्रगतिशील कृषक, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि एवं ई-लाटरी में आए कृषक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुल 109 यंत्रों का ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन हुआ।

# मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल, दो गिरफ्तार

- जल निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट का बताया जा रहा मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वॉयरल हो रहा है। वजह बरसात की जल निकासी को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चटकी जिसमें सात लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों तरफ से मुकामी पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर शान्ति भंग में चलान कर दिया, 5 अन्य पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक हनुमानगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में जल निकासी को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी, डंडे चले। जिसकी 12 सेकेंड की लाठी व डंडा से मारने पीटने की विडियो भी सोसल मिडिया पर वायरल हो गई। मारपीट की सूचना पर सक्रिय हुई हनुमानगंज पुलिस ने घायलों को सीएचसी तुर्कहां भेजवाकर गांव में शान्ति व्यवस्था कायम के लिए कैम्प लगा दिया। उधर सीएचसी चिकित्सक ने जिसमें पारस चौधरी 55 वर्ष, सर्वेश 36 वर्ष, लक्ष्मन 46 वर्ष समेत विजई बीन 50 वर्ष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहा उनका उपचार चल रहा है। पारस चौधरी के पुत्र सचिन चौधरी ने सात लोगों पर लाठी, डंडे, ईट व चाकू से मारपीट कर लहुलुहान व जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

दूसरे पक्ष विजई बीन के तरफ से पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस सम्बन्ध में एस एच ओ हनुमानगंज संजय कुमार ने बताया कि अभी किसी तरफ से तहरीर नही मिला है। शान्ति व्यवस्था कायम करने के लिए मार पीट करने वाले दो लोगों को चालान कर दिया गया है। वही विजई बीन 55 वर्ष, आनन्द 32 वर्ष, जितेन्द्र, फुन्नी समेत 5 लोग को पाबंद किया गया है।

## कुशीनगर में 186 शौचालय का धन गबन का आरोप

**कुशीनगर।** दुदही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तिवारीपट्टी के सामाजिक कार्यकर्ता व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुग्रीव कुमार की अगुवाई में ग्रामीणों ने पूर्व ग्राम प्रधान पर 186 व्यक्तिगत शौचालय का धन गबन करने का आरोप लगाया है। डीएम को शिकायती पत्र देकर टीम गठित कर जांच कराने की मांग की है।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वर्ष 2015 से 2021 तक के कार्यकाल में उक्त ग्राम पंचायत के लिए 786 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत हुआ। उसकी धनराशि की निकासी भी हो गई, लेकिन मौके पर मात्र 600 शौचालय ही बनाए गए। ग्रामीणों ने कहा है कि तत्कालीन ग्राम प्रधान ने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की है। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में इस मामले की जांच ब्लॉक स्तर से हुई है लेकिन वह जांच संदिग्ध है क्योंकि उसमें ग्राम प्रधान सहित अधिकारियों को क्लीन चीट दे दी गई है। ग्रामीणों के पत्र को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने डीपीआरओ को जांच करने का आदेश दिया है।

# पौने चार महीने से नहीं मिल रही बिजली, स्कूली बच्चे गर्मी से परेशान

- बनकटा ब्लॉक के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भोपतपुरा का हाल

**अवधनामा संवाददाता**

**भाटपार रानी, देवरिया।** बनकटा ब्लॉक के एक ही गांव के दो परिषदीय विद्यालयों के बच्चे विगत पौने चार महीने से बिजली न रहने के चलते गर्मी की उमस झेलकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।तेज गर्मी के कारण कई बच्चे गश्त खाकर गिरने की स्थिति में आ जाते हैं।वहीं दूसरी ओर इस समस्या के प्रति विद्युत विभाग उदासीन बना हुआ है। इसे लेकर इन दोनों विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों में रोष व्याप्त है।

बताया जाता है कि 17 अप्रैल 2025 को आई तेज चक्रवाती तूफान में क्षेत्र के तमाम बड़े-बड़े पेड़ व बिजली के खम्भे धराशायी हो गए थे।वहीं तमाम गांवों में एक सप्ताह से लेकर दस दिनों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई।उसी चक्रवाती तूफान में बनकटा ब्लॉक के भोपतपुरा स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय को बिजली सप्लाई करने वाले केबल तार धराशायी हो गया था।तभी से उन दोनों विद्यालयों के छोटे बच्चे उमस भरी गर्मी झेलने को मजबूर हैं।तेज गर्मी में बच्चे अपना कॉपी डुलाकर हवा उत्पन्न कर अपने को राहत पहुंचाने की कोशिश करते दिख रहे हैं, जो नाकाफी है। उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले सुहेल, शिवम, विकास, पीयूष, पंकज, धनराज, अनुराग, रिया, निशा,नजमा, संगीता, खुशी, शबनम आदि छात्र-छात्राओं ने बताया कि बिजली ना रहला से पंखा नइखे चलत,एकरा चलते हमनी के क्लास में गर्मी से तड़फड़ा जात बानी जा।वहीं गांव निवासी विवेक मिश्र ने बताया कि इस प्रकरण को लेकर मेरे द्वारा दर्जनों शिकायती पत्र बिजली विभाग को लिखा जा चुका है।लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।वहीं प्रधान प्रतिनिधि दिनेश मिश्र ने बताया कि मैंने भी इस समस्या से विभाग को अवगत कराया है।प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पौने चार महीने से हम लोग गर्मी में पसीना से सराबोर होकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं।लेकिन इसकी सुधि कोई नहीं ले रहा है।

## केशवलाल ने अपने पिता की स्मृति में स्कूली बच्चों को बांटा कॉपी-पेन

**भाटपार रानी, देवरिया।** बनकटा ब्लॉक के चौरंगी चक गांव निवासी समाजसेवी केशवलाल गुप्ता ने गुरुवार को अपने पिता स्व0 सिपाही लाल गुप्ता की स्मृति में अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच कॉपी व कलम का वितरण किया।

इसके अलावा उन्होंने कक्षा एक से पांच तक प्रत्येक कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को एक हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पांच सौ रुपए व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को तीन सौ रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा किया।हाल ही में पिछले महीने 19 जुलाई 2025 को उनके पिता का निधन हो गया था।वे भी समाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। इस दौरान समाजसेवी श्री गुप्ता ने बच्चों को अपने माता-पिता व गुरुजनों का सदा आदर करने की नसीहत देते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को महान बनाती है।आज सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में सिर्फ गरीबों के बच्चे पढ़ रहे हैं।इसलिए उनका भविष्य संवारने वाले शिक्षक धन्यवाद के पात्र हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक




**अवधनामा संवाददाता**

- 12 से 15 अगस्त तक घर- घर लगाया जायेगा तिरंगा

**लोटन सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त लोटन मंडल में मंडल अध्यक्ष दृग नारायण सिंह के अध्यक्षता में मंडल की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा 12 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाया जाना है तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, हमारे गर्व, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आइए, हर घर तिरंगा अभियान को एक जन-आंदोलन बनाएं और देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएं।

इस अवसर पर पूर्व जिला संयोजक राम निवास यादव, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, मंडल महामंत्री कृष्ण दत्त त्रिपाठी, रुद्र नारायण पांडेय एवं भाजपा कार्यकर्ता नेतागण उपस्थित रहें।

# बारिश की भेंट चढ़ी मनरेगा : 86 प्रतिशत जाब कार्ड खाली, फिर भी दौड़ रही मनरेगा की गाड़ी

- दस करोड़ रुपए से अधिक का मैटेरियल पेमेंट बकाया
- पैसा आने का इंतजार कर रहे ग्राम प्रधान

**संजीव भारती**

**अमेठी।** बारिश के मौसम में मनरेगा सबसे अधिक प्रभावित हैं। जिले की चार सौ के आसपास संख्या में मनरेगा के काम पूरी तरह ठप है। बारिश के कारण कच्चे काम नहीं हो पा रहे हैं। रोजगार सेवक और कम्प्यूटर आपरेटर पुराने मास्टर रोल फीड करके डेली स्टेटस की गाड़ी खींच रहे हैं।हाल ही में भारत सरकार की ओर से जारी धनराशि से पैमेंट होने के बाद भी 11.68करोड रू का बकाया है। पंजीकृत जाब कार्ड धारियों की संख्या के सापेक्ष केवल 14फीसदी जाब कार्ड धारियों को काम मिला है।



पिछले एक सप्ताह से बारिश तेज होने के कारण मनरेगा के काम बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। बुधवार को मौसम खुलने के बाद कुछ गांवों में थोड़े बहुत काम शुरू हुए हैं। ग्राम पंचायतों में कार्यस्थलों पर मजदूरों की संख्या इकाई में है। बुधवार को जिले की 395ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम शून्य रहे।

बहादुरपुर विकास खंड की स्थिति सबसे खराब रही, यहां काम करने वाले मजदूरों की संख्या 92रही। शाहगढ़ में 156, भेंटुआ में 220, अमेठी में 282और भादर में काम करने वाले मजदूरों की संख्या 341रही। संग्रामपुर में 257, तिलोई में 334, गौरीगंज में 39, जगदीशपुर में 423मजदूर काम पर बताए गए।जामो985की संख्या के साथ जिले में पहले नम्बर पर बना हुआ है। सिंहपुर में 937और? मुसाफिर खाना में काम करने वालों की संख्या 756रही। कुल 5614मजदूरों ने काम किया है। सूत्रों का कहना है कि विकास खंड जामों में कभी भी स्थल पर काम नहीं होते। हमेशा झूठी रिपोर्टिंग की जाती है। मनरेगा उपायुक्त की जानकारी में सारी चीज़ें होने के बाद भी उन्होंने कभी कार्यस्थलों का निरीक्षण नहीं किया।इस विकास खंड में कभी भी मनरेगा का सोशल आडिट नहीं होता है।

### एक अप्रैल से 6 अगस्त तक मनरेगा की स्थिति

**कुल पंजीकृत परिवारों की संख्या** -228845

**कुल जाब कार्ड धारियों की संख्या** -299326

**काम की मांग करने वाले श्रमिकों की संख्या** - 48153

**काम करने वाले मजदूरों की संख्या** - 41919

**चालू वित्तीय वर्ष में नये जाब कार्डों की संख्या** - 3656

**अब तक सृजित मानव दिवस** -1113035

**बकाया भुगतान** - मैटेरियल-10.18 करोड

**कुशल श्रम** - 36.60लाख

**अर्ध कुशल श्रम** - 20.04लाख

## बसपा के बूथ अध्यक्ष का निधन, पार्टी नेताओं ने दुःख जताया

**रामगंज।** सोमवार को सुल्तानपुर से घर वापस आते समय गाय से लडने के कारण दुर्घटना के शिकार हुए बसपा के बूथ अध्यक्ष फूलचंद बौद्ध का इलाज के दौरान निधन हो गया।

बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी राम करन ने दुर्घटना में खाना पुर के बूथ अध्यक्ष फूलचंद की मौत के बारे में जानकारी दी और घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया। बसपा के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती,विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद आदि ने कार्यकर्ता की दुःखद मौत पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई है।

सेक्टर अध्यक्ष रामपाल बौद्ध, सेक्टर सचिव अनिल कुमार,जोन इंचार्ज भीमरतन के मृतक के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया।

# रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और चेहल्लुम को शांति और सौहार्द से मनाएं : प्रभारी निरीक्षक

- डुमरियागंज में पीस कमेटी की बैठक में पुलिस ने परंपरागत तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की, भाईचारे का दिया संदेश

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आगामी त्यौहारों, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और चेहल्लुम को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए शनिवार शाम डुमरियागंज कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इंस्पेक्टर डुमरियागंज श्रीप्रकाश यादव ने सभी उपस्थित सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने त्यौहारों को उनकी पुरानी परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार ही मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम परंपराओं से हटते हैं, तो ही माहौल बिगड़ने और विवाद की स्थिति पैदा होने की संभावना होती है।



इंस्पेक्टर यादव ने थाना सभा कक्ष में आयोजित गुरुवार को इस कमेटी बैठक में बताया कि त्यौहारों के दौरान बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों को लिखित में जानकारी भेजी जाएगी। बैठक में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता कसीम रिज्वी ने सभी क्षेत्रवासियों से भाईचारे के साथ चेहल्लुम, जन्माष्टमी और रक्षाबंधन मनाने की अपील की।

उप निरीक्षक मनोज पटेल द्वारा संचालित इस बैठक में पंडित राकेश शास्त्री, जहीर फारूकी, विष्णु श्रीवास्तव, इमामुद्दीन, राहिब रिज्वी, इकबाल रिज्वी, संतोष अग्रहरि, मनोज और मोहम्मद रजा सहित कई गणमान्य नागरिक और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि त्यौहारों के दौरान क्षेत्र में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे।

# तीन ब्लॉकों में घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा



## हाथीपाँव के 445 और हाइड्रोसील के 115 मरीज चिन्हित: डॉ0 संतोष राना

वीबीडी नोडल अधिकारी डॉ. संतोष राना ने बताया जिले में हाथीपाँव के 445 और हाइड्रोसील के 115 मरीज चिन्हित हैं। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए 645 टीमें बनाई गई हैं, जो संबंधित ब्लॉकों में दो वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दवा खिलाएँगी। दवा की सही खुराक सुनिश्चित करने के लिए दवाओं को आशा कार्यकर्ता के सामने ही खिलाया जायेगा। गर्भवती, गंभीर बीमार व्यक्ति और दो वर्ष से छोटे बच्चों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए 112 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

- जनपद में 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलेगा एमडीए अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में आज फाइलेरिया जैसी उपेक्षित,गंभीर और लाइलाज बीमारी के उन्मूलन के लिए जिले के कैसरगंज, तेजवापुर और नवाबगंज विकासखंडों में आगामी 10 अगस्त से सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान का उद्देश्य सम्बंधित विकास खण्डों के 7.27 लाख से अधिक लोगों को दवा सेवन कराकर बीमारी के प्रसार को रोकना है।इस अभियान के सफल संचालन और जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को सीफार संस्था के सहयोग से सीएमओ सभागार में एक मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने किया।इस अवसर पर सीएमओ डॉ संजय शर्मा ने कहा मीडिया, आमजन को सही जानकारी देकर जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे इस जनस्वास्थ्य अभियान को व्यापक जन-समर्थन दिलाने में सहयोग करें।

### मच्छर जनित रोग है फाइलेरिया: डॉ. निपेंद्र सिंह

महाराजा सुहेलदेव स्वशासी मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. निपेंद्र सिंह ने बताया फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है, जो हाथ-पैरों, महिलाओं के स्तनों और हाइड्रोसील के रूप में सामने आता है। इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन रोकथाम संभव है। उन्होंने बताया कि 65 प्रतिशत से अधिक आबादी द्वारा फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करने से इस रोग का प्रसार चक्र टूटता है, जिससे फाइलेरिया के नए मामले नहीं आते।

### फाइलेरिया की हर सोमवार और गुरुवार होती है जॉच: दीपमाला

फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया कि फाइलेरिया की जांच हर सोमवार और गुरुवार रात 8-30 बजे के बाद चांदपुरा नियंत्रण कक्ष में होती है। बीमारी का प्रसार रोकने के लिए जहाँ आम जनमानस को इससे बचाव की दवाएं खिलाई जाती हैं वहीं मरीजों की स्थिति न बिगड़े, इसके लिए उन्हें देखभाल किट और स्व-देखभाल के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं। इस वर्ष अब तक 445 में से 431 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित कर प्रशिक्षण दिया गया है। इस मौके पर मलेरिया/फाइलेरिया इंस्पेक्टर, पाथ संस्था से अभिषेक, पीसीआई से रमन, और जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर वित्त एवं लेखा अधिकारी से मिला संगठन



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में आज जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने जिला वित्त एवं लेखा अधिकारी से मुलाकात की। विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रमुखता के साथ प्रान किट उपलब्ध कराने के संबंध में ऑनलाइन अवशेष वेतन भुगतान करने के संबंध में सभी शिक्षकों को लेखा पर्ची उपलब्ध कराने के संबंध में, लेखा में पड़ी बिलों के क्रमवार निस्तारण के संबंध में, की समस्याएं लेखा अधिकारी के समक्ष रखी गई। उन्होंने तुरंत इसके निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की। प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने पैन नंबर के गलत होने के संबंध में कहा इसे ठीक कराया जाना चाहिए लेखा अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में आवश्यक लिखा पढ़ी की गई है। कैसरगंज कोषाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ ने शिक्षकों के एनपीएस में पुराने मोबाइल नंबर को बदलने का मामला रखा जिसे तुरंत ही निस्तारण लेखा अधिकारी द्वारा कर दिया गया। लेखा अधिकारी ने महसी विकासखंड के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा के प्रकरण को भी हल करने पर प्रतिबद्धता जताई उन्होंने कहा शिक्षकों के हित के लिए संगठन जो भी मांग उठा रहा है वह संगठन के साथ खड़े हैं और सभी कार्य पूरा करके ही रहेंगे। संगठन ने लेखाधिकारी को शिक्षक समस्याओं के निराकरण के प्रति प्रतिबद्धता और महीने के प्रथम दिन वेतन भुगतान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।प्रतिदिन मंडल में प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, मंडलीय संयुक्त मंत्री आशुतोष वर्मा, जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक, कैसरगंज कोषाध्यक्ष जनपद विशेष आमंत्रित सदस्य मोहम्मद आसिफ, हुजूरपुर मंत्री भानु प्रताप मिश्रा, वीरेंद्र कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। वार्ता बहुत ही सद्भावना पूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# हम सभी एक एक वृक्ष का संरक्षण के संकल्प के साथ मनाएं रक्षाबंधन पर्व

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानन्द नगर सुल्तानपुर में रक्षा बन्धन उत्सव कार्यक्रम पारंपरिक ढंग से आयोजित किया गया।

उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती काशी प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक श्री शेषधर द्विवेदी ने कहा कि रक्षा बन्धन श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।यह सम्पूर्ण श्रावण मास भगवान शिव जी यानि प्रकृति को समर्पित है। सभी बहनें अपने छोटे बड़े भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनका आशीर्वाद लेकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ती हैं। इसी के साथ यह पर्व मनाने का दूसरा प्रमुख उद्देश्य प्रकृति की सुरक्षा एवं संरक्षण हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और शिक्षकों से आग्रह किया कि सभी लोग एक एक वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लें।



विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी जी ने रक्षा बन्धन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के वैशिष्ट्य से युक्त ये पर्व हमारी धार्मिक धरोहर हैं। जिनके बल पर हमारे नैतिक मूल्य और परंपराएं आज भी जीवित हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ जे पी सिंह ने की । उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा करते हुए सबको आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि जिला प्रचारक श्रीमान् आशीष जी, शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य ब्रह्मनारायण शुक्ल,प्रान्तीय कार्यालय प्रमुख श्रद्धानन्द जी एवं सभी अतिथियों एवं उपस्थित सभी भैयाजी को आचार्या दीदियों , एवं बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय की सभी बहनों ने राखी निर्माण प्रतियोगिता में भाग लिया।बहनों के द्वारा निर्मित रंग बिरंगी अनोखी राखियों की प्रदर्शनी की अतिथियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। जूनियर वर्ग की बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम का संयोजन आचार्या साक्षी सिंह एवं कंचन चतुर्वेदी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम मेंअनिल पाण्डेय ,रंजना पाण्डेय, सरिता त्रिपाठी, प्रांजलि पाण्डेय, ज्योति मिश्रा, शशी द्विवेदी, पूजा शुक्ल, श्वेता पाण्डेय, यशी अग्रहरि, ज्योति उपाध्याय, उर्वशी मिश्रा, श्रद्धा शुक्ला, रागिनी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम का प्रथम चरण आयोजित

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम -2025 का आयोजन किया गया जिसमें हमारे 'देश की शान तिरंगा है' विषय पर व्याख्यान दिया गया। प्रथम चरण में संस्कृति मंत्रालय की ओर से निर्देशित कार्यक्रमों की श्रृंखला में तिरंगा रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. प्रवीण कुमार ने छात्र-छात्राओं को तिरंगा कार्यक्रम आयोजन के बारे में बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ एमपी सिंह ने बताया कि हमें भारत की संस्कृति को पहचानना है। छात्र-छात्राओं को सूची धागे से तिरंगा युक्त राखी बनाने की कला से सिखाई गई। छात्राओं ने तिरंगा युक्त पोस्टर भी बनाए। कार्यक्रम में डॉ सुशील कुमार डॉ आर बी पांडे, शालू अग्रवाल, सहायक राम सिंह एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय डॉ टी एच नकवी ने किया।

# पुण्यतिथि पर सेंट जॉन्स कॉन्वेंट स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के सेंट जॉन्स कॉन्वेंट स्कूल गनापुर में बुधवार को स्कूल के संस्थापक डॉ. आलोक श्रीवास्तव की चौथी पुण्यतिथि पर एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विविध सामाजिक विषयों पर अपनी चित्रकला से जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकृति बचाओ, नो स्मोकिंग, राष्ट्रीय पक्षी मोर, वर्षा ऋतु, हमारी ऐतिहासिक धरोहर, स्वतंत्रता के नायक, मासिक धर्म जागरूकता, स्वच्छ भारत-हरा भारत जैसे विषयों पर सुंदर चित्र बनाए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक शिवम श्रीवास्तव व अशोक मिश्रा द्वारा डॉ. श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ.आलोक श्रीवास्तव का सपना था कि ग्रामीण क्षेत्रों के



मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को भी गांव में ही अंग्रेजी माध्यम की उच्च स्तरीय शिक्षा मिल सके। इसी उद्देश्य से उन्होंने 2009 में इस विद्यालय की स्थापना की थी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए गए। प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों में मोहम्मद हसनैन, अनुभव विश्वकर्मा, राहत सिद्दीकी, याचना यादव, अंजली मौर्य, आरोही निगम, आर्यन मौर्य, प्रियांशी, मोहम्मद जैद आदि शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर मोहम्मद अहमद, अखिलेश, शाजिया बानो, नूर माही, रिद्धि, रौनक, वर्षा तिवारी, शिवांगी सिंह आदि रहे। तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में जौहर हैदर, रुतबा आलम, अक्षत तिवारी, तस्मिया, शिवांश समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण मौर्य ने किया और ज्योति दुबे, कुमार जी, केंद्रा, सेलेस्ट निर्णायक मंडल में शामिल रहे। इस मौके पर पंकज, विनोद त्रिपाठी, विकास शुक्ला, अरुण श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, साधना, तबस्सुम, संजय सिंह, रितेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों को टॉफी व फल वितरित किए गए।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनाया बंधन स्वच्छता का अभियान'

**टूंडला।** नगर पालिका परिषद के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत हर घर तिरंगा व हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत हर घर तिरंगा लगाया जाएगा। वहीं, बंधन स्वच्छता के तहत प्रमुख गतिविधियां की जाएगी।अभियान के तहत पांच अगस्त से बंधन स्वच्छता के अभियान के तहत रिसाइकिल राखी बनाया जाना, तिरंगा थीम पर राखी कार्यशाला, राखियों को सोसाइटी हीरो को बांधा जाएगा, स्वच्छता जागरूकता कार्यशालाएं व विभिन्न प्रतियोगताएं- रंगोली, वाद-विवाद, कला आदि गतिविधियां की जाएगी। वहीं, पांच अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। पालिका ने बृहस्पतिवार को अभियान के तहत कोतवाली में स्वच्छता का बंधन कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने पुलिस प्रशासन व पालिकाकर्मियों को राखी बांधकर मनाया।

## बाढ़ की आशंका, पुलिस प्रशासन सतर्क एसपी ने संभाली कमान



**शाहजहांपुर।** जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पुलिस पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है खुद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कमान संभाली है और टीम के साथ संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा कर रहे हैं पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर ने कोतवाली थाना क्षेत्र के हनुमत धाम पहुंचकर बाढ़ की संभावित स्थिति का जायजा लिया और बताया कि संबंधित अधिकारियों को राहत व बचाव कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं बाढ़ की आशंका वाले इलाकों में प्रशिक्षित गोताखोरों की पहचान कर तैनाती की जा रही है जो किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए तत्पर रहेंगे। साथ ही पुलिस थानों को निर्देशित किया गया है कि स्थानीय स्तर पर नावों और गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। आपदा की स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ से समन्वय स्थापित कर लिया गया है। जिला प्रशासन व आपदा प्रबंधन इकाई के साथ नियमित संवाद के माध्यम से इनकी त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। आपातकालीन सूचनाओं के तेजी से आदान-प्रदान के लिए वायरलेस, मोबाइल नेटवर्क और सोशल मीडिया के माध्यम से सक्रिय सूचना तंत्र तैयार किया जा रहा है। थानों को हिदायत दी गई है कि वे बाढ़ संभावित इलाकों की पहचान कर निरंतर निगरानी बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी आपदा या आकस्मिक स्थिति में घबराएं नहीं। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। आवश्यकता पड़ने पर डायल 112 या नजदीकी थाने से तत्काल संपर्क करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है और हर स्थिति से निपटने में सक्षम है। पुलिस विभाग का उद्देश्य है कि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो और राहत-बचाव कार्य संवेदनशीलता व तत्परता के साथ संपन्न हों। सभी संबंधित इकाइयों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी मुस्तैदी से निगरानी बनाए रखें।

# गोवंश मांस बताकर ट्रक में आग लगाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा

**अवधनामा संवाददाता**

- गौवंश का मास बताकर ट्रक को रूकवाकर तोड़फोड़ करने के बाद लगाई थी आग
- जांच में भैंस के सींग होने की हुई पुष्टि

**शाहजहांपुर।** बीती रात ट्रक में आग लगाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आक्रोशित लोगों ने गौवंश का मास बताकर ट्रक को रूकवाकर तोड़फोड़ करने के बाद आग लगाई थी। पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर ट्रक में रखे सींग की जांच कराई तो वह भैंस के निकले। पुलिस ने कहा कि इस घटना से कांवड़ियों का कोई लेना-देना नही है। आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। थाना कलान क्षेत्र के जहांगीराबाद के पास बीती रात ट्रक चालक का अज्ञात लोगों से तेज गति से ट्रक चलाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि वहां पर भीड़ इकट्ठा हो गई। उन्होंने ट्रक में गौवंश का मास होने का आरोप लगाया। पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन लोगों ने ट्रक चालक को नीचे उतारकर पिटाई की उसके बाद पुलिस के सामने ट्रक में तोड़फोड़ कर उसमे आग लगा दी। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उसके अफवाह फैली कि कांवड़ियों ने गौवंश के मास से भरे ट्रक में आग लगाई है। पुलिस और फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक में रखे जानवर के सींग जांच पशु चिकित्सा अधिकारी से बुलाकर कराई तो जांच में वह सींग भैंस के निकले। उसके बाद पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जांच की तो मामला तेज गति से ट्रक चलाने को ट्रक चालक और अज्ञात लोगों के बीच विवाद सामने आया। पुलिस ने ट्रक में आग लगाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। सीओ जलालाबाद अजय राय ने बताया कि तेज गति से ट्रक चलाने को लेकर चालक और अज्ञात लोगों के बीच विवाद हुआ था। ट्रक के अंदर सींग की जांच कराई तो वह भैंस के निकले, पुलिस ने ट्रक में आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस घटना से कांवड़ियों का कोई लेना-देना नही है।

## ब्रह्मकुमारी ने मनाया रक्षाबंधन

**टूंडला।** एटारोड स्थित रामनगर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने वैश्विक प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व मनाया। ब्रह्मकुमारी विजय बहन ने रक्षाबंधन का वास्तविक महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार एक धार्मिक त्योहार है। यह इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने के संकल्प का सूचक है। भाई और बहन के नाते में जो मन-वचन और कर्म की पवित्रता समाई है यह उसका बोधक है। टूंडला सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी विजय बहन ने, संत,पत्रकार, एडवोकेट, फौजी आदि को पवित्र राखी बांधकर पर्व मनाया। साथ ही ब्रह्मकुमारी तनु, खुशी, शिवानी, आरती, पूजा, प्रेमवती ने इस पवित्र कार्यक्रम को सुन्दर रूप दिया। इस दौरान संत धीरबाबा अयोध्या वाले, उदयवीर सिंह, सूबेदार फौजी, तहसील बार एसोसिएशन सहसचिव उपेंद्र धनगर महिलाएं व बहनों की उपस्थिति रही।

# बीएलओ और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में दी गई पुनरीक्षण की विस्तृत जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचक नामावली वृहद् पुनरीक्षण 2026 के पुनरीक्षण कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु जिलाधिकारी, फिरोजाबाद रमेश रंजन के निर्देशन में तहसील शिकोहाबाद एवं जसराना से सम्बन्धित बी.एल.ओ. एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण महात्मा गॉधी बालिका इण्टर कॉलेज, स्टेशन रोड़, फिरोजाबाद में सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कक्षवार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा 11 कक्षों में प्रदान किया गया। तहसील शिकोहाबाद के कुल 204 बी.एल.ओ. में से 189 बी.एल.ओ. तथा कुल 18 पर्यवेक्षक में से 18 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। इसी



प्रकार तहसील जसराना के कुल 229 बी.एल.ओ. में से 218 बी.एल.ओ. तथा कुल 18 पर्यवेक्षक में से 18 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया है कि सम्बन्धित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-उप जिलाधिकारी अनुपस्थित बी.एल.ओ. के विरूद्ध राज्य निर्वाचन आयोग (पंचायत एवं नगरीय निकाय) के नियमावली के सुसंगत धाराओं के अनुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। 08-08-2025 को तहसील सिरसागंज से सम्बन्धित सभी बी.एल.ओ.ध्पर्यवेक्षक एवं तहसील फिरोजाबाद, टूण्डला, शिकोहाबाद तथा जसराना के प्रषिक्षण से छूटे हुये बी.एल.ओ.ध्पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह एवं मुख्य प्रशिक्षक अश्वनी कुमार जैन ने कक्षों में बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण में तहसीलदार शिकोहाबाद, तहसीलदार जसराना, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स इत्यादि उपस्थित रहें।

# महिला सेल शक्ति सेल का हुआ गठन



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में नई पहल महिला हेल्प डेस्क को और गुणात्मक क्रियान्वयन हेतु पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा जोन के समस्त जनपदों,( फिरोजाबाद आगरा मथुरा) में महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु महिला सेलध्शक्ति सेल का गठन कर महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा व संरक्षण हेतु पुलिस कर्मचारी व अधिकारी को प्रशिक्षित होने हेतु पुलिस लाइन सभागार जनपद फिरोजाबाद में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है जिसके तहत आज भी रवि शंकर प्रसाद एस पी सिटी फिरोजाबाद के निर्देशन में इस प्रशिक्षण दिवस-5 को पूर्ण किया गया जिसमें विभिन्न थाने प्रभारी व पुलिस कर्मचारी, पुलिस महिला आरक्षी एवं महिला संगठन से जुड़े विभिन्न प्रतिभागी उपस्थित रहे।

इस प्रशिक्षण में मुख्य मास्टर ट्रेनर बतौर महिला कल्याण विभाग से हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। भारत सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत अति महत्वपूर्ण बहुउद्देशीय मिशन शक्ति योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए इसके दोनों अंगों, समर्थ व संबल पर वार्ता की। उन्होंने प्रशिक्षण में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल में कामकाजी महिलाओं का यौन उत्पीड़न 2013, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, साइबर अपराध, आदि महिला एवं बालिका संबंधी अधिनियमों पर रोशनी डालते हुए समस्त ट्रेनीज का संवेदीकरण कुछ इस माध्यम से किया गया के इन विषयों पर आधारित डॉक्युमेंट्री वीडियो क्लिप के माध्यम से इनकी संगीनता पर चर्चा करते हुए प्रत्येक थाने में मौजूद हेल्प डेस्क के प्रभावी एवं गुणवत्ता पूर्वक संचालन पर विस्तृत रूप से कैपेसिटी बिल्डिंग की। साथ ही बताया के बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात यानी चाइल्ड सेक्स रेश्यो पर जानकारी प्रदान करते हुए कन्या भ्रूण हत्या की शुरुआत, इतिहास इससे जुड़े सभी तथ्यों को बताते हुए पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994, पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम के समापन में महिला अधिकारी अनम अकाशा द्वारा सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई व महिला कल्याण विभागीय पंपलेट वितरण कर जागरूकता विकसित की। प्रशिक्षण में मौजूद जनपद फिरोजाबाद महिला कल्याण विभाग से हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा, महिला थाना फिरोजाबाद प्रभारी निरीक्षक रीना चौधरी , वन स्टॉप सेंटर पुलिस चौकी टीम, जिला अस्पताल से पुलिस टीम, पुलिस लाइन महिला सहायता प्रकोष्ठ से सब इंस्पेक्टर गीता एवं जनपद फिरोजाबाद से पुलिस अधिकारी व महिला संबंधी पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

# मेधावी ज्ञान श्री शांति श्याम छात्रवृति पुरस्कार से सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपने संस्थापक की पुण्यतिथि पर गुरुवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लकी पब्लिक सीनियर सैकेंड्री की निदेसक रेखा यादव, समाजसेवी डा. पीएस राना, और ज्ञानदीप सीनियर सैकेंड्री स्कूल की डायरेक्टर प्रधानाचार्य डा. रजनी यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया। स्कूल के संस्थापक राधे श्याम यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस समारोह में छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञानश्री शांति.श्याम छात्रवृत्ति पुरस्कार प्रदान करने के साथ विद्यालय ने अपने संस्थापक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों एवं मूल्यों को स्मरण किया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ रजनी यादव ने कहा कि राधे श्याम यादव के आदर्शों और मूल्यों को स्मरण करना और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि ज्ञानश्री शांति श्याम छात्रवृत्ति पुरस्कार का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना और उनकी शैक्षिक उपलब्धियों को सम्मानित करना है। विद्यालय ने अपने संस्थापक की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस समारोह के माध्यम से अपने छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया है।


## सूचना

मैं रानू अली ( Ranu Ali ) पुत्र परवेज़ आलम ( Parvez Alam ) निवासी 390/213 रुस्तम नगर चौक लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की पहले मेरा नाम रानू था जो की मेरे पासपोर्ट में दर्ज है जबकि मेरे आधार एवं समस्त दस्तावेज में रानू अली है मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये एवं पासपोर्ट में रानू अली ही दर्ज किया जाए।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी मुन्नी देवी (66 वर्ष) पत्नी दानी ग्राम व पोस्ट हुसेनपुर सुधाना तहसील टांडा जनपद अम्बेडकर नगर की निवासिनी है। एन टी पी सी के अभिलेख में शपथी के पति दानी पुत्र जगलाल के सर्विश बुक रिकार्ड में त्रुटिबस शपथी का नाम मुना दर्ज हो गया है जोकि गलत है जिसे संसोधन करके शपथी का सही नाम मुन्नी देवी अंकित किया जाना आवश्यक है। जैसा कि शपथी के आधार कार्ड व पैन कार्ड एंव अन्य अभिलेख में दर्ज हैं। शपथी का वास्तविक नाम मुन्नी देवी ही है इसी नाम से जाना व पहचान जाता है।

**शपथी**
**मुन्नी देवी पत्नी दानी**
**पता- उपरोक्त**

## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

प्रेष्य: निविदा संख्या: डब्लू– सी.बी.–सी.सी. टी. वी. –2025–02 के संबंध में संशोधन सूचना।
संदर्भ: निविदा सूचना संख्या: उ.रे./आर.एस.डब्लू./जुलाई/सी.सी.टी.वी./2025/02 दिनॉक: 11.07.2025.
कार्य का विवरण: 850 एम.ई.एम.यू. (MEMU), डी.ई.एम.यू. (DEMU) और ई.एम.यू. (EMU) कोचों तथा 3–फेज एयर कंडीशंड ए.सी. ई.एम.यू. (AC/EMU) कोचों में IP आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (VSS) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग (SITC)।''
उपरोक्त निविदा दस्तावेज में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं:

| क्रम सं. | विवरण | पूर्व निर्धारित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा बंद होने की तिथि व समय | 12.08.2025, 15:00 बजे | 21.08.2025, 15:00 बजे |

निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। सभी संशोधन www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं ।
सं.: डब्लू– सी.बी.–सी. सी. टी. वी. –2025–02 दिनांक: 07.08.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2414/25

# 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

राठ के कांशीराम कॉलोनी के पास मुठभेड़, आरोपी के पैर में लगी गोली



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र में 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की दिल दहलाने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी मचा दी है। इस जघन्य अपराध के आरोपी, एक अधेड़ व्यक्ति को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना राठ के कांशीराम कॉलोनी के पास बुधवार देर रात हुई।

पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, आरोपी ने मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने तुरंत स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। हमीरपुर पुलिस ने कई टीमें गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। सूचना मिली कि आरोपी कांशीराम कॉलोनी के आसपास छिपा हुआ है। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान आरोपी ने खुद को घिरा देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई, जिससे आरोपी के पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे हिरासत में लिया गया और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस का बयान-** आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। हम पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मामले की जांच तेजी से की जा रही है, और जल्द ही आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

**क्षेत्र में आक्रोश-** घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। पीड़िता के परिजनों और क्षेत्रवासियों ने आरोपी को कठोर सजा और फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग की है। पुलिस ने क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है।

**सामाजिक चिंता-** यह घटना बच्चों के खिलाफ बढ़ते यौन अपराधों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। समाज में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता और कठोर कानूनी कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

# मौदहा चित्रा फुटवियर में लगी आग, लाखों का माल खाक

स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों के सहयोग से बचाया गया बड़ा नुकसान, पुलिस व फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता




**मौदहा (हमीरपुर)** कस्बे के व्यस्त थाना चौराहा क्षेत्र में स्थित जूता-चप्पल की प्रसिद्ध दुकान चित्रा फुटवियर में गुरुवार के दिन अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की वजह का फिलहाल स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों की आशंका जताई जा रही है। दुकान में आग लगते ही धुएं का गुबार उठने लगा, जिसे देखकर आसपास के दुकानदार और नागरिक तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलने से पहले स्थानीय लोगों ने जोखिम उठाकर काफी मात्रा में सामान बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा आर्थिक नुकसान होने से टल गया।सूचना पर कोतवाली पुलिस, फायर ब्रिगेड और नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में दमकल विभाग के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। दुकान स्वामी इस अप्रत्याशित घटना से स्तब्ध हैं और प्रशासन से जांच कर उचित मदद की अपेक्षा जता रहे हैं। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना बाजार क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा के प्रति लापरवाही को उजागर करती है। व्यापारियों ने प्रशासन से कस्बे में फायर सेफ्टी के समुचित प्रबंध सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस घटना ने स्थानीय व्यापारियों और आम जनता को एक बार फिर सतर्क रहने का संदेश दिया है कि भीड़भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा उपकरणों और फायर सेफ्टी की अनिवार्यता कितनी जरूरी है।

# बच्चों ने रंग-बिरंगे धागों की राखियां की तैयारी

मोतियों और सजावटी सामान से बच्चों ने सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार की

सनशाइन स्कूल में थाली सजावट एवं राखी निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सनशाइन स्कूल में रक्षा बंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए थाली सजावट प्रतियोगिता एवं राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रचनात्मक गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम जागृत करना तथा उनकी सृजनात्मकता को बढ़ावा देना था।

थाली सजावट प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति और सौंदर्यबोध से पारंपरिक थालियों को सजाकर दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया।

कक्षा 8 की वैष्णवी दुबे ने अपने सुंदर और संतुलित सजावट के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 की राधिका शुक्ला ने अपनी सजावटी शैली से द्वितीय स्थान अर्जित किया।

कक्षा 6 की माही ने भी अपनी शानदार रचना से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, राखी निर्माण प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और सजावटी सामान से सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार कीं। कक्षा 3 की अनिका वर्मा की राखी ने सबका ध्यान आकर्षित किया और उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उसी कक्षा की काव्या मिश्रा को उनकी रचनात्मकता के लिए द्वितीय स्थान मिला। कक्षा 5 की सिद्धि ने अपनी कलात्मक राखी से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनके प्रयासों को भी सराहा जा सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों और सहयोगियों को धन्यवाद दिया।

## प्रेस क्लब जसवंतनगर के पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की



**इटावा।** कटेखेड़ा सरायभूपत निवासी समाजसेवी मो.आमीन के पिता मुस्ताक अली के हाल ही में हुए निधन पर प्रेस क्लब जसवंतनगर के अध्यक्ष प्रेम कुमार शाक्य व अन्य पत्रकार भी उनके निवास पर पहुँचे और शोक-संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रेस क्लब जसवंतनगर अध्यक्ष प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि मुस्ताक अली एक मिलनसार, सरल और सम्मानित व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन में सादगी और ईमानदारी के साथ समाज को दिशा दी। उनका निधन न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कोषाध्यक्ष प्रदीप चौहान और ऑडिटर लालमन बाथम ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने की बात कही। इस दौरान अन्य संगठन से जुड़े मेघ सिंह वर्मा व मनोज कुमार ने भी गहरा शोक जताया। पूर्व प्रधान हीरालाल जाटव ने मुस्ताक अली के व्यक्तित्व और उनके संस्कारों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सुदिति ग्लोबल एकेडमी में हुआ टी डी टीकाकरण



विद्यालय के 452 छात्र-छात्राओं का टिटनेस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण किया गया

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना नि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देशन में स्कूल आधारित टीडी अभियान के अंतर्गत विद्यालय के 452 छात्र-छात्राओं का टिटनेस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण किया गया। विद्यालय में यह टीकाकरण डॉक्टर मुकेश राजपूत मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज उदी एवं डॉक्टर पंकज शर्मा के निर्देशन में आई ओ रजनीकांत यादव, ए.एन.एम. पूर्णिमा, प्रियंका यादव, अमृता, नीलम, सुमित्रा राजपूत व अन्य टीम के सदस्यों द्वारा किया गया। यह टीकाकरण छूटे हुए 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का किया गया। डॉ.पंकज शर्मा ने बताया कि अक्सर बरसात के मौसम में खेल-खेल में बच्चों के चोट लगने से टिटनेस होने की आशंका बनी रहती है इसके लक्षण शरीर में ऐंठन, जबड़ा जाम होना, बुखार , सिरदर्द आदि हैं। डिप्थीरिया, जिसे गलघोंटू भी कहा जाता है, एक गंभीर जीवाणु संक्रमण है जो मुख्य रूप से गले और नाक को प्रभावित करता है। इस बीमारी में सांस फूलना, चकत्ते या त्वचा पर दाग, गले में दर्द, शारीरिक कमजोरी जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इन बीमारियों की पूर्व सुरक्षा के लिए टिटनेस एवं डिप्थीरिया यानि टी.डी.का टीकाकरण होना आवश्यक है।

इस टीकाकरण के अंतर्गत विद्यालय से 135 छात्राएं व 217 छात्रों ने टीकाकरण करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल कुमार ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्होंने कहा की 10 वर्ष व 16 वर्ष की आयु के बच्चे बहुत कोमल शरीर के होते हैं उनके शरीर में कोई भी जीवाणु संक्रमित बीमारी होने पर भविष्य में शरीर कमजोर हो जाता है और रोगप्रतिरोधक क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। सरकार की यह योजना एक अच्छा कदम है। टीकाकरण को सफल बनाने में विद्यालय के कोऑर्डिनेटर मसूद अहमद, एच.एम.संदीप मौर्य, गर्ल्स विंग एच.एम.सिंपल त्रिपाठी, एच.एम.अंशु दीक्षित, एच.राम.शाहीन खान, ऋषि कुमार एवं राहुल प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

# संस्कृत है समस्त भाषाओं की जननी : डॉ. ज्योति वर्मा

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है, इसलिए इसे देव भाषा भी कहा जाता है। संस्कृत से हर भाषा के शब्द निकले हैं, इसलिए यह सामान्य बोलचाल की भाषा है, यह सरल भाषा है। यह बात संस्कृत प्रवक्ता एवं श्री सत्यनारायण समाज सेवा संस्थान की सचिव डॉ.ज्योति वर्मा ने लुहन्ना चौराहा साईं विहार कॉलोनी स्थित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में संस्कृत दिवस के पूर्व दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है, यह व्यापार की नहीं, संपूर्ण विश्व के कल्याण की भाषा है, यह त्याग और प्यार की भाषा है। इसलिए संस्कृत पढ़ना बहुत जरूरी है। संस्कृत भाषा से संस्कृति जुड़ी है, इससे संस्कार, संस्कृति, सभ्यता आती है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की सचिव डॉ ज्योति वर्मा, विद्यालय की वार्डन प्रतिमा सिंह व शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने संस्कृत में वंदना, श्लोक, कविता सुनाई, कक्षा छह की छात्रा रितिका ने अयि गिरि नंदनी गीत पर डांस प्रस्तुत किया। अनुज्या, प्रांशी और पूनम ने श्लोक और अन्य छात्राओं ने कविता सुनाई। इस विशेष दिवस पर सचिव डॉ ज्योति वर्मा ने बालिकाओं को संस्कृत के महत्व बारे में बताया कि अन्य भाषाएं भी पढ़ें, लेकिन संस्कृत जरूर पढ़ें। इसमें पूरे नंबर मिलते हैं। उन्होंने संस्कृत की क्लास लगाई। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इस विद्यालय में श्रमिकों की बेटियां पढ़ती हैं, उनकी पढ़ाई से लेकर रहना, खाना फ्री है। साथ ही शिक्षण सामग्री के अलावा ड्रेस भी सरकार की ओर से प्रदान की जाती है। इस दौरान शिक्षिका सुमनलता, आकांक्षा पांडेय, नीलम, रमन यादव के अलावा समस्त स्टाफ मौजूद रहा। संचालन सुमनलता ने किया।

# हमीरपुर चकबंदी विभाग का बाबू पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



पीड़ित से चकबंदी से जुड़ा कार्य कराने के लिए की थी घूस की मांग, एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ दबोचा

**हमीरपुर।** जिले में रिश्वतखोरी पर एंटी करप्शन टीम ने एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए चकबंदी विभाग में तैनात बाबू प्रमोद यादव को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पीड़ित की शिकायत पर की गई, जिसने चकबंदी से संबंधित कार्य कराने के लिए बाबू द्वारा घूस मांगे जाने की सूचना दी थी। सूचना पाते ही बांदा और लखनऊ से आई संयुक्त एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर बाबू प्रमोद यादव को उस समय रंगे हाथों पकड़ लिया, जब वह घूस की रकम ले रहा था। टीम आरोपी को सुमेरपुर थाने ले जाकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। बताते चलें कि चकबंदी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। आमजन का यह स्पष्ट अनुभव है कि विभाग में बिना घूस के कोई काम नहीं होता। चाहे खतौनी में नाम दर्ज करवाना हो या नक्शे आदि की नकल लेनी हो, हर प्रक्रिया के पीछे नजराना तय है। यह पहला मामला नहीं है जब रिश्वतखोरी में किसी सरकारी कर्मचारी को पकड़ा गया हो। इससे पहले भी हमीरपुर सीएमओ ऑफिस में तैनात एक बाबू को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। इसके बावजूद भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा, जिससे जनता में गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों और पीड़ितों का कहना है कि यदि सरकार वास्तव में पारदर्शी प्रशासन चाहती है, तो ऐसे विभागों में बार-बार सतर्कता जांच होनी चाहिए और रिश्वतखोरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि अन्य कर्मचारियों में भी डर बना रहे।

# एसपी ने पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन व संसाधनों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की सीधी भर्ती के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित रिक्रूट आरक्षियों की तैयारियों और प्रशिक्षण व्यवस्था का गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने पुलिस लाइन में पहुंचकर गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, उपस्थिति, कक्षाओं में पढ़ाई की स्थिति, प्रशिक्षण सामग्री तथा उपलब्ध संसाधनों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण के हर पहलू पर बारीकी से नजर डालते हुए यह सुनिश्चित किया कि भविष्य के पुलिसकर्मी जिम्मेदार और दक्ष बनें।

एसपी ने कक्षा में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षियों से सीधे संवाद भी स्थापित किया। उन्होंने रिक्रूटों की समस्याओं, जरूरतों और सुझावों को गंभीरता से सुना और तत्काल समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा न केवल एक नौकरी है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी रिक्रूटों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समय की पाबंदी और जनसेवा के मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

उन्होंने ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सीख देते हुए कहा कि एक अच्छा पुलिसकर्मी वही है जो समाज का विश्वास जीत सके। निरीक्षण के अंत में एसपी ने सभी प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को उनके उज्वल भविष्य और उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुलिस लाइन के प्रशिक्षण प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। यह निरीक्षण आरक्षियों के मनोबल को ऊंचा करने वाला और प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बच्चों का यूनिफॉर्म आत्मसम्मान का प्रतीक है : इंदु सिंह




अवधनामा संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल, रेनुसागर द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक सराहनीय पहल करते हुए रेनुसागर प्राथमिक पाठशाला, के 65 छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरित किया।आयोजित कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों, का यूनिफॉर्म अनुशासन, एकरूपता और आत्मसम्मान का प्रतीक होता है। जब आप सभी एक जैसे परिधान में विद्यालय आते हैं, तो आप सभी के बीच कोई भेद नहीं रह जाता। यह हमें सिखाता है कि हम सब एक समान हैं और शिक्षा के क्षेत्र में सभी को बराबरी का अधिकार है। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या विभा शैलेश सिंह एवं अन्य महिला मंडल की सदस्याएं मेनका अरोड़ा, कविता श्रीमाली, सुजाता पांडेय ,रितु हर्षवर्धन,रितु दवे, विभा मनीष सिंह ,स्मृति लेखा पटनायक ,रजनी रूंगटा एवं दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म प्रदान करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

## आशा कार्यकर्ता, एएनएम की बैठक में अपर सीएमओ ने दिए दिशा-निर्देश

**दुद्धी/सोनभद्र।** स्थानीय ब्लॉक के सभागार में बृहस्पतिवार की पूर्वाहन आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर. जी. यादव ने भाग लिया। बैठक में आशा कार्यकर्ता और एएनएम को उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में आशा कार्यकर्ता और एएनएम को उनके कार्यों में और अधिक प्रभावी बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए गए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशा कार्यकर्ता को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। अपर मुख्य चिकित्साअधिकारी ने आशा महिलाओं को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दें। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को आभा कार्ड बनाने और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।साथ एएनएम को प्रसव संख्या बढ़ाने के लिए महिलाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा महिलाओं को उनके कार्यों में और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के बेहतर इलाज और डिलीवरी हेतु सरकारी अस्पताल लेकर आए उन्हें किसी प्राइवेट अस्पताल में जाने की सलाह बिल्कुल ना दें। ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को गर्भवती होने के बाद डिलीवरी के समय प्राइवेट अस्पताल में जाने के बाद कई तरह की परेशानियों और कैजुअल्टी का सामना करना पड़ता है जो कहीं से उचित नहीं है ऐसे कार्यों पर रोक लगाई जानी चाहिए। बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर शाह आलम आशा कार्यकर्ता ब्लॉक क्षेत्र के एएनएम के अलावा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में सरदार पटेल की प्रतिमा का किया गया अनावरण



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा टाउनशिप स्थित उमंग भवन परिसर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गौतम देब क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर क्षेत्र) एवं कार्यकारी निदेशक (पीएम) ने प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) के साथ ही बिपाशा देब अध्यक्षा (उत्तरा क्लब), चित्रलेखा साहा अध्यक्षा(सुहासिनी संघ) तथा शिल्पा कोहली महासचिव (सुहासिनी संघ) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल की वरिष्ठ प्रबंधन टीम के ए.जे. राजकुमार, (महाप्रबंधक दृ प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश (महाप्रबंधक - अनुरक्षण एवं एडीएम), डॉ. बी.के. भारली (महाप्रबंधक - चिकित्सा सेवाएं), देबब्रत त्रिपाठी (महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएं) तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन न केवल सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देना था, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और मजबूत नेतृत्व के मूल्यों को पुनः स्मरण करने का एक प्रेरणादायक अवसर भी रहा।

## ब्रह्मनगर में सीसी रोड का नपा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण



**सोनभद/अवधनामा ब्यूरो।** नगर के वार्ड नंबर 19 ब्रह्मनगर गली नंबर तीन में सीसी सड़क व नवनिर्मित नाली का नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने लोकार्पण किया। बाद उन्होंने कार्यों का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर तेजी गति दी गई है, इस क्रम में गुरुवार को वार्ड 19 ब्रह्म नगर के तीसरी गली में सीसी सड़क व नवनिर्मित नाली का लोकार्पण किया गया। बताया कि वार्ड 19 के बद्री सिंह पटेल के घर से राकेश जैसवाल के घर तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। इस मौके पर जेई राज कुमार, सभासद मनोज चौबे, प्रदीप पटेल, हीरावती, आशीष कुमार, अमित दूबे, सुजीत कुमार, संत सोनी, विमलेश, राम विलास, सूरज मिश्रा, प्रिंस सोनकर आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी ने अधिकारियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान उन्होंने जनपद में घटित प्रमुख घटनाओं की समीक्षा की गई तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं एवं वारंटों के निष्पादन, एनबीडब्ल्यू की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा जनसुनवाई की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित रहे।

## रक्षाबंधन पर्व से पूर्व पुलिस अधीक्षक ने किया राठ क्षेत्र में पैदल गश्त

**हमीरपुर/राठ।** रक्षाबंधन जैसे प्रमुख त्यौहार को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने गुरुवार को थाना राठ क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। एसपी स्वयं पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरीं और आमजन में सुरक्षा का विश्वास पैदा किया। गश्त के दौरान उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से चेकिंग करवाई और अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने जनता से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## गौतम देब ने एनटीपीसी विंध्याचल का किया निरीक्षण, परिचालन उत्कृष्टता पर दिया बल



**सोनभद्र/ विंध्यनगर, अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल में दिनांक 6 अगस्त 2025 को गौतम देब, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर क्षेत्र) एवं कार्यकारी निदेशक (पीएम ) का स्वागत किया गया। उनकी यह यात्रा स्टेशन की व्यापक समीक्षा और रणनीतिक संवाद के उद्देश्य से आयोजित की गई। निरीक्षण के दौरान देब ने एफजीडी परियोजना स्थल (यूनिट 11), जिप्सम अनलोडिंग एरिया, स्टेज-III एवं V के नियंत्रण कक्ष तथा कार्बन-टू-मेथनॉल प्लांट का दौरा किया। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में उपस्थित अधिकारियों से बातचीत कर उनकी कार्यशैली और प्रतिबद्धता की सराहना की। तत्पश्चात उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें परिचालन दक्षता, नवाचार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही देब ने वीएसआर ओवरहालिंग टीम, यूनियन व एसोसिएशन प्रतिनिधियों, तथा युवा व महिला अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने टीम भावना, समावेशी कार्य संस्कृति और सामूहिक प्रयासों को सफलता की कुंजी बताया। उनकी यह यात्रा एनटीपीसी विंध्याचल के लिए एक प्रेरणास्पद अवसर रही, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और सहयोगात्मक नेतृत्व को विशेष महत्व मिला।

# संभल को विकास परियोजनाओं के लिए मिले 546.25 करोड़

■ पिछली सरकारों में हर जिले में एक माफिया होता था अब जेलों में हैं या फिर ऊपर : योगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को संभल को 546.25 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 108 कार्यों का शिलान्यास और 113 परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनमें राजकीय महाविद्यालय का शिलान्यास भी शामिल है।

मुख्यमंत्री मुरादाबाद से हेलीकॉप्टर द्वारा संभल पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर गांव आनंदपुर स्थित नवीन पुलिस लाइन में उतरा, जहां से वह कार द्वारा जनसभा स्थल पहुंचे। सभा स्थल पर मुख्यमंत्री का स्वागत कल्कि भगवान की तस्वीर भेंटकर किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवीन रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण भी किया। उनके आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की थी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तैद नजर आए।

इससे एक दिन पहले मुरादाबाद में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों में प्रदेश के हर जिले में एक माफिया होता था। अब माफिया जेलों में हैं या ऊपर पहुंच गए हैं। अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज हैं। उन्होंने कहा कि हर मंडल मुख्यालय पर विश्वविद्यालय है। एक जिला एक उत्पाद योजना से हर जिला आत्मनिर्भर बन रहा है। सीएम ने कहा कि जिनके पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है, उन्हें ही विकास से दिक्कत है। 2017 से पहले मुरादाबाद के उद्यमी परेशान थे।

यहां के उत्पाद वैश्विक बाजार में दम तोड़ रहे थे। आज व्यापारियों को बेहतर कानून व्यवस्था और सरकार की पारदर्शी नीतियां मिलीं तो निर्यात 11000 करोड़ तक पहुंच गया है। बुद्धि विहार स्थित संविधान साहित्य पार्क और हनुमान वाटिका देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों की प्रशंसा की।


कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन और विभिन्न परियोजनाओं से मुरादाबाद की तस्वीर बदल रही है। संविधान पार्क को लेकर उन्होंने कहा कि छात्रों को वहां जरूर जाना चाहिए और बाबा साहेब के संविधान को नजदीक से जानना चाहिए। हनुमान वाटिका में पवन पुत्र के शौर्य व भक्ति से परिचय करना चाहिए। उन्होंने वार म्यूजियम, वेस्ट म्यूजियम, स्पंदन सरोवर की भी तारीफ की। सीएम ने कहा कि पिछली सरकारों ने कांवड़ यात्रा पर बैन लगाने की कोशिश की। जन्माष्टमी के आयोजनों पर विरोध जताया। प्रदेश में कांवड़ यात्रा नहीं रुकेगी, बल्कि इस महापर्व का भव्य आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि हर थाने में जन्माष्टमी का उत्सव मनाया जाएगा। पुलिस लाइन, जिला कारागार समेत हर जगह आयोजन होंगे।

### संभल की सच्चाई को छिपाने की चेष्टा करने वालों को सिखाएंगे ऐसा सबक, आने वाली पीढ़ी करेगी याद

**संभल।** भगवान कल्कि और भगवान हरिहर की भूमि संभल है। भगवान विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा। इसका उल्लेख पुराणों में मिलता है। कुछ लोगों को यह विवादित लगता है लेकिन उनकी परंपरा में ही विवाद नजर आता है। संभल की चर्चा जब होती है तो दुनिया का ध्यान संभल पर आकर्षित होता है। संभल जैसी सच्चाई को छिपाने की चेष्टा करने वालों को ऐसा सबक सिखाएंगे कि उनकी आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी कि किन लोगों से टकराए थे। हमारे पास सभी तरह के प्रमाण हैं। यह बात सीएम योगी ने बहजोई के नजदीक स्थित फत्तेहपुर शरीफनगर में मुख्यालय की जमीन पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने जनसभा से पहले 658.86 करोड़ की 220 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें डीएम कार्यालय और एकीकृत आवासीय भवन पर 155.1 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग लेने निकली युवती से दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग के लिए निकली युवती को दूसरे समुदाय के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार खुजौली निवासी 19 वर्षीय युवती बीते दिनों घर से ब्यूटी पार्लर जाने के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो भाई ने थाने में सूचना दी। शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि अनस सिद्दीकी, निवासी कटरा बक्कास, खुर्दही बाजार, युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवती को सकुशल बरामद कर लिया।

पीड़िता ने बयान में बताया कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के जेल रोड, इंदिरा नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### हथकरघा हमारी संस्कृति और आजीविका का प्रतीक : राकेश सचान

**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हथकरघा हमारी सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ लाखों परिवारों की आजीविका का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बुनकरों के हितों की रक्षा और हथकरघा उद्योग के संवर्धन हेतु निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री सचान आज मर्चेंट चेम्बर हॉल में आयोजित 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में बुनकर सम्मान समारोह, संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार वितरण और फैशन शो कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों अयोध्या, अलीगढ़, इटावा, कानपुर, गोरखपुर, झाँसी, प्रयागराज, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, मऊ, लखनऊ और वाराणसी के 39 उत्कृष्ट बुनकरों को सम्मानित किया गया। संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार हेतु 20,000, द्वितीय हेतु 15,000 और तृतीय पुरस्कार हेतु 10,000 की धनराशि, अंगवस्त्र, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# नेपाल से सटे 7 जिलों में जमकर गरजा का बुलडोजर

**प्रदेश सरकार पर बड़ी कार्रवाई**

■ 130 अवैध निर्माण को किया ध्वस्त, 223 को नोटिस

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 60 दिनों में नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ ताबड़तोड़ बुलडोजर की कार्रवाई की गयी। इस दौरान कुल 298 अवैध मस्जिद, ईदगाह, मदरसे और मजार को चिन्हित किया गया जबकि 223 अवैध निर्माण के खिलाफ नोटिस जारी की गयी।

वहीं, 198 अवैध निर्माण को सील करते हुए 130 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। सीएम योगी का बुलडोजर पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर और महराजगंज में अवैध निर्माण पर खूब गरजा। वहीं, सबसे अधिक श्रावस्ती में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गयी। श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि इंडो नेपाल बार्डर के 10 किमी के मध्य सरकारी भूमि और निजी भूमि पर बने अवैध मजिस्द, ईदगाह, मदरसे और मजार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में योगी सरकार के निर्देश पर श्रावस्ती में अब तक 149 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से सभी 149 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 140 अवैध निर्माण को सील किया गया।

वहीं, 37 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। डीएम ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ अभी भी कार्रवाई जारी है। लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि जिले में कुल 13 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया। इनमें से 1 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 10 अवैध निर्माण को सील किया गया। वहीं, 3 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

इसी तरह महराजगंज में 45 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से सभी 45 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 24 अवैध निर्माण को सील किया गया। वहीं, 31 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। सिद्धार्थनगर में 23 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से दो अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 21 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

वहीं, बहराइच में 25 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से 25 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 5 अवैध निर्माण को सील किया गया। साथ ही 15 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। पीलीभीत में 2 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इन दोनों ही अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

वहीं, बलरामपुर में 41 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से 1 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 19 अवैध निर्माण को सील किया गया। साथ ही 21 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। सरकार के निर्देश पर पिछले 60 दिनों में नेपाल सीमावर्ती इलाकों में अवैध निर्माण के खिलाफ श्रावस्ती ने सबसे अधिक कार्रवाई की।

# बहनों के साथ एक सहयात्री को तीन दिन मुफ्त यात्रा की सुविधा

**रक्षाबंधन**

■ परिवहन निगम समेत सिटी बसों के लिए आदेश जारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन निगम समेत सभी सिटी बसों में रक्षाबंधन पर बहनों-माताओं के साथ एक सहयात्री को भी तीन दिन मुफ्त यात्रा की सुविधा रहेगी। यह आदेश परिवहन विभाग और नगर विकास विभाग की ओर से जारी कर दिए गए हैं। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर रक्षाबंधन पर्व पर यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित समस्त श्रेणी की बसों में माताओं, बहनों एवं बेटियों को एक सहयात्री के साथ मुफ्त यात्रा की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। यह सुविधा 8 अगस्त को सुबह छह बजे से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उधर, नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि नगरीय परिवहन निदेशालय द्वारा संचालित सिटी बसों में बहनों के साथ यात्रा करने वाले एक सहयात्री के लिए भी तीन दिन निःशुल्क यात्रा की सौगात दी गई है। नगरीय परिवहन निदेशालय ने सभी संबंधित बस ऑपरेटरों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अवधि के दौरान निर्बाध और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। यह सुविधा प्रदेश के विभिन्न शहरों में संचालित सिटी बसों पर लागू होगी, जिससे महिलाओं को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने बहनों को दिया राखी गिफ्ट

रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं और बहनों को दी जा रही निःशुल्क बस यात्रा सुविधा बीते आठ वर्षों में एक सामाजिक परंपरा बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू की गई इस योजना के तहत अब तक 1,23,30,194 महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं, जिनकी यात्रा लागत के रूप में राज्य सरकार ने टिकटों के रूप में कुल 101,42,59,785 रुपए का आर्थिक बोझ वहन किया है। 2017 में जहां सिर्फ 11 लाख महिलाएं इस सेवा का लाभ ले सकीं तो वहीं 2024 तक यह संख्या करीब 20 लाख तक पहुंच गई। हालांकि, इन वर्षों में महिलाओं ने सर्वाधिक लाभ 2023 में लिया, जब 29 लाख से अधिक माताएं और बहनें निशुल्क सफर के इस संकल्प के साथ जुड़ीं।

# 'दुनिया के सबसे बड़े विद्वान आले मोहम्मद थे'



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में शहर के तमाम इमामबाड़ों में मजलिसों व शब्बेदारियों का सिलसिला जारी रहा। हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग न्यू हैदराबाद में आयोजित दूसरी मजलिस को मौलाना शब्बर हुसैन ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े विद्वान आले मोहम्मद थे जिनके इल्म की रौशनी से पूरी कायनात आज भी जगमगा रही है। कल की मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद शाम 7.30 बजे खिताब करेंगे। इमामबाड़ा कब्बन रिजवी हसन पुरिया में मजलिस को मौलाना तकी रजा ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हसैन (अ.स.) मुहाफिजे दीन हैं, दीन की हिफाजत के लिए इमाम कर्बला गए थे। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमिया सहित अनेक अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा नया महल मंसूर नगर में अंजुमन कायम आले इबा की सालाना शब्बेदारी का आयोजन हुआ। मजलिस के बाद शब्बेदारी में अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, काजमिया आबिदया, हुसैनिया कदीम, शाइन शुजा, शहीदे फुरात, शामे गरीबा और मोहिब्बाने हुसैन ने अपने सलाम और नौहे पढ़े। इसी क्रम में इमामबाड़ा अब्बास रजा पुटाली वाली गली में अंजुमन फातेह फुरात की सालाना शब्बेदारी में मजलिस के बाद शहर की कई अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

# सी.एम.एस. छात्रों ने देशभक्ति व सामाजिक सौहार्द का जलाया अलख

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के छात्र-छात्राओं ने 'हर घर तिरंगा' एवं रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न संस्थानों का शैक्षिक भ्रमण कर देशभक्ति व सामाजिक सौहार्द का अभूतपूर्व अलख जगाया, साथ ही लोक सेवकों के प्रति जनमानस में सकारात्मक भावना के विकास का संदेश भी दिया। सी.एम.एस. छात्र समूह का यह शैक्षिक भ्रमण हर घर तिरंगा और रक्षाबंधन के उत्सव की भावना के तहत सीख, संवाद और उत्सव का एक अनूठा संगम साबित हुई। 'हर घर तिरंगा' शैक्षिक भ्रमण के अन्तर्गत सी.एम.एस. आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के छात्रों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), आरडीएसओ हास्पिटल, मानक नगर पुलिस स्टेशन एवं अवध अस्पताल का भ्रमण करने के साथ ही विभिन्न चौराहों पर उपस्थित ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर गर्वित भावना से देशभक्ति के गीत गाते हुए हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया, साथ ही विभिन्न वरिष्ठ लोक सेवकों को राखी बाँधकर उनका स्नेह प्राप्त किया एवं लोक सेवकों के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता, सौहार्द और भाईचारे के महत्व पर चर्चा की। इस शैक्षिक भ्रमण के अन्तर्गत सी.एम.एस. छात्रों ने आरडीएसओ परिसर स्थित रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) स्टेशन का भ्रमण कर रेलवे संपत्ति व यात्रियों की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही कंट्रोल रूम का अवलोकन कर सुरक्षा बलों में अनुशासन व सतर्कता के महत्व को समझा।

मानक नगर पुलिस स्टेशन का भ्रमण भी सी.एम.एस. छात्रों के लिए अत्यन्त प्रेरणादायी रहा, जिसमें छात्रों ने कानून व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा और सामुदायिक सेवा के बारे में जानकारी दी।

### विदेश नीति पूरी तरह से फेल, देश की अर्थव्यवस्था संकट में: अखिलेश

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आयात शुल्क में 50 फीसदी बढ़ोत्तरी की तरफ इशारा करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि केन्द्र सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से फेल है। जिस तरह से लगातार पाबंदिया लग रही हैं उससे अर्थव्यवस्था संकट में हैं। अखिलेश यादव ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि अमेरिका से तो भारत का पुराना रिश्ता रहा है। आखिर ऐसी स्थिति क्यों आ गयी। इतने दिनों की सरकार में बहुत सारे फैसले हुए होंगे। सरकार को विदेश नीति देश के लिए बनानी चाहिए थी। कुछ लोगों की हित नहीं साधने चाहिए थे। कहीं ऐसी बात तो नहीं है कि सरकार ने कुछ कारोबारियों को लाभ पहुंचाने के फैसले लिए हों। सपा मुखिया ने कहा कि भारत चौतरफा घिर गया है। सरकार को देश, किसानों और कारोबारियों के हितों के बारे में सोचना चाहिये। केन्द्र की भाजपा सरकार को किसानों, खेती-बाड़ी, दूध और दूध से बने पदार्थों, नौजवानों के बारे में दस साल पहले सोचना चाहिये था।

# योगी सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे मंडी के अफसर

■ मंडी के सरकारी चेक पोस्ट पर आलू की अवैध दुकान,

■ अवैध कब्ज़े से हर दिन लगता है भीषण जाम

■ मंडी सचिव ने कहा- जाँच के बाद होगी कड़ी कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो



**कमोरी लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश भर में सरकारी संपत्तियों से अवैध कब्ज़े हटाने का अभियान चला रही है, लेकिन राजधानी लखनऊ की दुबग्गा सब्ज़ी मंडी में इस अभियान को पलीता लगाया जा रहा है। यहां दबंगों ने सरकारी चेक पोस्ट के दफ्तर पर कब्ज़ा कर लिया है और उसे आलू की अवैध दुकान बना दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह सब मंडी के अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है।मंडी के गेट नंबर दो, तीन और चार पर यह अवैध कब्ज़ा इतना बढ़ गया है कि व्यापारियों और ग्राहकों को हर सुबह भारी जाम का सामना करना पड़ता है। इससे व्यापार प्रभावित हो रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है। इस मामले में मंडी प्रशासन पर मिलीभगत और अवैध वसूली के आरोप भी लग रहे हैं। इस समस्या से परेशान होकर भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष हंसराज लोधी ने मंडी प्रशासन से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि गेट पर कब्ज़े की वजह से उनकी गोभी से भरी गाड़ी समय पर नहीं पहुँच पाई और गोभी ख़राब हो गई। इस पर मंडी सचिव सुभाष सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन वे जल्द ही जाँच कराकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के बाद अवैध कब्ज़ों को पूरी तरह से हटा दिया जाएगा।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में 2027 के चुनावों और एमएलसी चुनाव पर रणनीति

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की और इसका संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर विधानसभावार पी.डी.ए. चौपालों का आयोजन निरंतर 2027 तक किया जाता रहेगा। उन्होंने आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर पर स्नातक मतदाता बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, जिला समाजवादी पार्टी ने जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया, जिसकी तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक के समापन के बाद, दिवंगत पूर्व राज्यपाल सत्पाल मलिक, पूर्व मुख्यमंत्री शीबू सुरेन, और लखनऊ निवासी कुलदीप यादव, एडवोकेट राकेश यादव, सूरज यादव की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, राजेन्द्र यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, चौधरी ज्ञान सिंह, वीर बहादुर सिंह, एस.यू. खाान भईया जी, अमरपाल सिंह, अनिल कुमार यादव, वरिष्ठ नेता भरत यादव, हरिशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष/जिला निर्वाचन प्रभारी टी.बी. सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह यादव, रामप्रकाश यादव, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', इब्राहीम मंसूरी, अर्चना रावत, श्यान अख्तर अल्वी, ललिता राजपूत, वीरेंद्र यादव, मो. अदनान सिद्दीकी, लवकुश गुप्ता, डी.पी. यादव, संतोष धरकार, संजीत यादव, वीर सिंह यादव, अमर सिंह लोधी, अनुराग यादव, ज्ञान प्रकाश लोधी के साथ अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मत्स्य प्रजातियों का संरक्षण एवं सवर्धन किया जाये

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने यहाँ विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं है और प्रदेश के वन ट्रिलियन इकॉनोमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में मत्स्य विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दिशा में विभाग के अधिकारी मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने में नवाचार अपनाने के सिद्धांत के साथ कार्य करें। मत्स्य पालकों के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मत्स्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों एवं मत्स्य उद्यमियों को मत्स्य पालन तकनीक एवं नदियों व जलाषयों में मत्स्य आखेट प्रबन्ध की व्यापक जानकारी प्रदान की जाये, जिससे अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन के साथ मत्स्य प्रजातियों का संरक्षण एवं सवर्धन किया जा सके।

# राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में विकास कार्य जारी

■ 4 करोड़ 29 लाख से पश्चिम विधानसभा में हुए विकास कार्यों का हुआ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री, लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से लखनऊ पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ 29 लाख से हुए विभिन्न मार्गों और विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना , विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता, चेयरमैन फिक्की उ0प्र0 नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी,सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा व अंजनी श्रीवास्तव द्वारा राज गार्डन, राजाजीपुरम में संपन्न हुआ।राजाजीपुरम में बाबा की बगिया से डेसिमल पार्क होते हुए घंटेश्वर मंदिर से सेठी क्लिनिक की ओर, सोनापुरम रेलवे क्रॉसिंग से राजकुमार चिल्ड्रन एकेडमी तक हनुमान मंदिर के पीछे से अंजना साहू के अस्पताल तक, राम जानकी गेस्ट हाउस से प्रमोद सिंह के मकान की ओर राम विहार कॉलोनी में अनिल मौर्य के घर से संजीव सिंह के मकान होते हुए पुष्कर सिंह के मकान तक, शीतल पुरम में चंद्रभान सिंह के मकान से उत्सव मैरिज लॉन होते हुए अखंड प्रताप सिंह के मकान होते हुए कृष्णा पब्लिक स्कूल तक मरम्मत कार्य और डॉक्टर सुनील के मकान से कृष्णा पब्लिक स्कूल तक सड़क निर्माण व पुराने थाने से आवासीय स्कूल तक सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण हुआ। मंत्री सुरेश खन्ना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में अनगिनित विकास कार्य हुए हैं। लखनऊ को जाम से राहत दिलाने के लिए रिंग रोड सहित अनेको ओवरब्रिज की सौगात मिली है। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है और लगभग हर पार्क में ओपन जिम लग चुके हैं। नीरज सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री के प्रयासों से 38 करोड़ की लागत से पांचो विधानसभा में एक-एक सामुदायिक केंद्र का सीएसआर फंड से निर्माण कराया जा रहा है। सांसद निधि से पिछले वर्ष 2 करोड़ 17 लाख की लागत से कल 23 सड़कों का निर्माण कराया गया। मुख्यमंत्री तुरंत योजना से लगभग 4597 लाख लागत की 177 के निर्माण हेतु प्रस्तावित की गई थी जिसमें पश्चिम विधानसभा में भी अनेकों निर्माण कार्य हुए। पिछले दो वर्षों में पश्चिम विधानसभा में लगभग 1376 सड़कों का निर्माण हुआ और बड़ी संख्या में ओपन जिम लगाए गए। आलमनगर रेलवे स्टेशन का सैटेलाइट स्टेशन के रूप में अपग्रेड कर दिया गया है और उसका नामकरण बुद्धेश्वर धाम किया जाएगा। राजनाथ सिंह के प्रयासों से पश्चिम पूर्व मेट्रो रेल कॉरिडोर की परियोजना भी स्वीकृति के अंतिम चरण पर है और शीघ्र कार्य आरंभ होगा। पारा रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य चल रहा है और दुबग्गा हैदर कैनाल सहित कई और ओवरब्रिज प्रस्तावित है जिनके बनने से पश्चिम विधानसभा सहित बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन सुगम और सुविधाजनक होगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महामंत्री पुष्कर शुक्ला, उपाध्यक्ष जया शुक्ला, यूएन पांडे, सत्येंद्र सिंह, संकेत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष दीप प्रकाश सिंह, विमल चौधरी, सोमेंद्र पांडे, संदीप तिवारी सहित पार्षद, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।